बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 4, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : ईद का मतलब है खुशी



अन्दर : धीमी ओवर गति के लिए केएल राहुल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

## मोदी सरनेम मामले में सूरत सेशंस कोर्ट ने बरकरार रखी दो साल की सजा

# राहुल गांधी को लगा झटका

### आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता की दोषसिद्धि पर रोक लगाने की याचिका खारिज, बीजेपी प्रवक्ता पात्रा ने मारा तंज, बोले-अदालत का फैसला गांधी परिवार के अहंकार पर तमाचा, कांग्रेस खटखटायेगी हाईकोर्ट का दरवाजा अदालत के फैसले को महबूबा मुफ़्ती ने लोकतंत्र के लिए बताया काला दिन



**अहमदाबाद।** गुजरात में सूरत की एक सत्र अदालत ने ह्यमोदी उपनामह्न वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी ठहराये जाने के फैसले पर रोक लगाने की उनकी याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर. पी. मोगेरा की अदालत ने राहुल को आपराधिक मानहानि के इस मामले में दो साल के कारावास की सजा सुनाये जाने के एक निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर अर्जी आज खारिज कर दी। हालांकि, निचली अदालत के आदेश के खिलाफ गांधी की मुख्य याचिका पर सत्र अदालत सुनवाई जारी रखेगी। राहुल ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ तीन अप्रैल को सत्र अदालत का रुख किया था। उनके वकीलों ने दो आवेदन भी दाखिल किये जिनमें एक सजा पर रोक के लिए और दूसरा अपील के निस्तारण तक दोषी ठहराये जाने पर स्थगन के लिए था। राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल के वायनाड से सांसद बने थे। गत 23 मार्च को सूरत की एक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दोषी करार दिया था और दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी जिसके एक दिन बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया। अदालत ने राहुल को जमानत देते हुए शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी और राज्य सरकार को नोटिस जारी किये थे। उसने पिछले बृहस्पतिवार को दोनों पक्षों को सुना और फैसला 20 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया था।

वहीं फैसले के बाद भाजपा ने आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने की याचिका खारिज करने के सूरत की अदालत के फैसले को न्यायपालिका व लोगों की 'जीत' और गांधी परिवार के अहंकार पर तमाचा करार दिया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, अदालत का फैसला गांधी परिवार, खासकर राहुल गांधी के अहंकार पर तमाचा है। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अदालत का फैसला यह भी साबित करता है कि कानून सभी के लिए बराबर है और वह किसी भी प्रकार के दवाब के आगे झुकता नहीं है। पात्रा ने कहा, आज के फैसले से एक बात स्पष्ट है कि इस देश में संविधान का राज है, परिवार का राज नहीं है। और किसी भी परिवार के लिए अलग कानून नहीं हो सकता। जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ़्ती ने कहा कि जिस देश को सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है वहां के विपक्षी नेता के साथ इस तरह के बर्ताव के जरिए पूरे विपक्ष को संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी संविधान खत्म कर के देश को अपने एजेंडा पर चलाना चाहती है। मुफ़्ती ने मीडिया से बात करते हुए कहा, आज इस मुल्क की जम्हूरियत (लोकतंत्र) के लिए काला दिन है। जब हम इस मुल्क को कहते हैं कि सबसे बड़ी जम्हूरियत है हिंदुस्तान, वहाँ के विपक्षी नेता के साथ इस तरह का सलूक किया जाए. मुझे लगता है कि बीजेपी इल मुल्क को कहीं न कहीं संविधान को खत्म कर के अपने एजेंडे पर चलाना चाहती है।

## राहुल गांधी मामला, कोर्ट का निर्णय कानूनी रूप से गलत जल्द देंगे चुनौती : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मानहानि के मामले में दोषसिद्धि पर सत्र अदालत द्वारा रोक लगाए जाने से इनकार करने के निर्णय को कानूनी रूप से गलत करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह निकट भविष्य में गुजरात उच्च न्यायालय में चुनौती देने समेत सभी उपलब्ध कानूनी विकल्पों का उपयोग करेगी। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि राहुल गांधी झुकने वाले नहीं हैं और जनहित में अपनी आवाज उठाते रहेंगे। गुजरात में सूरत की एक सत्र अदालत ने मोदी उपनाम वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी ठहराये जाने के फैसले पर रोक लगाने की उनकी याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, कानून के तहत जो भी विकल्प हमारे लिए उपलब्ध होंगे, हम उन सभी विकल्पों का लाभ उठाना जारी रखेंगे। पार्टी प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दोषसिद्धि को निलंबित नहीं किया गया है। कानून के मूलभूत आधार के हिसाब से यह निर्णय गलत है। निचली अदालत के एक गलत निर्णय पर जोर दिया गया है, वो बात भी गलत है। उच्च न्यायालय का रुख करने समेत हमारे पास जितने भी विकल्प है उनका हम निकट भविष्य में उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा, गलत कानूनी आधार पर जो (निचली और सत्र अदालत के) दो निर्णय आए हैं और उनको चुनौती दी जाएगी। हमें विश्वास है कि कानूनी रूप से गलती को ठीक किया जाएगा। सिंघवी का कहना था कि राहुल गांधी के बयान को तोड़-मरोड़कर नया आयाम दिया गया जो पूरी तरह गलत है।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के टॉप अधिकारियों को जेल से किया रिहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के वित्त विभाग के टॉप अधिकारियों को राहत देते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के निदेर्शों पर स्टे लगा दिया है, जिसके तहत अधिकारियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें प्रस्ताव दिया गया था कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जजों की सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाए। प्रस्ताव में रिटायर्ड जजों को घर के कामकाज के लिए घरेलू सहायक देने की मांग की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चार अप्रैल को अधिकारियों को निर्देश जारी किए थे। हालांकि हाईकोर्ट के निदेर्शों का पालन नहीं किया गया। जिस पर हाईकोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के वित्त सचिव एस एम ए रिजवी और विशेष सचिव (वित्त) सरयू प्रसाद मिश्रा पर कोर्ट के निदेर्शों का पालन नहीं करने के लिए दोनों अधिकारियों को हिरासत में लेने का निर्देश दिया था।

## सेना की गाड़ी में लगी आग

### पुंछ में सेना की गाड़ी पर बिजली गिरने की आशंका, पांच जवान शहीद, आसमानी कुछ दिन पहले यही हुई थी मुठभेड़



**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सैन्य वाहन में आग लगने से पांच जवानों की जान चली गई। अचानक हुए इस हादसे के बाद मौके पर सैन्य और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों के साथ मिलकर वाहन में लगी आग बुझाकर राहत और बचाव अभियान चलाया। घने जंगल वाले भाटादूडियां इलाके में लगी सैन्य वाहन में आग की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्राथमिक तौर पर आसमानी बिजली गिरने से घटना होने की आशंका जताई जा रही है। उधर, जिस इलाके में यह हादसा हुआ है वहां पिछले साल आतंकियों और सैन्य कर्मियों के बीच कई दिन तक मुठभेड़ भी हुई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुंछ और राजोरी जिले की सीमा पर भाटादूडियां इलाके में वीरवार दोपहर को यह हादसा हुआ। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। उन्होंने बताया कि पुंछ-जम्मू नेशनल हाईवे पर सैन्य वाहन कुछ सामान लेकर जा रहा था। इसमें जवान सवार थे। अचानक आग लगने के बाद जवान बुरी तरह से झुलस गए। इसमें से पांच ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर पहुंचे सेना के अधिकारियों और जवानों ने से झुलसे साथियों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। सेना प्रवक्ता ने लोगों ने इस घटना की तस्वीरें और वीडियो को शेयर न करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हादसे की पुष्टि के बाद पुख्ता जानकारी साझा की जाएगी।

## अतीक का साथी कालिया गिरफ्तार

### अतीक की मौत की खबर सुन प्रयागराज लौटा कालिया, कोलकाता में अपने प्लंबर के घर में छुपा था, पुलिस ने दबोचा




**प्रयागराज।** अतीक अहमद के खास गुर्गे असाद कालिया ने रंगदारी के लिए धमकी का मुकदमा दर्ज होने के बाद कोलकाता जाकर उस शख्स के घर में शरण ली थी, जो यहां उसकी साइट पर प्लंबर का काम करता था। 50 हजार का इनामी असाद अतीक और अशरफ की मौत की खबर मिलने के बाद वहां से लौटा, तभी पुलिस ने दबोचा लिया। पूछताछ में उसने अतीक अहमद के जमीन के धंधे समेत अन्य तमाम जानकारी दी। उसे जेल भेज दिया गया है। चकिया मोहल्ले का असाद कालिया पिछले कुछ साल के दौरान माफिया अतीक अहमद का करीबी आदमी हो गया था। वह अतीक के विरोधियों को धमकाता और रंगदारी उगाहता। प्रयागराज में जमीन का पूरा काम वही देखने लगा था। वह जमीन बेचकर पैसे अतीक के घर पहुंचाता था। इस दौरान अतीक के बेटे असद और अली से उसका मिलना-जुलना होने लगा था। दिसंबर 2021 में जीशान ने करेली थाने में अली और असाद समेत कई लोगों के खिलाफ धमकाने और अतीक से फोन पर बात कराकर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का केस लिखाया, तो सभी फरार हो गए थे।

***असाद कालिया के खिलाफ 5 मुकदमे***

अली ने पिछले साल जुलाई में अदालत में सरेंडर किया था, जबकि असाद नहीं मिल रहा था और उसके खिलाफ एक के बाद एक पांच मुकदमे दर्ज हो गए। करेली थाने की पुलिस ने असाद कालिया को बुधवार दोपहर गिरफ्तार कर एक अवैध हथियार बरामद किया था।

***सवा साल मकान में छिपकर गुजारा***

असाद ने पुलिस को बताया कि करेली थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद जब पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए चौतरफा छापेमारी शुरू कर दी तो वह प्रयागराज से निकला और कोलकाता चला गया। यहां उसकी तमाम साइट पर पानी का पाइप बिछाने और टोंटी लगाने का काम करने वाले प्लंबर अहमद कोलकाता में रहता है। असाद ने करीब सवा साल तक उसके मकान में छिपकर गुजारा। कभी फोन करना होता तो बात करने के बाद सिम तोड़कर फेंक देता था।

***अतीक-अशरफ की मौत से हुआ बदहवास***

अतीक और अशरफ के मारे जाने की खबर पर वह बदहवास हो गया। वह कोलकाता से अपने मोहल्ले की तरफ आया, तभी पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया। असाद ने बताया कि उसने अतीक के लिए 2018 से 2020 तक जमीन का काम देखने के साथ ही रंगदारी उगाही का काम किया था।

## असम-अरुणाचल के बीच सुलझा सीमा विवाद

### शाह की मौजूदगी में दोनों राज्यों के सीएम ने किए एमओयू पर हस्ताक्षर शाह बोले-पीएम के आशीर्वाद से सुलझा विवाद, यह बड़ी उपलब्धि



**नई दिल्ली।** असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद आखिरकार सुलझ गया। असम और अरुणाचल प्रदेश की सरकारों ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में दोनों राज्यों के बीच अंतरराज्यीय सीमा विवाद के निपटारे के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू ने गुरुवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लंबे ने समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद के निपटारे के लिए असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच समझौते पर हस्ताक्षर करने पर कहा कि दोनों राज्यों के बीच अंतरराज्यीय सीमा विवाद के समाधान के लिए समझौते पर हस्ताक्षर होना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज हमने एक विकसित, शांतिपूर्ण और संघर्ष-मुक्त पूर्वोत्तर की स्थापना के लिए मील का पत्थर पार कर लिया है।

***किसने क्या कहा?***

अमित शाह ने असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा समझौते को ऐतिहासिक घटना बताया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही दशकों पुराने विवाद खत्म हो गए हैं। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, सीमा समझौता बड़ा और सफल क्षण। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने इसे 'ऐतिहासिक' बताया हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच 1972 से सीमा विवाद था। आज हमने सभी विवादों को बातचीत के जरिये सुलझा लिया है। गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से यह विवाद सुलझ गया है, यह एक मील का पत्थर साबित होगा।

असम कैबिनेट ने अरुणाचल प्रदेश के साथ दशकों से चल रहे सीमा विवाद के मुद्दे को हल करने के लिए राज्य सरकार की गठित 12 क्षेत्रीय समितियों द्वारा दी गई सिफारिशों को बुधवार (19 अप्रैल) को मंजूरी दी थी। कैबिनेट के फैसलों की घोषणा करते हुए असम के मंत्री अशोक सिंघल ने कहा था कि असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच लंबे समय से लंबित सीमा विवाद का मुद्दा सुलझने जा रहा है। *एजेंसी*

## यूपी में कोरोना का कहर

### लखीमपुर खीरी में 20 लोगों में संक्रमण की पुष्टि, युवक समेत तीन मरीजों की मौत



**खीरी।** लखीमपुर खीरी में कोरोना संक्रमण का प्रकोप अब जानलेवा होता जा रहा है। गुरुवार को जिला अस्पताल में भर्ती तीन संक्रमितों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जिन तीन मरीजों की मौत हुई है, वह अन्य गंभीर बीमारियों से भी पीड़ित थे। वहीं, जिले में कोरोना के 20 नए मरीज भी मिले हैं। इनमें एक साल से लेकर 15 साल तक के चार बच्चे शामिल हैं। नए मरीज मिलने से जिले में सक्रिय मामलों की संख्या 51 हो गई है। पिछले एक माह में हर दिन कोरोना पॉजिटिव मिल रहे हैं। इससे कुल संक्रमितों की संख्या 128 पहुंच गई है। हालांकि इनमें से 76 लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि चार लोगों की मौत हो चुकी है। जिले में सक्रिय संक्रमितों की संख्या अभी 51 है। स्वास्थ्य विभाग के लोगों का कहना है कि जो लोग संक्रमित मिले हें उनको ट्रेस कर घर पर भेजकर दवाएं भेज दी गई हैं। उनके संपर्क में आने वालों का पता लगाया जा रहा है।

***लापरवाही न पड़ जाए भारी***

जिले में कोरोना का खतरा बढ़ने के बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं। न मुंह पर मास्क है और न ही उचित दूरी का पालन कर रहे हैं। बाजार में भी लोग आम दिनों की तरह भीड़ में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में कोरोना के प्रति लोगों की अनदेखी गंभीर समस्या बन सकती है। डॉक्टरों का कहना है कि कोरोना से बचाव करें, क्योंकि अन्य बीमारियों के साथ कोरोना संक्रमण जानलेवा बन सकता है। *एजेंसी*

## मुख़्तार अंसारी की 55 लाख की कानूनी फीस देने से पंजाब के सीएम भगवंत मान ने किया इनकार



**चंडीगढ़।** पंजाब की भगवंत मान सरकार ने उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेता मुख़्तार अंसारी का कानूनी खर्च देने से इनकार कर दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में चल रहे एक केस में मुख़्तार अंसारी की पैरवी के लिए नियुक्त किए गए वकील को 55 लाख रुपए फीस नहीं देगी। मुख़्तार अंसारी पहले पंजाब के रोपड़ जेल में था। इस पर सीएम भगवंत मान ने कहा, यूपीके अपराधी को रोपड़ जेल में वीआईपी सुविधाएँ देकर रखा गया था। 48 बार वारंट जारी होने के बावजूद पेशी नहीं हुई। उनके लिए महंगे वकील किए गए, जिसका खर्च 55 लाख रुपए आया। मैंने ये फाइल वापस कर दी है। जिन मंत्रियों के आदेश पर ये फैसला हुआ, इसका खर्चा उनसे वसूलने के बारे में विचार कर रहा हूँ। उस समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जो वकील नियुक्त किया था, उन्हें एक तारीख पर 11 लाख फीस देना तय हुआ था। वकील पाँच बार कोर्ट में पेश होना पड़ा था। बीते दिनों वकील ने राज्य सरकार के पास 55 लाख रुपए का बकाया बिल भेजा।

# नरोदा गाम हिंसा के सभी आरोपी बरी

### 28 फरवरी 2002 को अहमदाबाद शहर के नरोदा गाम इलाके में सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए थे 11 लोग, अहमदाबाद की विशेष कोर्ट ने माया कोडनानी-बाबू बजरंगी समेत सभी आरोपियों को बताया निर्दोष



**अहमदाबाद।** गुजरात के नरोदा गाम दंगे मामले में अहमदाबाद की एक विशेष कोर्ट ने आज फैसला सुना दिया। विशेष जस्टिस एसके बक्शी की अदालत 68 आरोपियों के खिलाफ फैसला सुनाया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। दरअसल, 28 फरवरी 2002 को अहमदाबाद शहर के नरोदा गाम इलाके में सांप्रदायिक हिंसा में 11 लोग मारे गए थे। इस मामले में 86 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज है। हालांकि, 86 में से अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। गुजरात की पूर्व मंत्री और भाजपा नेता माया कोडनानी और बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी भी 86 आरोपियों में शामिल थे। विशेष अभियोजक ने दी थी जानकारी इससे पहले बीते दिन विशेष अभियोजक सुरेश शाह ने कहा था कि अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष ने 2010 में शुरू हुए मुकदमे के दौरान क्रमशः 187 और 57 गवाहों का परीक्षण किया और लगभग 13 साल तक चले इस मामले में छह न्यायाधीश सुनवाई कर चुके हैं। सितंबर 2017 में भाजपा के वरिष्ठ नेता (अब केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह भाजपा नेता माया कोडनानी के बचाव पक्ष के गवाह के रूप में अदालत के समक्ष पेश हुए थे। कोडनानी ने अदालत से अनुरोध किया था कि उन्हें यह साबित करने के लिए बुलाया जाए कि घटना के दिन वह गुजरात विधानसभा में और बाद में सोला सिविल अस्पताल में मौजूद थीं, न कि नरोदा गाम में, जहां नरसंहार हुआ था।

***अभियोजन पक्ष ने पेश किए थे यह सबूत***

अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए सबूतों में पत्रकार आशीष खेतान द्वारा किए गए एक स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो और उस दौरान कोडनानी, बजरंगी और अन्य के कॉल विवरण शामिल थे। जब यह मुकदमा शुरू हुआ, एसएच वोरा पीठासीन न्यायाधीश थे। बाद में उन्हें गुजरात हाईकोर्ट में पदोन्नत किया गया था। उनके उत्तराधिकारी ज्योत्सना याग्निक, केके भट्ट और पीबी देसाई ट्रायल के दौरान सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

***गोधरा ट्रेन कांड के एक दिन बाद हुई थी हिंसा***

गौरतलब है कि 27 फरवरी 2002 को कारसेवकों से भरी एक ट्रेन अयोध्या से लौट रही थी, जिसपर हमला कर दिया गया था। गोधरा ट्रेन कांड में 58 कारसेवकों की मौत हो गई थी। इसके एक दिन बाद अहमदाबाद शहर के नरोदा गाम इलाके में हिंसा हो गई थी।

## लखनऊ में दिनदहाड़े लूट : असलहा ताना... पर नहीं डरी बेखौफ महिला, भिड़ गई गुंडों से



**लखनऊ।** लखनऊ के कृष्णानगर इलाके में बुधवार को बाइक सवार असलहाधारी बदमाशों ने एक कारोबारी की पत्नी से चेन छीन ली। कारोबारी की पत्नी ने भी हिम्मत दिखाई और बदमाश से भिड़ गई। दोनों के बीच हाथापाई भी हुई पर खुद को फंसा देख बदमाश चेन लेकर किसी तरह भाग निकले। पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। कृष्णानगर के मानसनगर इलाके में कारोबारी मनोज पंजाबी रहते हैं। उनके अनुसार, सुबह उनकी पत्नी प्रीति घर से कुछ दूरी पर स्कूटी से डेरी गई थीं। दही लेकर घर पहुंची और गेट खोलने लगीं। इस बीच बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे। हेलमेट पहने एक बदमाश ने प्रीति के गले से सोने की चेन छीन ली। प्रीति ने विरोध किया और बदमाश का हाथ पकड़ लिया। छीनाझपटी में चेन जमीन पर गिर गई। यह देख बदमाश ने असलहा निकालकर प्रीति पर तान दिया और जमीन से चेन उठा ली। प्रीति हिम्मत दिखाते हुए असलहाधारी बदमाश से भिड़ गईं। कुछ सेकंड दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। किसी तरह असलहाधारी बदमाश खुद को बचाकर बाइक सवार साथी के साथ भागने में सफल रहा। प्रीति ने पीछा किया, पर बदमाश हाथ नहीं लगे। दिनदहाड़े चेन लूट की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। छानबीन के बाद पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़िता ने पुलिस को बदमाशों की बाइक का नंबर (यूपी 78 एफके 2416) बताया है। पूरी घटना पीड़ित के घर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। वहीं सपा ने वीडियो को शेयर कर योगी सरकार पर सुरक्षा को लेकर तंज कसा है। *एजेंसी*

## संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर खाते से उड़ाया दो लाख

**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के मोरहू गांव में किराए पे रहने वाली एक महिला और उसके पति का आयुष्मान कार्ड बनाने का झांसा देकर पड़ोस में रह रहे जनसेवा केंद्र चलाने वाले एक युवक ने महिला और उसके पति का अंगूठा लगवाकर दोनों के खाते से दो लाख रुपया निकाल कर फरार हो गया। कुछ महीने बाद खाते से पैसा निकलने की जानकारी होने पर गुरुवार को भुक्तभोगी महिला ने आरोपी जनसेवा केंद्र संचालक के खिलाफ फाफामऊ थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी की मुताबिक प्रतापगढ़ की सुनीता देवी मोरहू गांव में किराए का कमरा लेकर परिवार सहित रहती है। आरोप है कि उसके पड़ोस का संदीप विश्वकर्मा जनसेवा केंद्र चलाता था। कुछ माह पहले महिला और उसके पति का आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर उसकी सब आईडी लेकर कई बार में दोनों का अंगूठा लगवा कर दोनों के खाते से दो लाख रुपया निकाल लिया। कुछ दिन बाद जनसेवा केंद्र बंदकर पैसा लेकर फरार हो गया। अनपढ़ होने के चलते सुनीता और उसके पति को खाते से पैसा निकालने की जानकारी नहीं हुई। कुछ माह बाद पैसे की जरूरत पड़ने पर बैंक गई तो खाते से पैसा निकलने की जानकारी हुई।

# झगड़े के बाद दंपति ने फांसी लगाकर मासूम को कर दिया अनाथ

## शंकरगढ़ कस्बे के चमरौटी टोला में गुरुवार सुबह पंखे के सहारे लटका मिला दोनों का शव

**बारा/शंकरगढ़।** घरेलू झगड़े के बाद गुरुवार सुबह एक दंपति ने फांसी लगाकर जान दे दी। घर के अन्य सदस्यों के बाहर से लौटने पर घटना की जानकारी हुई। सूचना पर आई पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दोनों के शवों को बाहर निकाला और मौका मुआयना के बाद चीरघर भेजा। दंपति की मौत से ढाई माह के एक मासूम अनाथ हो गया है। इस घटना की जानकारी जिसे भी हुई, वह सन्न रह गया। लोग यही कहते सुने गए कि माता-पिता के झगड़े में मासूम अनाथ हो गया, जिसे जीवन और मौत का मतलब भी नहीं मालूम है। फिलहाल पुलिस ने दोनों के शवों को चीरघर भेज दिया है।

यह दर्दनाक हादसा शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या दो, चमरौटी टोला (धरिकारन बस्ती) का है। जानकारी के मुताबिक चमरौटी टोला निवासी कीमती धरिकार (25) रिक्शा चलाकर परिवार की आजीविका चलाता था।



मौके पर जुटी भीड़ व परिजनों से पूंछताछ करती पुलिस

परिवार में उसकी पत्नी खुशबू (20) के अलावा ढाई साल का एक बेटा और उम्र के तीसरे पड़ाव पर पहुंच चुके माता-पिता हैं।

बताया जाता है कि गुरुवार को कीमती धरिकार के माता-पिता बाहर गए थे। प्राथमिक छानबीन के बाद आशंका जाहिर की जा रही है कि माता-पिता की गैरमौजूदगी में कीमती धरिकार घर पहुंचा और किसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नी खुशबू से विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों ने अपने ढाई साल के बेटे को घर के बाहर खेलने भेज दिया और दोनों ने साड़ी के फंदे से फांसी लगा ली।

तकरीबन बारह बजे जब कीमती धरिकार के माता-पिता घर पहुंचे और बाहर से आवाज लगाई तो कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। दरवाजा अंदर से बंद मिला। आशंका होने पर दोनों ने आसपास के लोगों को बताया और पुलिस से मदद मांगी गई।

मौके पर आई पुलिस ने भी पहले बाहर से ही आवाज लगाकर मामला समझने की कोशिश की, बाद में दरवाजा तोड़ा गया। जब पुलिस अंदर पहुंची तो पंखे के चुल्ले से, एक ही साड़ी के सहारे कीमती धरिकार और उसकी पत्नी खुशबू का शव लटक रहा था। यह नजारा देख कीमती के परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने मौका मुआयना के उपरांत शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू की। इस मामले की जानकारी देते हुए एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दंपति का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। शव को चीरघर भेजा जा रहा है। फिलहाल कीमती और खुशबू, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन उनके न रहने का खामियाजा उस ढाई साल के मासूम को भोगना पड़ेगा, जो अभी यह भी नहीं समझ पा रहा है कि आखिर उसके घर में क्या हो रहा है। इस मामले की सूचना खुशबू के मायके पक्ष को दे दी गई है। खुशबू का मायका समीपवर्ती जनपद रींवा (मध्यप्रदेश) के रायगढ़ में है।उक्त मामले की सूचना पर यहां पहुंचे मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि पति के द्वारा पत्नी खुशबू को शादी के बाद से अनवरत प्रताड़ित किया जा रहा था। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। दूसरी तरफ मृतक कीमती के पिता ने भी पुलिस से अपनी पीड़ा व्यक्त की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पंखे का प्लक निकालते ही बुजुर्ग की गई जान

**बारा।** ट्रांसफार्मर में आई खराबी की वजह से एक बुजुर्ग की जान चली गई। इसके अलावा हजारों रुपये के विद्युत उपकरण भी फुंक गए। शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम गोरखा में पंखे का प्लग निकालने के दौरान यह हादसा हुआ। झुलसे बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी।

जानकारी के मुताबिक गोरखा के रहने वाले सियाराम तिवारी (70) पुत्र बद्री प्रसाद तिवारी खेती-किसानी करते थे, इसके साथ ही वह शिवराजपुर में स्थित गुरुदयाल कंपनी में काम भी करते थे। बीती रात वह कंपनी में ड्यूटी करने गए थे। गुरुवार की सुबह ड्यूटी से लौटने के बाद आराम करने लगे। बताया जाता है कि आराम करने के बाद वह उठे और पंखा बंद करने की नीयत से उसका प्लग निकालने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए। जोरदार झटका लगने से सियाराम तिवारी की चीख निकल गई और गिर पड़े। आवाज सुनकर परिजन दौड़े और घटना देख तत्काल सियाराम को नजदीक के निजी अस्पताल पहुंचा, जहां डाक्टर ने सियाराम को मृत घोषित कर दिया। गोरखा के लोगों का कहना है कि यहां कुछ घरों में विद्यत सप्लाई के लिए दस केवीए का छोटा ट्रांसफार्मर लगाया गया है। बीती रात से ही उक्त ट्रांसफार्मर ठीक से सप्लाई नहीं दे रहा है। कभी लाइट काफी कम तो कभी बहुत तेज हो जा रही थी। गुरुवार, सुबह जिस वक्त सियाराम तिवारी करंट की चपेट में आए, उस समय भी करंट कम-ज्यादा हो रहा था। आशंका है कि सियाराम तिवारी हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आने से काल कवलित हो गए थे। लोगों का कहना है कि घरों में हाईवोल्टेज करंट दौड़ने से कई घरों के विद्युत उपकरण भी खराब हो गए हैं।

## जमीनी विवाद में सुलह के लिए घर बुलाकर बंधक बना की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**जमीनी विवाद में एक पक्ष ने मुकदमा दर्ज कराया था, विपक्षी को सुलह के नाम पर घर में बंधक बना कर मारपीट कर किया घायल**

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा में जमीनी विवाद में एक पक्ष ने पूर्व में मुकदमा दर्ज करा कर सुलह के लिए घर में बुला कर बंधक बना कर जम कर पीटे और पांच लाख की डिमांड किए। तथा जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने आधा दर्जन नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला मौलाना निवासी जीशानुल रहमान ने जमीन विवाद को लेकर आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि जीशानुल रहमान आदि ने पड़ोस के साजिद मोईज आदि को सुलह समझौता के लिए अपने घर में बुलाया। आरोप है कि बंधक बनाकर कर जम कर मारे पीटे और पांच लाख रुपये की डिमाण्ड की । आरोप है कि यदि पांच लाख न मिलने पर मार डालने की धमकी भी दी। साजिद मोईज पुत्र स्वर्गीय मोईनुद्दीन उर्फ माठू ने मोहल्ला मौलाना के अब्दुल रहमान ,उनके पुत्र इकबाल, अराफात, जीशानुल रहमान, तथा मोहल्ला आजमपुर के माजिद पुत्र मुजाहिर अकबर , मोहल्ला पूरे मियां जी के मोहम्मद सामिक पुत्र मोहम्मद सलीम और पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नाम वापसी : सपा-भाजपा के सामने डटकर खड़े हैं तीन निर्दलीय दावेदार

**12 वार्डों वाली नगर पंचायत में सभासद पद के सिर्फ एक प्रत्याशी ने वापस लिया नामांकन**




**बारा।** नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार (20 अप्रैल) को नाम वापसी का मौका था। उम्मीद थी कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए ताल ठोंक रहे निर्दल प्रत्याशियों में से कोई न कोई तो पर्चा वापस ले ही लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और नाम वापस लेने के लिए दी गई मियाद खत्म हो गई। इस दौरान बारा तहसील में सभासद पद का केवल एक प्रत्याशी ही पर्चा वापस लेने पहुंचा। ऐसे में नगर पंचायत शंकरगढ़ में प्रत्याशियों की वही स्थिति बनी हुई है, जो नामांकन पत्रों की जांच के बाद बनी थी।

नगर निकाय चुनाव के प्रथम फेज में होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। नगर पंचायत शंकरगढ़ के लिए बारा तहसील में नामांकन के काउंटर बनाए गए थे। अभ्यर्थन वापसी के लिए आज दिनभर बारा तहसील में माहौल बनता रहा, लेकिन दिया गया समय खत्म हो गया और सभासद पद का केवल एक ही प्रत्याशी नजर आया।

ऐसे में अब शंकरगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए ताल ठोंक रहे सभी आधा दर्जन प्रत्याशी चुनाव चिन्ह मिलने के बाद अपना-अपना प्रचार शुरू कर देंगे। शंकरगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से प्रत्याशी अंजू देवी, समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कंचन कुमारी और आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी शिखा समद्दार चुनाव मैदान में हैं।

अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित शंकरगढ़ की सीट के लिए कुसुम कली, पार्वती और लीला देवी भी निर्दल प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा सभासद पद की 12 सीटों के लिए कुल 63 लोगों ने नामांकन किया था, जिसमें नामांकन पत्रों की जांच के दौरान वार्ड दो से खुर्शीद, वार्ड 12 से सुनील केसरवानी समेत तीन लोगों का पर्चा खारिज हुआ था। जबकि नाम वापसी के लिए वार्ड संख्या चार से कामता यादव पुत्र राजकरण यादव ही तहसील पहुंचे और उन्होंने अपना पर्चा वापस लिया।

इस तरह सभासद के दर्जनभर पदों के लिए कुल 59 प्रत्याशी शेष बचे हैं। बताते चलें कि इसमें वार्ड संख्या एक से चार, वार्ड दो से सात, तीन से तीन प्रत्याशी, वार्ड चार से पांच, पांच से चार, वार्ड छह से दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

इसी तरह वार्ड संख्या सात से कुल नौ प्रत्याशी, वार्ड संख्या आठ से छह, वार्ड संख्या नौ से पांच, दस से छह, वार्ड संख्या 11 से तीन और वार्ड संख्या 12 से छह दावेदार चुनाव मैदान में हैं। कल, 21 अप्रैल को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिया जाएगा। इसके बाद मतदान चार मई और मतगणना 13 मई को पूरे प्रदेश में एक साथ होगी।

### नहर विभाग द्वारा लगाए गए पत्थर नसब को तोड़ने पर पांच के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** नहर विभाग द्वारा लगाए गए पत्थर नसब को तोडने पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरावीरभानपुर में नहर के किनारे सरहर अलग करने के पत्थर नसब किया गया था। जिसे गांव के कतिपय लोगों ने तोड दिया। अनिल कुमार पटेल ने मऊआइमा थाने में राधेश्याम, शकुंतला, एंव शकुंतला के पति नाम अज्ञात, कृष्ण कुमार, ननचू पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।


**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन**

रेल प्रशासन द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भोपाल मंडल के भोपाल–बीना सेक्शन में किये जा रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण निम्न गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन करने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नवत है–

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | आवृत्ति | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20416 | इन्दौर–वाराणसी | साप्ताहिक | मक्सी, संत हिरदाराम नगर, निशातपुरा, बीना एवं वापसी इसी मार्ग से | मक्सी, रूठियाई, गुना, बीना एवं वापसी इसी मार्ग से | 01.05.23 |
| 2. | 20415 | वाराणसी–इन्दौर | साप्ताहिक | | | 30.04.23 |
| 3. | 20414 | इन्दौर–वाराणसी | सप्ताह में दो दिन | | | 03.05.23 |
| 4. | 20413 | वाराणसी–इन्दौर | साप्ताहिक | | | 02.05.23 |
| 5. | 14115 | डॉ. अम्बेडकर नगर–प्रयागराज | प्रतिदिन | | | 30.04.23 से 03.05.23 |
| 6. | 14116 | प्रयागराज–डॉ. अम्बेडकर नगर | प्रतिदिन | | | 29.04.23 से 02.05.23 |
| 7. | 19313 | इन्दौर–पटना | सप्ताह में दो दिन | | | 01.05.23, 03.05.23 |
| 8. | 19322 | पटना–इन्दौर | साप्ताहिक | | | 01.05.23 |
| 9. | 19306 | कामाख्या–डॉ. अम्बेडकर नगर | साप्ताहिक | | | 30.04.23 |


**आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12198 | ग्वालियर | भोपाल | दिनांक 22.04.23 से 02.05.23 | बीना स्टेशन तक जाएगी और वहीं से चलेगी एवं बीना–भोपाल–बीना के मध्य निरस्त रहेगी |
| 2 | 12197 | भोपाल | ग्वालियर | | |

नोट– ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे G20
www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


## सांगीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी आग, दो एंबुलेंस जली



आग में जलकर खाक एंबुलेंस

**होलागढ़।** होलागढ़ क्षेत्र के सांगीपुर सरकारी अस्पताल में आग लग गई जिसकी सूचना स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने फायर ब्रिगेड को दिया तब तक दो एंबुलेंस जल गई। होलागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांगीपुर में गुरुवार को अस्पताल के बाउंड्री वॉल के अंदर खराब खड़ी दो एंबुलेंस थी उसी के कुछ दूरी पर चापरासी द्वारा कूड़ा-करकट फेंका जाता था और किसी ने कूड़े को जला दिया और धीरे-धीरे आग फैलाने लगी देखते देखते आज कुछ दूरी पर खड़ी दो एंबुलेंस में भी आग लग गई जिससे दोनों गाड़ी जलाने लगी तब समुदायिक स्वास्थ्य अधीक्षक रितुराज ने फायर ब्रिगेड और थाना होलागढ़ को सूचना दी फायर की गाड़ी आने तक आग पर काबू पा लिया गया जब जा कर कमचारियों और क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।



### श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**फूलपुर।** अपनो के जाने का गम तो रहता ही है। परन्तु जन्म लेने वाले जीव की मृत्यु भी निश्चित होती है। क्योंकि जन्म -मृत्यु सतत चलने वाली प्रक्रिया है। यह बातें गुरुवार को ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रयागराज जिलाध्यक्ष अरूण यादव के दिवंगत पिता राजबहादुर यादव जी के श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे संगठन के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष राकेश पटेल ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। मंडल अध्यक्ष विजय चंद्र विश्वकर्मा ने पुष्प अर्पित कर मृतक की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। प्रतापपुर क्षेत्र के पिलखनी गांव निवासी मृतक राजबहादुर यादव रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे। श्रद्धाजलि सभा में जिला मीडिया प्रभारी हरिओम प्रकाश, अजय गुप्ता, राजीव यादव, विष्णु स्वर्णकार सहित दर्जनों की संख्या में ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

**फाफामऊ।** गुरुवार की सुबह बाईपास पानी टंकी के पास हुए सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान फाफामऊ के एक निजी अस्पताल में दोपहर में मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक के परिजनों ने टक्कर मरने वाली कार के खिलाफ फाफामऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक पट्टी प्रतापगढ़ निवासी भोलाराम 55 वर्ष गंगानगर फाफामऊ एक दिन पहले रिश्तेदार के घर आया था। गुरुवार को सुबह आठ बजे बाईपास पानी टंकी के पास सड़क पार कर रहा था तभी शांतिपुरम की तरफ से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से भोलाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में भोलाराम को फाफामऊ के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया दोपहर में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टक्कर मारने वाली कार को कब्जे में ले लिया है।

# जहरीले धुएं के कारण सांस लेना दूभर!

## नगर निगम चुनाव का बहिष्कार कर सकते हैं मतदाता!

**समस्या**

**बच्चों के पार्क को बना दिया है कूड़े का मैदान!**



**नैनी।** लेबर कॉलोनी, नैनी, वार्ड संख्या 81, नगर निगम, प्रयागराज क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति बेहद लचर और जानलेवा हो गई है। लोगों के घरों के सामने ट्रकों में भर कर कूड़ा फेंक दिया जा रहा है। फिर कूड़े में आग लगा दी जाती है। कूड़े से उठने वाला धुआं लोगों के घरों में भर जाता है। कूड़े से उठने वाले धुएं के कारण इस मैदान के सामने रहने वाले कॉलोनी के लोगों का सांस लेना दुश्वार हो गया है। छोटे-छोटे बच्चे जहरीले धुएं के कारण तड़पने लगते हैं।

नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन को कई बार इस बारे में पत्र भेजा गया । लोगों ने आंदोलन भी किया। धरना प्रदर्शन हुआ। लेकिन जनता को परेशान करने के लिए पहले से और अधिक कूड़ा यहां फेंका जाने लगा है। भारत सरकार द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए नैनी में सामुदायिक केंद्र राजकीय श्रम हितकारी केंद्र की लेबर कॉलोनी नैनी में (1950 ) स्थापना की गई थी । इस केंद्र में बच्चों के लिए झूले, खेल का मैदान, पुस्तकालय, वाचनालय, प्रातः कालीन भ्रमण के लिए ट्रेक , व्यामशाला आदि की सभी सुविधाएं 50 वर्षों से उपलब्ध थी।

पिछले कई वर्षों से सामान्य जनता के लिए उपलब्ध इस अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान को बंद कर दिया गया है। इस केंद्र में सामान्य जनता के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है । इस केंद्र परिसर में जहां बच्चों के झूले लगे थे। खेल का मैदान था। वहां अब कूड़ा फेंका जा रहा है । इस समस्या को लेकर स्थानीय लोग बहुत परेशान हैं।

नगर निगम का चुनाव हो रहा है। लेकिन इस समस्या की ओर कोई प्रत्याशी ध्यान नहीं दे रहा है । शासन, प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, जिला प्रशासन की इस अनदेखी के कारण लोग बहुत निराश हैं। स्थानीय जनता का कहना है कि अगर चुनाव के समय समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो चुनाव के बाद समस्या जस की तस रह जाएगी । इसलिए इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाने के लिए स्थानीय मतदाताओं ने कड़ा निर्णय लिया है।

लोगों का कहना है कि अगर इस कूड़े के ढेर को नहीं हटाया गया तो वह नगर निगम चुनाव का बहिष्कार कर सकते हैं। श्रमिक कल्याण समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि राजकीय श्रम हितकारी को क्षेत्र के मजदूरों और उनके बच्चों के हितों के लिए स्थापित किया गया था। इस सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकना और गंदगी फैलाना एक जघन्य अपराध है । यहां पर कूड़ा फेंक फेंक कर स्थानीय निवासियों का जीना दुश्वार कर दिया गया है । कूड़ा फेंकने वाले लोगों का विरोध करने पर वे स्थानीय निवासियों को डराते और धमकाते हैं।

श्री मिश्र ने कहा है कि यदि 1 सप्ताह के भीतर इस कूड़े का निस्तारण नहीं कराया गया । इस सार्वजनिक मैदान में कूड़ा फेंकने पर रोक नहीं लगाई गई तो स्थानीय निवासियों की बैठक होगी । जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।


**ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 04125/04126 सूबेदारगंज-बांद्रा (ट.) ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट विशेष गाड़ी (साप्ताहिक)**

- सूबेदारगंज से : गाड़ी संख्या 04125 प्रति सोमवार, दिनांक 01.05.2023 से 26.06.2023
- बांद्रा (ट.) से : गाड़ी संख्या 04126 प्रति मंगलवार दिनांक 02.05.2023 से 27.06.2023
- गाड़ी संरचना : एसएलआर/डी-02, स्लीपर श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-07, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, सामान्य श्रेणी-04

| गाड़ी सं. 04125 सूबेदारगंज-बांद्रा (ट.) आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04126 बांद्रा (ट.)-सूबेदारगंज आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 05:20 | सूबेदारगंज | 17:00 | --- |
| 06:55 | 06:57 | फतेहपुर | 15:28 | 15:30 |
| 08:05 | 08:10 | कानपुर सेंट्रल | 14:10 | 14:15 |
| 09:45 | 09:47 | इटावा | 10:28 | 10:30 |
| 11:55 | 11:57 | टूंडला | 09:00 | 09:02 |
| 12:40 | 12:45 | आगरा फोर्ट | 06:55 | 07:00 |
| 13:28 | 13:30 | फतेहपुर सीकरी | 05:48 | 05:50 |
| 13:50 | 13:52 | रूपबास | 05:30 | 05:32 |
| 14:40 | 14:42 | बयाना | 05:00 | 05:02 |
| 15:35 | 15:40 | गंगापुर सिटी | 03:40 | 03:45 |
| 16:23 | 16:25 | सवाई माधोपुर | 02:40 | 02:45 |
| 17:40 | 17:50 | कोटा | 00:40 | 00:45 |
| 21:45 | 21:55 | रतलाम | 20:45 | 20:50 |
| 02:55 | 03:00 | वडोदरा | 16:15 | 16:20 |
| 05:00 | 05:03 | सूरत | 14:31 | 14:34 |
| 06:09 | 06:11 | वापी | 13:10 | 13:12 |
| 07:40 | 07:42 | बोरीवली | 11:33 | 11:36 |
| 08:30 | --- | बांद्रा (ट.) | --- | 11:00 |

नोट: उपरोक्त ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे G20
North central railways @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 04115/04116 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक (टर्मि.) ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

सूबेदारगंज से: गाड़ी सं. 04115 प्रत्येक बुधवार, दिनांक 03.05.2023 से 28.06.2023 तक

लोकमान्य तिलक (टर्मि.) से: गाड़ी सं. 04116 प्रत्येक शुक्रवार, दिनांक 05.05.2023 से 30.06.2023 तक

गाड़ी संरचना: स्लीपर श्रेणी - 11, प्रथम सह तृतीय श्रेणी - 01, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी - 01, सामान्य श्रेणी - 06 एवं एसएलआर/डी के 02 डिब्बे

| गाड़ी सं. 04115 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक (ट) आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04116 लोकमान्य तिलक (ट)-सूबेदारगंज आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ----- | 11:15 | सूबेदारगंज | 05:10 | ----- |
| 12:40 | 12:42 | फतेहपुर | 03:10 | 03:12 |
| 14:10 | 14:15 | कानपुर सेंट्रल | 02:10 | 02:15 |
| 15:50 | 15:52 | भरवारीमुमेरपुर | 00:05 | 00:07 |
| 16:10 | 16:12 | रागौल | 23:42 | 23:44 |
| 17:15 | 17:20 | बांदा | 23:05 | 23:10 |
| 18:53 | 18:55 | चित्रकूट धाम कर्वी | 21:35 | 21:37 |
| 21:45 | 21:50 | सतना | 19:10 | 19:15 |
| 22:15 | 22:17 | मैहर | 18:35 | 18:37 |
| 23:05 | 23:10 | कटनी | 17:45 | 17:50 |
| 00:30 | 00:40 | जबलपुर | 16:20 | 16:30 |
| 02:45 | 02:47 | पिपरिया | 14:15 | 14:17 |
| 04:00 | 04:10 | इटारसी | 13:05 | 13:15 |
| 06:30 | 06:32 | खंडवा | 09:37 | 09:40 |
| 08:20 | 08:25 | भुसावल | 07:05 | 07:10 |
| 11:47 | 11:50 | नासिक | 03:32 | 03:35 |
| 15:12 | 15:15 | कल्याण | 00:57 | 01:00 |
| 16:15 | ---- | लोकमान्य तिलक (ट) | ---- | 00:15 |

नोट:- ट्रेन की समय सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या रेल Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे G20
@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



रोजा इफ्तार पार्टी में उपस्थित रोजेदार

# प्रयागराज

## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 42.00 |
| न्यूनतम : | 29.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

### आंधी में छप्पर ढहने से 250 मुर्गियां मरीं

**उरुवा।** चक्रवाती आंधी में मुर्गी पालक का छप्पर ढह गया। जिसमें रही हजारों मुर्गियों में करीब 250 मुर्गियों की मौत हो गयी। जिससे मुर्गी पालक का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। मेजा थाना क्षेत्र के घूघा गांव निवासी अवनीश पटेल ने घर के पास छप्पर डालकर मुर्गी पालन का व्यवसाय करते हैं। गुरुवार की शाम आयी चक्रवाती आंधी में छप्पर गिरकर धरासायी हो गया। छप्पर गिरते ही वुसके नीचे रहीं हजारों मुर्गियों में करीब 250 मुर्गियां मर गयीं। जिन्हें सूचना मिलते ही पहुंचे गांव के लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। बड़ी तादात में मुर्गियों के मरने से किसान का लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

# दोहराया गया अतीक-अशरफ हत्याकाण्ड की सीन शूटरों ने बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां, ढेर हुए दोनों







अतीक अशरफ हत्याकाण्ड का सीन रीक्रिएशन का दृश्य

**प्रयागराज।** अतीक और अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। घटनास्थल पर सीन रीक्रिएशन किया जा रहा है। बाइक गिराकर क्राइम सीन तैयार किया जा रहा है। इससे पहले, रिटायर्ड न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता वाला न्यायिक आयोग अतीक और अशरफ की हत्या की जांच के लिए गुरुवार को प्रयागराज पहुंचा। सर्किट हाउस में कमिश्नरेट के आला अधिकारियों और एडीजी जोन व पुलिस कमिश्नर के साथ बैठक की।

आयोग के सदस्य कॉल्विन अस्पताल जाकर घटना स्थल का मुआयना भी कर सकते हैं। आयोग में न्यायमुर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी के अलावा रिटायर्ड आईपीएस सुबेश कुमार सिंह और रिटायर्ड न्यायमूर्ति बृजेश कुमार सोनी भी शामिल हैं।

अतीक अहमद और अशरफ के हत्या के मामले में लखनऊ से आई एसआईटी ने पीएचक्यू में पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच की गई और अधिकारियों से पूछताछ की गई। इसके बाद अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया। घटनास्थल कॉल्विन अस्पताल के कैंपस में लगे सीसीटीवी के खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। माना जा रहा है कि इस मामले में अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। एसआईटी में सवाल उठाया कि महीनों से सीसीटीवी बंद है तो किसी ने ध्यान क्यों नहीं दिया। अस्पताल की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए।

### अतीक-अशरफ हत्याकांड में कराया गया सीन रीक्रियेशन

माफिया अतीक और अशरफ की कॉल्विन अस्पताल परिसर में 15 अप्रैल को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गठित एसआईटी ने बृहस्पतिवार को घटना स्थल का निरीक्षण कर सीन का रीक्रेयेशन कराया। उस दिन अतीक और अशरफ की सुरक्षा में तैनात सभी सिपाही और दरोगा मौजूद थे। सभी से फिर से अपनी वही पोजीशन लेने के लिए कहा गया, जिस पोजीशन में वह घटना के वक्त थे। काफी देर तक छानबीन और पूछताछ के बाद टीम सर्किट हाउस के लिए रवाना हुई।

## 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**थरवई।** आगामी नगर निकाय को लेकर अवैध शराब के विरुद्ध परिवहन एवं रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुखबिर के माध्यम से पुलिस को अवैध कच्ची शराब को लेकर सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, उपनिरीक्षक सोहराब अहमद, रामेश्वर नाथ राय, अमित कुमार आदि पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों अभियुक्तों को थाना क्षेत्र थरवई के हार्टमनगंज मोड़ के पास से अभियुक्त विकास भारतीया उर्फ चुलबुल पुत्र स्व मुसई भारतीया उम्र 22 वर्ष दूसरा रवि भारतीया पुत्र रघ्घू उम्र 21 वर्ष को सीआरपीएफ रोड पर बने गणेश मंदिर के पास से निवासीगण बहमलपुर थाना थरवई को दस - दस लीटर कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करते हुए अभियुक्तों पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

## प्रयागराज मंडल के सिग्नल और दूरसंचार विभाग की प्रमुख उपलब्धियां

**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्क में से एक है। ट्रेनों को समय पर और सुरक्षित तरीके से चलाने के लिए भारतीय रेलवे समय-समय पर तकनीकी बदलाव करता रहता है और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करता रहता है। नई दिल्ली-प. दीन दीनदयाल उपाध्याय सेक्शन जो कि उत्तर मध्य रेलवे का एक अत्यंत घनत्व वाला खंड है, यह खंड पूर्वी भारत (कोलकाता की ओर) को पश्चिम भारत (नई दिल्ली की ओर) से जोड़ने वाले मुख्य गलियारे पर भी है` वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्रदीप कुमार पाल के दिशानिर्देश में प्रयागराज मंडल के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग निरंतर नए मील का पत्थर स्थापित कर रहा है इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल ने गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिनांक 30 दिसंबर.2022 को सतनरैनी-रसूलाबाद-फैजुल्लाहपुर सेक्शन (16.2 किमी) में स्वचालित सिग्नलिंग की स्थापना करने के साथ नई दिल्ली - दीन दयाल उपाध्याय खंड (756 किमी) अब पूरी तरह से स्वचालित सिग्नल वाला खंड हो गया है।

इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में जी.एम.सी., अघोरी खास, और चुर्क स्टेशन की इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की कमिशिनंग का कार्य पूर्ण कियो इसी के साथ ही पूरे प्रयागराज मंडल से मैकेनिकल इंटरलॉकिंग पूरी तरह समाप्त हो गया।

चुनार सक्तेशगढ़ सेक्शन में काम कर रहे यूएफएसबीआई आधारित ब्लॉक के प्रावधान के बाद प्रयागराज मण्डल पर टोकन इंस्ट्रूमेंट के साथ काम करने वाले ब्लॉक को समाप्त कर दिया गया है।

ब्लॉक सेक्शन की क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रयागराज मंडल में पहली बार मानिकपुर से कटइयाडांडी के बीच तीन इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम लगाए गए हैं। इस प्रणाली में एक ट्रेन के दूसरे स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही आईबीएस को पार करने के बाद उस खंड में दूसरी ट्रेन चलाई जा सकती है इससे रेल दुर्घटनाओं पर सब ट्रेन के काफी हद तक अंकुश लगेगा`

प्रयागराज मंडल के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्ष में यात्रियों की सुविधा के लिए 06 स्टेशनों पर ट्रेन टाइमिंग डिस्प्ले बोर्ड के इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण किया गया, इसी के साथ प्रयागराज मंडल में कुल 26 स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध है` इसी क्रम में मंडल के 02 स्टेशनों पर ऑटोमेटिक उद्घोषणा प्रणाली की इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण किया गया, इसी के साथ कुल 29 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए ये सुविधा उपलब्ध है।

### मूल भूत सुविधाओं से अब तक वंचित है मड़ौका वासी

**नैनी।** नगर निगम सीमा विस्तार क्षेत्र महेवा के शिव मंदिर से मडौका समपर्क मार्ग पर बसे यादव बस्ती के निवासी आज भी बगैर नाली, सीवरलाइन और कच्ची सडकों पर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। उक्त जानकारी देते हुए नैनी विकास परिषद के सह संयोजक संजीव गुप्ता ने बताया कि नगर निगम सीमा विस्तार के बाद भी सम्बन्धित विभागों ने आँखे बन्द कर रखी है। मजे की बात यह है कि मुख्य मंत्री हेल्प लाइन पर इन समस्याओं के समाधान के लिए शिकायत भी दर्ज कराई गई परन्तु किसी भी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होने कहाकि ऐसे मे मुख्यमंत्री की छवि और मंशा को ठेस पहुंचती है। पार्षदी और मेयर के चुनाव को देखते हुए ध्यान न देना, लोगों मे जनाक्रोश लाजिमी है। बस्ती के तमाम लोगों के आग्रह पर नैनी विकास परिषद के सदस्यों ने निरीक्षण किया और समस्या के निस्तारण के लिए समबन्धित विभागों के अधिकारियों तक आम जनमानस के साथ हो रहे अनदेखी को कुम्भ करणीय निद्रा में सोये हुए अधिकारियों को अवगत कराने का आश्नासन दिया। नैनी विकास परिषद प्रयागराज शासन से माँग करती है कि उक्त समस्याओ पर संवेदनशीलता पूर्वक विचार करते हुए तत्काल जन सुविधायें उपलब्ध हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## उमरे की टीम बनी अखिल भारतीय अंतर जोनल रेलवे महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता

### महाप्रबंधक ने टीम के प्रयासों को सराहा



उपविजेता टीम के खिलाड़ी

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अंतर जोनल रेलवे महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता रही उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने महाप्रबंधक सतीश कुमार से मिल कर, उनको अपने परफॉर्मेंस के बारे में अवगत कराया। ज्ञात हो कि, पी. एल. डब्ल्यू. पटियाला में आयोजित 33 वी अखिल भारतीय अंतर जोनल रेलवे महिला क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2022-23 में उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उत्तर मध्य रेलवे की स्थापना के बाद से जोन की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची है। फाइनल मुकाबले में उत्तर मध्य रेलवे की टीम कड़े मुकाबले में उत्तर रेलवे से हारी। टीम ने प्रतियोगिता के दौरान प्रतिष्ठित पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे और सेमी फाइनल में दक्षिण मध्य रेलवे को हराया था।

इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने टीम को बधाई दी और आगे भी इसी प्रकार से उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने खेल को सदैव पूरे जज्बे के साथ ही खेल भावना के साथ खेलने की बात भी कही। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष ए के अग्रवाल ने भी खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन की जानकारी ली और कहा कि, टीम को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा उन्होंने भविष्य के लिए अच्छे खेल के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सभी खिलाड़ियों को पदक पहनाया और वर्तमान वर्ष में सेवानिवृत हो रही टीम की मैनेजर अर्चना मिश्रा को उनकी सेवाओं के दृष्टिगत पुष्प गुच्छ एवं मेमेंटो प्रदान किया। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के उपाध्यक्ष अभिजीत सिंह, कोषाध्यक्ष विष्णु बजाज, महासचिव हिमांशु शेखर उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि, इस टीम ने मैनेजर झ अर्चना मिश्रा, कोच झ हेमलता काला, एवं सहायक कोच नीतू डेविड के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के लिए तैयारी की। इस टीम में अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी कप्तान एकता बिष्ट एवं पूनम यादव सहित, शिबा कोठारी, अनीता लोधी, दीपाली शर्मा, तनु काला, क्षमा सिंह, आरुषि गोयल, सुष्मिता नेगी, श्वेता माने, भावना गोपालानी, स्वाति, मृदुलता, रेणुका शामिल रही।

## भागीदारी पार्टी ने जारी की नगरीय निकाय चुनाव की दूसरी सूची

**प्रयागराज।** अप्रैल को प्रयागराज जनपद क्षेत्र में प्रेस वार्ता के दौरान भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉक्टर महेश चंद्रा प्रजापति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए यह बताया कि उत्तर प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में भागीदारी पार्टी द्वारा प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ० महेशचंद्रा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति व केंद्रीय चुनाव बोर्ड की सहमति से महापौर पद के 4 प्रत्याशी और सभासद के पद पर 92 प्रत्याशी तथा नगर पंचायत अध्यक्ष के पद 42 सीटों पर भागीदारी पार्टी द्वारा प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की गई है। उन्होंने कहा कि शेष सीटों के लिए पार्टी स्तर पर विचार विमर्श किया जा रहा है जिसके लिए जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

इस कार्यक्रम में डॉ० प्रजापति ने कहा कि बिजली बिल माफी, जनता को स्वच्छ पेयजल, नगरों में टूटी सड़कों एवं निरंतर लगने वाले ट्रैफिक जाम जिससे स्कूली बच्चों को जाम में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी क्रम में बारिश के दौरान जगह जगह भारी जलजमाव जैसे समस्याओं से शहरों की स्थिति बहुत खराब हो जाती है तथा साथ ही प्रदेश में बढ़ती हुई महंगाई एवं भ्रष्टाचार तथा शहरों में हो रहे बड़े पैमाने पर अपराध जैसे मुद्दों को लेकर हम जनता के बीच में जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहरों में आवारा पशुओं से हर व्यक्ति परेशान है जिसके चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। सभी समस्याओं को देखते हुए पार्टी द्वारा जनता के हित में काम करने के लिए हमारी पार्टी जनता के साथ है। इसी क्रम में प्रयागराज में सरेआम पुलिस प्रशासन की सख्त कस्टडी में अतीक अहमद और अशरफ की गोली मारकर हत्या किए जाने को लेकर श्री प्रजापति ने कहा अपराधियों की कोई जाति नहीं होती है अपराधी तो अपराधी होता है चाहे वह हिंदू, मुसलमान, सिख ,ईसाई किसी भी धर्म, जाति, सम्प्रदाय का हो वह अपराधी ही कहा जाएगा। सरकार पर तंज कसते हुए प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। अगर किसी के घर में एक अपराधी है तो उसकी सजा पूरे परिवार को उस अपराध की सजा नहीं मिलनी चाहिए लेकिन इस सरकार में तो अपराधी के साथ-साथ परिवार को भी बख्शा नहीं जा रहा है। वहीं बुलडोजर बाबा के बुलडोजर निरंतर माफियाओं के साथ साथ गरीबों पर भी जमकर चलाया जा रहा है जबकि सरकार को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए जिससे कि कोई भी गरीब परेशान न हो। तथा प्रदेश में बढ़ रही अराजकता, उत्पीड़न ,लूट, हत्या, बलात्कार जैसे जघन्य अपराध बढ़े हैं इस पर सरकार को अंकुश लगाना चाहिए।

## बबा महराज धाम चढ़ावे के पैसे के गबन का मामला

### समिति बदल कर धन गबन की जाँच करने गई टीम को तहसीलदार ने वापस बुलाया

#### मामले में नायब तहसीलदार और तहसीलदार दे रहे अलग अलग बयान

**मेजा।** क्षेत्र के परानीपुर स्थित बबा महराज धाम की व्यवस्था की देख रेख के लिए बनाई गई समिति को बार बार बदल कर धन गबन की जाँच करने के लिए गाँव के ही कृष्ण प्रताप सिंह ने वित्तीय अनियमितता की जाँच करने के लिए तहसीलदार मेजा के यहाँ 11 अप्रैल को शिकायत की थी ।

कृष्ण प्रताप सिंह के माँग पर तहसीलदार मेजा विशाल शर्मा ने नायब तहसीलदार मेजा के नेतृत्व में टीम गठित कर जाँच का आदेश दे दिया । गठित टीम बीते 14 अप्रैल को आधा दर्जन राजस्व निरीक्षक मय चौकी प्रभारी जेवनियाँ परानीपुर बबा महराज धाम पहुंचे । चूंकि मामला बार बार समिति बदलने और सदस्यों को फर्जी तरीके से निकालने का आरोप है इस लिए टीम ने पहले समिति से निकाले गए गाँव के ही अजय सिंह का बयान लिया । टीम ने आगे जाँच की में लगी थी कि तहसीलदार मेजा ने टीम को तत्काल वापस बुला लिया । टीम में नायब मेजा के साथ राजस्व निरीक्षक शुक्लपुर, दिघीया,सिरसा और हल्का लेखपाल,लेखपाल रामनगर,चौकी इंचार्ज जेवनियाँ प्रदीप अस्थाना रहे ।

गौरतलब हो कि नायब तहसीलदार मेजा ने 14 अप्रैल को शिकायती पत्र पर अपनी रिपोर्ट देते हैं कि यह प्रकरण जाँच योग्य नहीं इसको निरस्त किया जाता है वहीं दूसरी ओर तहसीलदार मेजा से इस संबंध में की जाँच टीम वापस क्यों बुला लिया गया वार्ता की तो उन्होंने पहले तो गोल मटोल जवाब दिया उसके बाद उन्होंने कहा कि चुनाँव का दबाव था इस लिए टीम को बुलाया गया बाद में टीम गठित कर जाँच कराई जाएगी । गौर करने वाली बात यह कि नायब तहसीलदार ने शिकायती पत्र पर लिख दिया कि यह मामला जाँच योग्य नहीं है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार अलग अलग जवाब क्यों दे रहे हैं यह तो वही लोग बता सकते हैं । फिल हाल इन लोगों के इस तरह के बयान की क्षेत्र में चर्चा है और शिकायतकर्ता भी हैरान है और इस मामले में तहसील प्रशासन के ऊपर आरोप लगाया है कि जाँच किसी दबाव में रोकी गई है।

## सिरसा व भारतगंज नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए 8-8 प्रत्यासी चुनाव मैदान में

### भारतगंज से एक निर्दल प्रत्यासी ने लिया नाम वापस, सिरसा में सभी 8 प्रत्यासी बरकरार

**मेजा।** नगर निकाय निर्वाचन के लिए चल रही प्रक्रिया में गुरुवार को नाम वापसी का दिन रहा। नगर पंचायत सिरसा में अध्यक्ष पद के लिए सपा से श्यामकृष्ण यादव उर्फ पप्पू और भाजपा से लखन केशरी सहित 8 लोगों ने नामांकन दाखिल किया गया था जिसमें सभी प्रत्यासी बरकरार है किसी प्रत्यासी ने नाम वापस नहीं लिया । वहीं नगर पंचायत भारतगंज में अध्यक्ष पद के कुल 9 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। यहाँ से निर्दलीय प्रत्याशी उर्मिला देवी ने अपना नाम वापस लिया है। इस तरह अब नगर पंचायत सिरसा व भारतगंज में अध्यक्ष पद के 8-8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। शुक्रवार को आज प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

गौरतलब हो कि नगर पंचायत सिरसा में भाजपा व सपा की सीधी टक्कर है वही नगर पंचायत भारतगंज में भाजपा प्रत्याशी के सामने सात निर्दलीय प्रत्याशी अपने भाग्य का फैसला आजमाएगे जहां अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए बड़े-बड़े नेता निगाह बनाए हुए हैं। नगर निकाय चुनाव का प्रथम चरण का मतदान 4 मई को होगा तथा 13 मई को मतों की गणना की जाएगी।

## अकोढ़ा में आज से सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ



**मेजा।** उरुवा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा अकोढा, औंता में बरिष्ट समाजसेवी नीरज सिंह के आवास पर आज से सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ होगा । कथा शुभारंभ से पहले गुरुवार को भव्य कलश यात्रा डीजे बैंड के साथ निकाली गई। कलश यात्रा ग्राम सभा अकोढा से निकलकर औता होते हुए कोठरी गंगा घाट पहुँची जहाँ पर कथा के मुख्य यजमान श्रीमती सुमन सिंह ने गंगा स्नान कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया उसके बाद कलश में जल भरकर यात्रा कथा स्थल पर पहुंची। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से शुभारंभ होगा जिसका समापन 27 अप्रैल को किया जाएगा । कथा में कथावाचक के रूप में भोले महाराज पुरोहित ज्ञानेश्वर प्रसाद होंगे। भव्य कलश यात्रा में मुख्य यजमान सुमन सिंह पत्नी स्मृति शेष श्रीकांत सिंह कलेक्टर, पूर्व प्रधान कृष्णकांत सिंह, नीरज सिंह, सोनू सिंह ,मोनू सिंह, राहुल सिंह, ग्राम सभा अकोढा ग्रामवासी और सभी भक्तों मौजूद रहे।

## रोजेदारों के साथ राष्ट्र-प्रेम व सामाजिक एकता का संकल्प जरूरी : डॉ. जगत नारायण

**प्रयागराज।** सराय इनायत के मदरसा फैजुल उलूम कादिरिया में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर रोजा इफ्तार किया गया।इस मौके पर डा.जगत नारायण सिंह ने कहा कि मुस्लिम समाज के लिए यह सब से पाक-महीना है और हम सभी को रोजेदारों के साथ राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संकल्प लेना होगा तभी सही मायने में रोजेदार होने तथा रोजा इफ्तार में शामिल होने का शबाब मिल पाएगा।रश्मिता दुबे ने कहा कि रोजा रखना बहुत ही कठिन तपस्या है।जिस शिद्दत के साथ इस तपस्या को कर रहे हैं निश्चित रूप से मालिक हम सबको सुख समृद्धि देगा।और देश में अमन चैन कायम होगा। कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद ने कहा कि रोजा इफ्तार हम सबको एक दूसरे से जोड़ने के साथ-साथ भाईचारे का संदेश देता है जिससे आपस में इकलाख-मोहब्बत कायम रहे।

हाफिज मोहम्मद आजाद द्वारा नमाज अदा करा-कर प्रदेश व देश में अमन चैन की दुआएं की गई। इस अवसर पर अधिवक्ता अरशद सिद्दीकी, नूर मोहम्मद, मोहम्मद नफीस, मुन्ना भाई, विनोद विश्वकर्मा, मोहम्मद अल्लन, मोहम्मद शमीम प्रधान, मोहम्मद सददाम, गुड्डू मास्टर, सम्मन भाई, मुस्ताक हिप्पी, तहजीब उल हसन, मोहम्मद नियाज, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद फारुख, सुरेंद्र यादव, समीर गौतम, बुलाकी भाई, अली हसन, समसुल कमर, अब्दुल रऊफ खान, वसीम अहमद, मजहर अली, मोहम्मद आरिफ, शेबू जमीदार, महेंद्र दुबे, सरफराज अहमद, मोहम्मद एखलाक, अख्तर अली, मोहम्मद तौसीफ अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## ईद-उल-फितर एवं परशुराम जयंती पर्व को लेकर धर्म गुरूओं के साथ बैठक सम्पन्न



बैठक में उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त रमित शर्मा एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को ईद-उल-फितर एवं परशुराम जयंती पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न धर्म गुरूओं के साथ संगम सभागार में बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि साफ-सफाई, पानी, विद्युत सहित सभी मूलभूत सुविधाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के सभी अभियंताओं को निर्देशित किया है कि विद्युत से सम्बंधित कोई समस्या नहीं आनी चाहिए तथा नगर निगम को खराब स्ट्रीट लाइटों को सही कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि कोई भी सुअर बाड़ा न खुले, इससे सम्बंधित नोटिस पहले ही उपलब्ध करा दिया जाये। उन्होंने जल निगम को निर्देशित किया है कि पानी की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को सभी अस्पतालों में चिकित्सकों एवं एम्बुलेंस, दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने नमाजियों को अपने-अपने क्षेत्र की मस्जिदों में ही नमाज अदा करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें, शांतिपूर्वक पर्व को मनायें।

पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने कहा कि जो भी सुझाव प्राप्त हुए है, उसके सम्बंध में सम्बंधित को निर्देशित कर दिया जायेगा। उन्होंने सभी से शांतिपूर्वक पर्व को मनाने एवं अफवाहों पर ध्यान न दिए जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर डीसीपी नगर श्री दीपक भूकर, एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम नजूल सहित सभी धर्मों के धर्म गुरू उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### देवीगंज बाजार वासियों के लिए शॉर्ट-सर्किट बनी समस्या

**कौशाम्बी।** देवीगंज बाजार को बिजली आपूर्ति कमालपुर उपकेंद्र से दी जाती है। बाजार में लगे जर्जर विद्युत तार लटक रहे हैं। तारों के आपस में छू जाने से आए दिन आग लगना व तेज चिंगारी उठना आम बात हो गई है। बुधवार की रात ऐसा ही हुआ। बाजार में लगे एक पोल में तारों के टकराने के बाद तेज चिंगारी उठने लगी। आग देख बाजारवासी भयभीत हो गए। सूचना के बाद पहुंचे विद्युत कर्मियों ने आपूर्ति ठप कराई। इसके बाद जल रहे तार को ठीक किया। सबसे ज्यादा भय दुकानदारों में व्याप्त है। उनका कहना है कि कभी भी उनके प्रतिष्ठान विद्युत चिंगारी का शिकार हो सकते हैं। मामले की शिकायत कई बार उपकेंद्र के जेई से की गई पर ध्यान नहीं जा रहा है। इसे लेकर बाजारवासियों में महकमे के जिम्मेदारों के प्रति नाराजगी है। मामले में जेई राजेंद्र कुमार का कहना है कि तार जर्जर हैं। रिपोर्ट दी जा चुकी है। अपने स्तर से जो हो सकता है वह कराया जा रहा है।

### आधा किग्रा. गांजा के साथ युवक को पकड़ा

**कौशाम्बी।** सैनी थाने की पुलिस ने तहसील के समीप से गांजा की तस्करी कर रहे युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के कब्जे से आधा किग्रा. गांजा बरामद किया है। पकड़ा गया युवक सैनी का राजेंद्र कुमार है। पुलिस ने आरोपित युवक को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# पश्चिम पुलिस ने खोला अवैध असलहा फैक्ट्री का रहस्य

## पुलिसिया छापेमारी में दो गिरफ्तार, कई तमंचा निर्मित तो कई अर्धनिर्मित हुए बरामद

**कौशाम्बी।** जिले की खाकी इन दिनों पूरे फार्म पर दिख रही है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव मातहतों को कड़े निर्देश भी देते दिख रहे हैं। बृहस्पतिवार को पश्चिम शरीरा पुलिस के अलावा एसओजी को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। क्षेत्र में चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए मौके से निर्मित व अर्धनिर्मित असलहों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। हालांकि एसपी के निर्देश पर पकड़े गए आरोपियों की लिखा पढ़ी कर चालान न्यायालय भेज दिया गया था।

बता दें कि पश्चिम शरीरा थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि क्षेत्र के पूरब सरावां नहर रोड किनारे स्थित शिवशरन यादव के नलकूप के पीछे स्थित बाग में अवैध तमंचा फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी मय फोर्स मौके पर जा धमके। हालांकि इस दौरा पुलिस के हत्थे जहां दो आरोपी चढ़े वहीं छापेमारी के दौरान कई निर्मित और अर्धनिर्मित असलहों के साथ तमंचा बनाने के उपकरण व कारतूस भी बरामद हुआ है। इस बड़ी कामयाबी पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूरे प्रकरण का खुलासा किया। हालांकि एसपी के निर्देश पर पकड़े आरोपियों की लिखा पढ़ी कर पुलिस ने चालान न्यायालय भेज दिया था। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी, उपनिरीक्षक कमलेश कुमार, कां. राहुल कुमार, कां.अरूण कुमार. कां विकास यादव के अलावा एसओजी टीम में प्रभारी उप निरीक्षक सिद्धार्थ सिंह, हे.कां.प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, हे.कां. मनोज कुमार यादव सहित अन्य सिपाही शामिल रहे।


एसपी कार्यालय में पुलिस टीम के साथ पकड़े गए आरोपी

**बरामद किए गए असलहे व उपकरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | छह तमंचा | 315 बोर |
| 2. | एक रिवाल्वर | 32 बोर |
| 3. | तीन तमंचा चालू हालत | 12 बोर |
| 4. | तीन तमंचा अर्धनिर्मित | 12 बोर |
| 5. | एक तमंचा अर्धनिर्मित | 315 बोर |

6. छह कारतूस 315 बोर के अलावा लोहे की चुकनी, लोहे की आरी ब्लेड, लोहे का पाइप, लोहे की कील, लोहे की प्लेट कटी, छेनी, स्प्रिंग, चपटी रेती, गोल रेती, रेगमाल कागज, तार, हथौड़ी सहित अन्य उपकरण व जिंदा कारतूस व खोखा बरामद किया गया है।

# नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम : भाजपा में अपने ही अब बगावत की ओर

## टिकट न मिलने का मलाल, पार्टी में आए नए चेहरों पर विश्वास

**कौशाम्बी।** द्वाबा मे नगर निकाय चुनाव का बिगुल बच चुका है। ऐसे में प्रमुख दलों से बनाए गए उम्मीदवार मतदाताओं के बीच अपनी-अपनी ताकत भी झोंकते दिखाई देने लगे हैं। अकेले यदि नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के सियासी माहौल पर चर्चा करें तो यहां की तश्वीर कुछ अलग ही दिखाई दे रही है। यह कह लिया जाए कि टिकट बंटवारे के बाद अब भाजपा के अपने ही बगावत की राह पर चल पड़े हैं तो यह गलत नहीं होगा। कभी भाजपा के लिए मतदाताओं को रिझाने वाले अब निर्दल प्रत्याशी बनकर अपनी ताकत का एहसास भी कराते दिख रहे हैं।

नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम का जो आरक्षण है वह सामान्य महिला है। ऐसे में भाजपा पार्टी की ओर यदि निगाह डालकर देखें तो पार्टी के लिए अर्से से काम कर रहे कई चेहरे टिकट की दावेदारी भी कर रखे थे। लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि कुछ साल पहले पार्टी से जुड़ने वालों को पार्टी तरजीह देने वाली है और हुआ भी वही। अब टिकट न मिलने का मलाल लेकर कभी भाजपा पार्टी के लिए काम करने वाले भाजपा नेता अरूण केसरवानी इन दिनों पार्टी से बगावत कर अपनी पत्नी रागिनी केसरवानी के लिए मतदाताओं को रिझाते देखे जा रहे हैं। हालांकि चर्चाओं में कहा जा रहा है कि भाजपा इस सीट से दीपा श्रीवास्तव पत्नी अविनाश श्रीवास्वत को प्रत्याशी बनाया है जबकि वह




अभी हाल के हुए विस चुनाव में पार्टी के लिए काम शुरू किया था। बहरहाल पार्टी के दिग्गजों की जो भी नीति हो लेकिन पार्टी के अपने ही जब बगावत पर उतरते हैं तो कहीं न कहीं तश्वीर भी अलग होती है। अब यदि समाजवादी पार्टी की बात करें तो प्रमुख विपक्षी दल सपा इस सीट से नसीम जहां पत्नी हाजी मो. इकबाल पर भरोसा जताते हुए उम्मीदवार बनाया है। हालांकि अंदर खाने से मिल रही चचाओं पर जाएं तो कहीं न कहीं समाजवादी पार्टी में भी टिकट के दावेदारों को टिकट न मिलने का मलाल जरूर है, लेकिन पार्टी के भीतर दिग्गजों द्वारा बनाई रही जा रही रणनीति में यह सुनने को मिल रहा है कि पार्टी हाईकमान ने जिसे टिकट दिया उसके साथ बगैर किसी प्रकार का भितरघात किए उसे विजय की राह पर ले जाना है। लेकिन यह तो भविष्य के गर्त में है लेकिन सपा के दिग्गज शायद बीते दिनों द्वाबा में हुए विस चुनाव के परिणाम को इस बार होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में दोहराने को पूरी तरह बेताब दिख रहे हैं। हालांकि सपा अपने मंसूबे में कितना सफल होगी यह तो बताना जल्दबाजी होगी लेकिन इतना जरूर है कि चाहे नगर पालिका मंझनपुर हो या फिर नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम जिस तरह से भाजपा के अपने ही पार्टी से बगावत करना शुरू कर दिए है उससे भाजपा की तश्वीर इन जगहों पर क्या होगी यह तो स्पष्ट नहीं किया जा सकता लेकिन कहीं न कहीं पार्टी के दिग्गजों को इस ओर देखने की जरूरत है।

### भाजपा में टिकट के कई दावेदारों ने अपनाया निर्दल का रास्ता

**कौशाम्बी।** टिकट के बंटवारे के बाद भाजपा पार्टी की तश्वीर अझुवा नगर पंचायत में कुछ अलग ही देखने को मिल रही है। चचाओं पर जाएं तो सुनने को मिल रहा है कि भाजपा से टिकट की लाइन में रहे सुनील साहू ने अपनी पत्नी सुस्मिता साहू को निर्दल उम्मीदवार बनाया है। इतना ही नहीं विजय पटेल भी अपनी पत्नी आरती देवी को निर्दल उम्मीदवार बनाकर चुनावी समर कूद चुके हैं। वहीं मंगल प्रसाद मौर्य की भी पत्नी अनीता मौर्य भी निर्दल का रस्ता अपना रखी है।

# पंद्रह हजार के इनामी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार


पुलिस टीम के साथ पकड़ा गया आरोपी

**कौशाम्बी।** जनपद कौशांबी के न्यायालय में सरेंडर करने जा रहे गंभीर धाराओं से वांछित एवं 15000 के ईनामी अभियुक्त को सराय अकिल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बता दें कि थाना सराय अकिल क्षेत्र के भखंदा गांव के रहने वाले अतीक के शार्प शूटर अब्दुल कवी का बड़ा भाई अब्दुल वली जो पूर्व में जान मारने के नियत से गोली मारना, धमकी देना गाली देने व घर से अवैध शस्त्र व देसी बम बरामद होने के संबंध में सराय अकिल पुलिस ने 2020 व 2023 में प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह ने शस्त्र अधिनीयम व विस्फोटक अधिनियम से संबधित गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जिसको लेकर अभियुक्त वांछित चल रहा था। इधर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं एडिशनल एसपी समर बहादुर सिंह ने वांछित होने पर 15000 का ईनाम भी घोसित किया था। बृहस्पतिवार को पुलिस के द्वारा पूर्व में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के डर से अब्दुल वली ने खुद को सरेंडर करने के लिए कौशांबी न्यायालय जा रहा था कि तभी मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर क्षेत्राधिकारी चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण के नेतृत्व में सराय अकिल प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर मिनहाजपुर गांव से अभियुक्त को धर दबोचा है। वही कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वांछित अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया। इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियुक्त गंभीर धाराओं में वांछित था जिस पर पूर्व में 15000 का इनाम भी घोषित किया गया था। अभियुक्त ने अपने आपको कौशांबी न्यायालय में सरेंडर करने के लिए जा रहा था की तभी मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर सराय अकिल पुलिस ने उन्हें मिनहाजपुर से गिरफ्तार किया। वहीं आगे की कार्रवाई करते हुए उसका चालान न्यायालय भेज दिया गया है।

## निकाय चुनाव : दो हजार खुराफाती किए गए पाबंद

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव से पहले जिले की पुलिस ने खुराफातियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पुलिस अब तक दो हजार खुराफातियों को पाबंद कर चुकी है। मतदान में किसी प्रकार की खलल न हो इससे पहले पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चैकन्ना है, ताकि चुनाव के परिंदा पर न मार सके। पुलिस की टीम गांव-गांव जाकर उपद्रवियों को चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से रहने की चेतावनी दे रही है।

नगरीय निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चार मई को आठ नगर पंचायत व दो नगर पालिका में चुनाव होना है। मतदान के दौरान किसी प्रकार की कोई गड़गड़ी न हो इसके पहले पुलिस ने एक-एक खुराफाती को चिन्हित करते हुए उसे पाबंद करना शुरू कर दिया है। जिले के पुलिस ने अब तक करीब दो हजार लोगों को शांति भंग के अंदेशे में पाबंद कर चुकी है। चुनावी समर शुरू होने से पहले की पुलिस ने फसादियों, खुराफातियों व अपराधियों को सूचीबद्ध करने का काम शुरू कर दिया था। चुनाव में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो इससे पहले पुलिस हर पहलू पर चैकसी बरतना शुरू कर दिया है।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन मतदान कार्मिक अनुपस्थित

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी के नेतृत्व में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए बृहस्पतिवार को दूसरे दिन एम.वी कॉन्वेन्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा में मास्टर ट्रेनर विकास पाण्डेय एवं राकेश सिंह द्वारा मतदान अधिकारी (प्रथम) को प्रशिक्षण दिया गया।

मास्टर ट्रेनरों ने मतदान अधिकारी (प्रथम) को प्रशिक्षण देते हुए मतदान से सम्बन्धित सभी पहलुओं यथा-आवश्यक स्टेशनरी प्राप्त कर मतदेय स्थल को प्रस्थान करने से पूर्व की कार्यवाही, मतदान केन्द्र की तैयारी, मतदान प्रारम्भ से पूर्व की तैयारी, मतदान अधिकारी प्रथम के कार्य, मतदाता के पहचान के लिए निर्वाचन आयोग से


प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बोलते जिला निर्वाचन अधिकारी

निर्गत फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य विकल्प की जानकारी, मतदान अधिकारी द्वितीय के कार्य, मतदान के दौरान उत्पन्न विशेष परिस्थितियों एवं मतदान समाप्ति के बाद की कार्यवाही सहित आदि विस्तृत जानकारियॉ दी। मतदान अधिकारी (प्रथम) को 02 पालियों-प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 211 एवं द्वितीय पाली में 196 कुल 407 मतदान अधिकारी (प्रथम) को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली को मिलाकर कुल 404 मतदान अधिकारी (प्रथम) को प्रशिक्षण दिया गया तथा 03 मतदान अधिकारी (प्रथम) अनुपस्थित पाये गये। प्रशिक्षण में सहायक अध्यापिका उ.प्रा.वि सुल्तानपुर ख्वाजा कड़ा रत्ना शुक्ला, सहायक अध्यापिका कम्पोजिट विद्यालय मलाक नागर रोजी रानी एवं कनिष्ठ सहायक (कार्यालय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी) मो. मारूफ अनुपस्थित पाये गये। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रचलित की जाय।

## शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, घर जलकर राख

**कौशाम्बी।** भरवारी के टोड़ी का पुरवा में गुरुवार की दोपहर शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। घटना में एक व्यक्ति का छप्परनुमा मकान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने तालाब से पानी लाकर किसी तरह आग बुझाया। सूचना पर खेत से घर पहुंचा कुनबा गृहस्थी देखकर स्तब्ध रह गया।

टोड़ी का पुरवा निवासी मैहर पुत्र बृजलाल गुरुवार की सुबह परिजनों को लेकर खेतों में काम करने चला गया। दोपहर में तेज हवा चलने से घर के ऊपर से गुजरे विद्युत तार से चिंगारी उठी। चिंगारी से मैहर के छप्परनुमा घर में आग लग गई। मोहल्ले के लोगों ने आग जलते देखा तो शोर मचाया। एकत्रित हुए लोगों ने तालाब से पानी लाकर किसी तरह आग पर काबू पाया। जानकारी होने पर मैहर घर पहुंचा तो नजारा देख अवाक रह गया। घटना में पीड़ित के घर रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन सब कुछ जलकर राख हो गया। घटना की सूचना हल्का लेखपाल को दी गई। उधर बेघर हुए पीड़ित परिवार का हाल बेहाल है।

## निकाय चुनाव की आबोहवा बदलेंगे राष्ट्रीय दिग्गज

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत व नगर पालिका में राजनीतिक झंडा लहराने की पुरजोर कोशिश में जुट गए हैं। प्रचार तेज हो चुका है। सभी वार्डों में कार्यकर्ता व समर्थकों का जत्था बारी-बारी से पहुंच रहा है। इसी बीच राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से भी प्रचार कराने की तैयारी शुरू कर दी है। रोड शो व भ्रमण कराकर राजनीतिक हवा बदलने के लिए कार्यक्रम मांगा जा रहा है। इस मामले में भाजपा के साथ सपा के पदाधिकारियों ने तेजी दिखाई है।

राजनीतिक हालात की नब्ज को टटोलने के बाद नेताओं को निकाय चुनाव में भी राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की जरूरत आन पड़ी है। नगर पालिका पर पार्टियों के पदाधिकारियों की निगाह है। वह नगर पालिका पर कब्जा करने के लिए हर संभव प्रयास में जुटे हैं। प्रचार अभियान तेज हो चुका है। महिलाओं की टोली भी अब वार्डों में भ्रमण करने लगी है। अपने-अपने दल के प्रत्याशियों के लिए महिलाएं प्रचार कर रही हैं। इसी बीच पार्टी पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का रोड शो व भ्रमण कराने की भी कोशिश शुरू कर दी है। खर्चा बचाने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का रोड शो कराकर अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए कार्यक्रम मांगा जा रहा है। कार्यक्रम के लिए प्रदेश कार्यालय को आवेदन किया जा रहा है। इतना ही नहीं क्षेत्रीय नेताओं को भी बुलाया जा रहा है, ताकि वह रूककर कैडर वोटरों के साथ ही अन्य बिरादरी के वोटों में सेंध लगा सकें। पूरी रणनीति के साथ राजनीतिक दल चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। राजनीतिक बिसात पर खूब सोच समझकर गोटियां बिछाई जा रही हैं। एक दूसरे के कार्यकर्ताओं पर भी डोरा डाला जा रहा है।

# अध्यापकों की समस्याओं पर गंभीर संघ नेता

## एबीएसए से मिल समस्याओं पर किया चर्चा


खंड शिक्षाधिकारी से वार्ता करते शिक्षक संघ के नेता

**कौशाम्बी।** प्राथमिक शिक्षक संघ के कौशाम्बी ब्लाक अध्यक्ष अरूण गोविल सिंह अध्यापकों की समस्याओं पर खासे गंभीर दिखते हैं। बुधवार को अध्यापकों की समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों से उन्होंने मुलाकत किया। वहीं चर्चा करते हुए समस्याओं के निस्तारण की मांग भी किया।

बताना जरूरी होगा कि ब्लाक अध्यक्ष श्री सिंह शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर एबीएसए से मुलाकात किया। इस दौरान वरिष्ठता सूची में होने वाली विसंगति गुणांक सम्बंधी अव्यवस्थाओं, एडवांस टैक्स कटौती आदि मुद्दों पर वार्ता किया। हालांकि खंड शिक्षाधिकारी ने संगठन के इस मांग और शिक्षकों की कई समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है।

## किशोरी को भगा ले गया पड़ोसी युवक

**कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली इलाके के एक गांव की किशोरी रविवार की शाम संदिग्ध दशा में घर से लापता हो गई। किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। किशोरी की तलाश के दौरान परिजनों को पता चला कि पड़ोसी गांव का युवक किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया है। खोजबीन के बाद मंगलवार को पीड़ित पिता थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित पिता से तहरीर लेकर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## ईद की तैयारी जोरों पर, बाजार हुए गुलजार

**कौशाम्बी।** ईद-उल-फितर की तैयारियों को लेकर लोगों ने गुरुवार को खरीदारी की। इस दौरान बाजारें भी सुबह से शाम तक गुलजार रहीं। माहे रमजान का पाक महीना रोजेदारों से रुख्सत होने वाला है। अलविदा की नमाज के दूसरे दिन ही ईद की संभावना को देखते हुए लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रमजान के पाक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत की। रमजान के 28 रोजे पूरे हो चुके हैं। रोजेदारों को अब ईद का इंतेजार है। ईद को लेकर तैयारियां मुस्लिम इलाकों में जोरों पर चल रही है। बाजार में ईद को लेकर तमाम तरह का सामान सज गया है। मंझनपुर, करारी, भरवारी, मनौरी, मूरतगंज, चायल, सरायअकिल, तिल्हापुर मोड़, सिराथू आदि बाजार ईद के पर्व को लेकर गुलजार हो गए हैं। बच्चे, जवान, बुजुर्ग और महिलाएं नए कपड़ों समेत तमाम चीजों की खरीदारी की।

# मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक हो सम्पन्न

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान अधिकारी व कार्मिकों को दिए कड़े निर्देश

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव पूरी निष्पक्षता, पारदर्शी व सफलतापूर्वक सम्पन्न हो इसके लिए ओसा के एमवी कांवेंट स्कूल एंड कालेज में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने मतदान अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी (न.नि) सुजीत कुमार ने नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए मतदान अधिकारी (प्रथम) को दिये जा रहें प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया। इसदौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान अधिकारी (प्रथम) को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग गम्भीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए सभी प्रक्रियाओं की जानकारी भली-भॉति प्राप्त कर दिये गये दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें तथा जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्यों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करें। निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने मतदान अधिकारी (प्रथम) को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न करायी जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


मतदान कार्मिकों को सम्बोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी

## एएसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने गुरुवार को कार्यालय में फरियादियों की समस्याओं की सुना। इस दौरान अफसर के सामने सर्वाधिक शिकायतें जमीन से जुड़ी रही। कई लोगों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया। एएसपी ने सभी जिम्मेदारों को कड़ी हिदायत दिया कि थाने स्तर पर समस्याओं का समाधान हर हाल में कराएं। लापरवाही पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### 19 बच्चों की सफलता के साथ ही प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

**उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाबसिंह के 19 बच्चे छात्रवृत्ति परीक्षा में हुये उत्तीर्ण**

**जेठवारा।** राष्ट्रीय आय एंव योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जनपद के कुल 313 बच्चों ने सफलता हासिल की है। उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह से 19 बच्चों ने परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए विद्यालय को प्रदेश में प्रथान स्थान दिलाया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के प्रभारी प्रधानाध्यापक राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मोहम्मद फरहीम, पितामह यादव, आशा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, मनोज कुमार, अजीत प्रताप सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह व खण्ड शिक्षाधिकारी मान्धाता शिव बहादुर मौर्य ने सभी बच्चों को बधाई दी।

# एसडीएम व सीओ की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक, शांति की अपील

**लालगंज।** कोतवाली परिसर में ईद तथा परशुराम जयंती को लेकर गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम उदयभान सिंह ने लोगों से दोनों त्यौहारों पर आपसी सदभाव बनाए रखने पर जोर दिया। एसडीएम ने नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था को ईद के दिन ईदगाहों व मस्जिदों में साफ सफाई के इंतेजाम करने के निर्देश दिये। वही लोगों ने प्रशासन से कहा कि ईद के दिन बिजली कटौती से इलाके को मुक्त रखा जाय। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि प्रत्येक ईदगाह पर विशेष पुलिस का दस्ता तैनात रहेगा। ईद तथा परशुराम जयंती को लेकर उन्होंने अफवाहों से सावधान रहने को कहा। बैठक का संयोजन प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने किया। बैठक मे हजरत मौलाना रहमानी मियां, जावेद खान, मो. रजा, बेलाल रहमानी, राममोहन सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, तपन पाण्डेय, पप्पू तिवारी, छोटेलाल सरोज आदि मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग

## छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को चार वर्ष तक प्रतिमाह मिलेंगे चार हजार

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है। परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रतिमाह चार वर्षो तक एक हजार रुपए मिलेंगे। रानीगंज के दुगार्गंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बनवारपुर के कक्षा आठ के छात्र शोभित कुमार, दीपक कुमार व छात्रा शिवानी पटेल ने परीक्षा उत्तीर्ण कर छात्रवृत्ति के हकदार हो गये। इसी प्रकार लक्ष्माणपुर ब्लाक के संविलियन विद्यालय रेंड़ी के पॉच बच्चों ने परीक्षा में बाजी मारी है। नोडल संकुल विश्वदीप सिंह ने बताया कि विद्यालय के रूपेश यादव, अमर्त्या पाल, यश पाल, रंजीत पाल, सृष्टि विश्वकर्मा व आदर्श पाल ने राष्ट्रीय आय आधारित छात्र वृत्ति परीक्षा पास की है। विद्यालय के शिक्षक राम मिलन, विजय कुमार, अंकिता सेन, अमिता सिंह, गुलाबपति ने बच्चों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## काटे गये आम की लकड़ी के साथ तीन गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में वन तस्कर

**प्रतापगढ़।** पेड़ों पर आरा चलाने वाले तीन वन तस्करों को सांगीपुर पुलिस ने लकड़ी सहित गुरूवार को गिरफ्तार किया है। अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों पर बड़े पेड़ों को काटकर पहुंचाया जाता है। आरा मशीन संचालक पुराने पेड़ों से प्राप्त लकड़ी को मंहगे दामों पर मकान निर्माण के लिए बेंचा जाता है। दूर दराज के गांवों में पुराने आम, महुआ आदि पेड़ों को वन तस्कर काट कर बागों को बीरान कर रहे हैं। संगीपुर पुलिस ने आम के पेड़ों को काटकर बनाए गये बोटे सहित तीन वन के दुश्मानों को गिरफ्तार किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पवन सिंह पुत्र देवी बक्श सिंह निवासी मंगापुर, दिलीप सिंह पुत्र राकेश बहादुर सिंह व संतोष सिंह पुत्र शिव गायक सिंह निवासी खानीपुर को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## जलवायु परिवर्तन को रोकने हेतु पेड़ लगाकर उनकी रक्षा करें : अजय क्रांतिकारी

**प्रतापगढ़।** सदर ब्लॉक के पृथ्वीगंज बाजार में स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय शंकरगंज में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में पर्यावरण सेना द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए जागरुक किया गया। लोगों को जागरूक करते हुए जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति प्रतापगढ़ के सदस्य एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्यावरण एवं जल संरक्षण आवश्यक है। हम पर्यावरण की रक्षा के लिए कार्बन उत्सर्जन को रोकना, प्लास्टिक का उपयोग न करना,जल की हर बूंद को बर्बाद होने से बचाना और हर साल, हर व्यक्ति हर हाल में एक पेड़ लगाए और उसकी सुरक्षा करे आदि जैसे व्यावहारिक तरीकों से धरती को बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निजात दिला सकते हैं।उन्होंने लोगों से कहा कि धरती पर जीवन के आधार पेड़ हैं।हमें हर हाल में पेड़ों को कटने से बचाना होगा।पेड़ काटने वालो का सामाजिक बहिष्कार करें।जिससे उनके मन में भी पेड़ों के प्रति आस्था का भाव पैदा हो और हरियाली को बचाने और बढ़ाने में सहयोग करें। स्कूल की हेड मास्टर सुशीला वर्मा ने पर्यावरण सेना के कार्यों की सराहना करते हुए बच्चों को हरित व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित किया। पर्यावरण सैनिक अनुराग मोदनवाल ने सभी लोगों से अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा हेतु प्रेरित किया और कहा कि पर्यावरण सेना का नारा ष्जय प्रकृति जय जगतष को जन जन तक पहुंचाएं। इस मौके पर अश्वनी कुमार, रमेश मोदनवाल, कुसुम तिवारी, नमन कुमार तिवारी, हर्सिता सरोज, सुमन देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बकरी के बच्चे का शव लेकर थाने पहुंची महिला

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के चैमरी गांव में पड़ोसी ने रंजिशन बकरी के बच्चे को पीट पीट कर मार डाला। महिला बकरी के बच्चे का शव लेकर पट्टी कोतवाली पहुंच गई और मामले में नामजद तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के चैमरी गांव की रहने वाली शाकुंतला देवी पत्नी बब्बन कुमार गौतम ने आरोप लगाते हुए बताया कि पड़ोसी ने पुरानी रंजिश के चलते उसके बकरी के बच्चे को पीट पीट कर मार डाला। जब वह उलाहना लेकर आरोपितों के घर गयी तो उक्त लोग आमादा फौजदारी हो गए और मारने पीटने के लिए दौड़ा लिए। पीड़िता बकरी के बच्चे का शव लेकर पट्टी कोतवाली पहुँची और मामले में नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है, वही बकरी के बच्चे का शव पट्टी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आराधना मिश्रा पिता की तरह अजेय योद्धा : डा0 नीरज त्रिपाठी


विधायक आराधना मिश्रा मोना का जन्म दिन मनाते कांग्रेसी

**प्रतापगढ़।** शहर स्थित कॉग्रेस कार्यालय पर गुरूवार को कॉग्रेसजनों ने कॉग्रेस विधान मण्डल दल की नेता व लालगंज की विधायक आराधना मिश्रा मोना का जन्म दिन मनाया। मोना के चित्र को केक लगाकर उनके दीर्घआयु की कामना की। इस मौके पर यूथ कॉग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि आराधना मिश्रा अपने पिता प्रमोद तिवारी की तरह ही राजनीति में अजेय योद्धा है। लालगंज में कई बार प्रमुख व इसी क्षेत्र से लगातार विधायक है। प्रियंका गॉधी के साथ कदम से कदम मिलाकर संघर्ष करने वाली मोना दीदी के हॉथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। जिलाध्य डा0 लालजी त्रिपाठी, इरफान अली, डा0 प्रशांत देव शुक्ल, कपिल द्विवेदी, नगर पलिका के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ज्योति उर्फ गल्ली तिवारी ने भी मोना को जन्म दिन की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार रखे। इस मौके पर वेदान्त तिवारी, महेन्द्र शुक्ल, सराजे कश्यप, उत्सव भूषण पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### सीएम समेत नेताओं ने दी शुभकामनाएं



**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री समेत दिग्गज नेताओं ने गुरुवार को शुभकामनाएं दी। विधायक के जन्मदिन पर उनकी चुनाव क्षेत्र प्रतापगढ़ के रामपुर खास में भी विभिन्न जगहों पर लोगों ने हवन पूजन कर शुभकानाएं दी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामना संदेश में प्रभु से देश और समाज की सेवा में उन्हें मजबूती मिलते रहने की प्रार्थना की है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधायक मोना को जन्मदिन पर पत्र लिखकर सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश में उनके योगदान को सराहा है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी अपनी विधायक पुत्री आराधना मिश्रा मोना को बधाई देने लखनऊ पहुंचे। सांसद प्रमोद तिवारी ने सीएलपी नेता मोना को बुकें भेंटकर उनके सामाजिक एवं राजनैतिक सेवा संकल्प के सफल होने की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। कांग्रेस की यूपी प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भी आराधना मिश्रा मोना को फोन कर जन्मदिन की बधाई दी। इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं तथा महिला संगठनों व सामाजिक संगठनों से भी जुड़ी हस्तियां विधायक मोना को जन्मदिन पर बधाई देने उनके आवास पहुंची। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## नपा अध्यक्ष प्रत्याशी ने एसपी को दिया शिकायती पत्र



**प्रतापगढ़।** टिकट न मिलने से सपा पार्टी से बगावत कर नेत्री महिमा गुप्ता ने एसपी को कार्यवाही के लिए शिकायती पत्र दिया है। जिसमें लिखा है कि उनकी फोटो एडिटिंग कर वीडियों बनाते हुए कुछ मोबाइल नम्बरों पर वायरल की जा रही है। अफवाहन सूचना मिलने वह पर काफी दुखी व परेशान है। कुछ लोगों द्वारा मेरी मानसिक, सामाजिक व राजनैतिक छवि धूमिल करने के लिए षड़यंत्र के तहत वीडियो वायरल किया गया है। उन्होंने एसपी से लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## कम उम्र के बच्चों के रोजा रखने पर की हौसला अफजाई



**प्रतापगढ़।** रमजान के मुकददस महीने में बच्चे भी रोजा रखते देखे जा रहे हैं। गांव के लोगों ने बच्चों के जज्बे की हौंसला आफजाई करते हुए माल्यार्पण कर स्वागत किया। लालगंज नगर पंचायत के खानापटटी वार्ड में छः साल के मो0 अबुसाद रहमानी व आठ साल के मो0 अबुहुजैफा रहमानी तथा ग्यारह साल की मो0 अबुजर रहमानी ने बुधवार को दिन भर का रोजा रखा। बच्चों के जज्बे को देखकर बुजुर्ग रोजेदार भी हौंसले को दाद देते दिखे। शाम को इफ्तार के समय मदरसा दारूल उलूम बाबुननबी में जुटे लोगों ने इन बच्चों का माल्यार्पण कर हौंसला बढ़ाया है। वहीं कम उम्र में रोजा रखने को लेकर बच्चों के जज्बात की इलाके में चर्चा रही।

## प्रवेश के लिए आयोजित हुई परीक्षा



**प्रतापगढ़।** नगर के केपी हिन्दू इण्टर कालेज में प्रवेश के लिए परीक्षार्थियों ने गुरूवार को दो पलियों में परीक्षा दी। कालेज के प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ होगी। जो छात्र सफल होंगे उन्हें नियत तिथि पर प्रवेश लेना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि जो छात्र प्रवेश परीक्षा से रह गये हैं उनके लिए मई माह में दोबारा प्रवेश परीक्षा ली जायेगी। ऐसे छात्र प्रवेश फार्म लेकर आगामी मई माह में होने वाली प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।



## आग से पूरी गृहस्थी राख


**प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों से बुधवार की शाम घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। घर के अंदर रखी एक बाइक व तीन साइकिलें भी जलकर राख हो गई। लालगंज के मांदीपुर निवासी छेदीलाल के पुत्र सूर्यबली के घर बुधवार की देर शाम अचानक आग लग गयी। ग्रामीणों ने प्रधान रामचंद्र के सहयोग से आग बुझाने मे घंटो मशक्कत की तो किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पीडित को भारी नुकसान हुआ है। घर मे रखे सभी सामान जल गये।

# धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए चलाई गई भारत गौरव ट्रेन

**प्रतापगढ़।** दक्षिण के धार्मिक और पर्यटन स्थलों की सैर करनी है तो आइए चलते हैं आईआरसीटीसी द्वारा चलाई गई भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन यात्रा पर। यह ट्रेन तीस अप्रैल को प्रतापगढ़ आयेगी। जिन लोगों को मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग और तिरुपति बाला जी समेत कई अन्य स्थलों पर घूमने का लुत्फ उठाना हैं वे तैयार हो जाए। 710 बर्थ वाली इस टूरिस्ट ट्रेन में सेकेंड एसी में पचास, थर्ड में सत्तर और स्लीपर क्लास में पांच सौ दस सीटें है।

**इन स्टेशनों को मिलेगी सुविधा-**

इस ट्रेन का सफर आसान करने के लिए गोरखपुर, मनकापुर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, ऊंचाहार, रायबरेली, लखनऊ और कानपुर स्टेशन से चढ़ने और उतरने की सुविधा प्रदान की गई है।



**इस स्थलों का कीजिए भ्रमण-**

मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बाला जी मंदिर, मीनाक्षी मंदिर, रामेश्वरम और कन्यापुरी स्थलों का भ्रमण इस ट्रेन से किया जा सकता है।

**पैकेज की मिलेगी सुविधा-**

टूरिस्ट ट्रेन से घूमने वाले यात्रियों के लिए अलग अलग पैकेज की सुविधा है। स्लीपर में दो या तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर प्रति व्यक्ति 21010 रूपए बतौर किराया चुकाना पड़ेगा। इसी तरह से थ्री एसी का 35408 रूपए और टू एसी का 47003 रूपए का पैकेज है। इस पैकेज में तीन टाईम का खाना, होटल में ठहरने और बस द्वारा स्थानीय भ्रमण का खर्चा भी शामिल है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस बारे में आईआरसीटीसी लखनऊ के मुख्य प्रबंधक अजीत सिन्हा का कहना है कि गौरव भारत टूरिस्ट ट्रेन यात्रा दस रात और ग्यारह दिन की है। ट्रेन की सुविधा प्रतापगढ़ को भी दी गई है। जो लोग भी सफर करना चाहते हैं वे अपने टिकट बुक करा लें। इसके लिए इन नंबरों 8287930902,8287930908 और 8287930909 पर संपर्क कर सकते हैं।


भागवत कथा में उमड़ी भीड़

## धर्म की रक्षा के लिए भगवान ने मनुष्य का रूप धारण किया : मधुकर महराज

**प्रतापगढ़।** नगर के महुली स्थित वृद्धाश्रम में भागवत कथा के छठें दिन गरूवार को भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों की कथा सुनाई। कथा वाचक मधुकर महराज ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए भगवान मनुष्य का रूप धारण करते हैं। पृथ्वी पर जब-जब धर्म की हानि होती है प्रभु विभिन्न रूपों में अवतार लेते हैं। कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि बेसहारा बुजुर्गो को खुश देखकर मन का बहुत तसल्ली मिल रही है। आश्रम में दिवगंत हुए बुजुर्गो को अतिथियों व आश्रम के रहने वाले बुजुर्गो ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रृद्धाजंलि दी। इस मौके पर समाजसेविका रेखा उमरवैश्य, आश्रम के प्रबंधक अम्बिका प्रसाद, मैनेजर मानसिंह, राजेश पाण्डे, किशोर अग्रवाल, शिवेश शुक्ल, प्रियम त्रिपाठी, गुलाब देवी, आरती देवी, अनारकली आदि मौजूद रहकर कथा का रसपान किया।


नाली की सफाई करते सफाई कर्मी

### ईदगाह तक जाने वाली सड़क व नाली की हुई सफाई

**प्रतापगढ़।** चौबीस वर्षो से नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कुण्डली मारकर बैठे भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह के इशारे पर नगर पालिकाकर्मियों ने शहर के बेल्हादेवी चैराहे से ईदगाह तक सड़क व नाली को दुरूस्त कर दिया। विरोधियों ने इसे वोट की राजनीति करार दिया है। कॉग्रेस, सपा और बसपा के प्रत्याशियों ने कहा कि चुनावी मौसम में ईद के मौके पर सड़क की मरम्मत व नालियों की सफाई करना वोट की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। चैबीस वर्षों से नगर पलिका अध्यक्ष का पद उन्हीं के परिवार में है इसके पहले इस सड़क व नाली की दुर्दशा उन्हें नहीं दिखाई दी। उन्हीं के इशारे पर पालिकाकर्मियों ने ईद से पहले मुसलमानों को खुश करने के लिए सड़क की मरम्मत व नालियों की सफाई की जा रही है। टिकट न मिलने से नाराज भाजपा व सपा के कई कार्यकर्ता अपनी ही पार्टी से वगावत कर निर्दलीय रूप में अध्यक्ष पद के लिए पर्चा भर दिया है। शहर में अध्यक्ष पद पर भाजपा व सपा के उम्मदवारों की चर्चा हो रही है। हलांकि बसपा व कॉग्रेस पार्टी के प्रत्याशी चुनाव में जी जान से जुटे हैं।

# रोजा इफ्तार एक दूसरे से जोड़ने व भाईचारे का देता है संदेश : अक्षय प्रताप

**प्रतापगढ़।** हीरागंज नगर पंचायत के वजीरपुर में बुधवार को आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में प्रतापगढ़ जिले के एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने रोजेदारों से कहा कि रमजान का महीना बहुत ही पाक और शबाब का महीना है। एक जगह बैठकर रोजा खोलने से आपसी भाईचारा बढ़ता है। एमएलसी ने कहा कि रोजा इफ्तार हमें एक-दूसरे से जोड़ने के साथ-साथ भाईचारे का संदेश देता है। रोजा इफ्तार करने व कराने पर सवाब मिलता है। एमएलसी ने आयोजक प्रधान नन्हे नबाब को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 केएन ओझा, पूर्व प्रमुख पंकज सिंह, विष्णुदेव गौतम, पूर्व प्रधान नईम अहमद, प्रधान संजय सिंह, मो0 शहजादे, रिजवान आदि लोग मौजूद रहे।


रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह

## जनसंपादकीय

# ईद का मतलब है खुशी

**नाइश हसन**



कहते हैं सबसे पहली ईद तब मनाई गई थी जब सन् 624 में अरब में बद्र की लड़ाई पैगंबर मोहम्मद ने जीत ली थी। वो दिन धूम धाम से मनाया गया था और उसके 8 दिन बाद बाकायदा तौर पर जश्न हुआ था, इसके अलावा इब्राहीम के बारे में कहा जाता है कि उन्होने ईद तब मनाई थी जब नमरूद की जंग की आग ठंडी पड़ गई थी। मूसा ने उस रोज ईद मनाई थी जिस रोज फिरऔन के जुल्म से निजात मिली। ईसा की उम्मत उस दिन ईद मनाती है जिस दिन हजरत ईसा पैदा हुए थे, और मुसलमान रमजान का महीना खत्म होने की खुशी में ईद मनाते हैं।

इस ऐतिहासिक संदर्भ से देखा जाए तो ईद किसी त्यौहार का नाम नहीं है। इसका मतलब खुशी से है। किसी भी समुदाय की ईद हो सकती है मसलन दीवाली हिंदुओं की ईद है। बड़ा दिन ईसाइयों की ईद है, लोहड़ी सिक्खों की ईद है वगैहर वगैरह।

ऐसे अनेको उदाहरण मिलते हैं। एक बार पैगंबर मोहम्मद हबशा (अब इथियोपिया) के कुछ कबाइलियों के पास गए, उस दिन वो कबायली नाच-गा रहे थे और कुछ कर्तब दिखा रहे थे, किसी ने उन्हें ऐसा करने से रोका, उस पर पैगंबर ने कहा कि उन्हें न रोको आज उनकी ईद का दिन है। इसी प्रकार ईसा मसीह भी एक बार अपने कुछ साथियों को खाना खिला रहे थे, वहां भी ये शब्द आया कि आज हमारी ईद का दिन है। इसी लिए आप देखेंगे कि अरब में ईद की नमाज के लिए अलग से ईदगाह जैसी इमारत बनाए जाने का चलन नहीं मिलता। वहां मस्जिदों में ही ईद की नमाज भी अदा की जाती है, जबकि भारत, पाकिस्तान सहित कुछ मुल्कों में ईद की नमाज के लिए अलग से ईदगाह बनाए जाते हैं। ईद शब्द अरबी के ऊद और औद शब्द से बना है। जिसका मतलब होता है लौटना या फिर आना। ईद शब्द खुशी और प्रसन्नता के लिए भी प्रयोग किया जाता है।

ये तो था ऐतिहासिक संदर्भ, आज के दौर की बात करें तो मुस्लिम त्यौहारों में सबसे बड़ा त्यौहार है ईद। ये ईद साल में दो बार आती है। एक का नाम है ईद-उल-फित्र या ईद-उल-फितर और दूसरी ईद का नाम है ईद-उल-जुहा।

पहली ईद जो अब जल्दी ही आने वाली है वो रमजान के तीस रोजे मोकम्मल होने की खुशी में मनाई जाती है। रमजान रम्जा शब्द से बना है जिसका मतलब अरबी में होता है जलना। यह मुमकिन है कि इसका नाम रमजान इस लिए रखा गया होगा क्योंकि अरब में तेज धूप होती थी, रोजे इंसान को अंदर तक तपा देते थे और कहते हैं रमजान में हमारे अंदर के गुनाह जल जाते हैं। इन दिनों रोजे. चल रहे हैं हालाकि इस बार गर्मी ज्यादा शिद्दत की नहीं हो रही है। ये रोजदारों के लिए बहुत राहत की बात भी है।

अब हम बारी-बारी से दोनो ईद के बारे में जानेंगे। अभी जो गालेबन 22 या 23 अप्रैल को ईद आने वाली है, वो है ईद-उल-फित्र उस दिन तीस रोजे पूरे हो जाएंगे। ये खुशी का त्यौहार है। तीस रोजे पूरे होने के बाद लोग खुशी बांटते हैं। इसे ईद-ए-सगीर या ईद-ए-सदका भी कहते हैं। यह हिजरी सन् के दसवें महीने शव्वाल का पहला दिन होता है। जैसा कि आप जानते हैं कि इस्लामी वर्ष चांद के देखने से शुरू होता है। रमजान के पूरे महीने लोग बहुत इबादत करते हैं। रमजान के महीने में ही पवित्र धर्म ग्रंथ कुरान नाजिल हुई थी, इस लिए भी इस महीने का बहुत महत्व है। यह माह आत्म संयम, आत्म अनुशासन और साधना का होता है। जिस दिन चांद दिखाई देता है उसके अगले दिन ईद मनाई जाती है। उस रोज सुबह सवेरे नौ बजे तक ईद की नमाज पढ़ी जाती है। लड़कियां नई चूड़ियां और नए कपड़े जरूर पहनती हैं। घर के सारे फर्द ही नए कपडे.पहनते हैं। इस दिन खुशबू, इत्र वगैरह की खास अहमियत होती है। किमामी सेवईयां, शीर कोरमा और बहुत से पकवानों से दस्तरखान रौनक अफरोज नजर आता है। जैसा कि इसके नाम से ही जाहिर होता है ईद-उल-फित्र या फितरा एक प्रकार का दान जो रमजान के रोजे पूरे हो जाने की खुशी में दिया जाता है। ईद की नमाज अदा करके लोग घर आते हैं और लजीज पकवान खाते हैं। एक दूसरे से गले मिलते है। बच्चों को बड़े पैसे देते हैं जिसे ईदी कहते है। ईद वैसे तो एक धार्मिक त्यौहार है लेकिन इस दिन सभी धर्मो के लोग अपने मुसलमान मित्रों को ईद की मुबारकबाद देते हैं और आकर गले मिलते हैं।

अब बात करते है दूसरी ईद की, इसे ईद-उल-जुहा कहते है। वैसे इस ईद का महत्व पहली ईद से भी ज्यादा माना गया है। इस लिए इसे ईद-ए-कबीर भी कहा जाता है। कबीर का अर्थ है बड़ा, ईद का अर्थ है खुशी, प्रसन्नता, पलटना या लौट कर आना। इसे बकरीद भी कहते हैं। बकर का अर्थ है गाय या बैल। यह दिन सेक्रीफाइज का दिन या कुरबानी का दिन भी कहा जाता है।


भारत में बकरीद नाम ज्यादा प्रचलित है, परंतु अरबी में ईद-उल-जुहा यानी कुबार्नी का दिन नाम ज्यादा ही प्रचलित है। कुबार्नी से संबंधित होने के कारण इसे ईद-ए-कुरबां भी कहते हैं। अरब में ऊंट की कुबार्नी होती है, इस लिए इसे यौमुन्नहर भी कहा जाता है। यौम का अर्थ दिन और नहर का अर्थ ऊंट यानी ऊंट की कुबार्नी का दिन। मिस्त्र और तुर्की में इस त्यौहार को ईद-ए-बैरूम यानि आनंदोत्सव, खुशी का त्यौहार कहते हैं।

इस्लामिक कैलेंडर में इस माह का नाम जिल हिज मास है। इस महीने में हज करने के लिए तमाम लोग दुनिया भर से मक्का जाते हैं। हज ईद-उल-जुहा से एक दिन पहले होता है। ईद-उल-जुहा मनाए जाने का एक कारण और बताया जाता है। कहते हैं इस दिन खुदा ने अपने नेक बंदे और पैगंबर, इब्राहीम की परीक्षा ली थी और कहा था कि जो चीज तुम्हें संसार में सबसे ज्यादा पसंद हो उसे मेरे लिए कुर्बान कर दो। उन्होने अपने प्रिय बेटे इस्माइल को कुर्बान करने का इरादा कर लिया था। उनके इस इरादे मात्र से खुदा प्रसन्न हुआ और इस तरह से वो परीक्षा में खरे उतरे और तभी से ये त्यौहार मनाया जाता है।

तो ये थी जानकारी ईद के बारे में। अब चंद दिनों का इंतेजार है, ईद अनकरीब है। अपने सारे गिले-शिकवे मिटा कर लोग एक दूसरे के गले लगेंगे। नफरत को मिटा फिर मोहब्बत की इबारत लिखी जाएगी, जो इस देश की सबसे अहम जरूरत है। ईद अपने साथ खुशियां और अमन लेकर आएगी, ऐसी दुआ तो हम कर ही सकते है।

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार एवं सोशल ऐक्टिविस्ट हैं)**

## बिगड़े हैं तेवर नगर के !



इस कदर बिगड़े हैं तेवर नगर के,
जल रहा घर/ चुपचाप हैं / लोग घर के.
नगर के सभ्रांत जन सब/ मंत्रणा में लीन,
आग यह किसने लगाई / यह प्रश्न केवल विचाराधीन.
घर बुझाने के लिए/ तत्पर न कोई.
जब कि घर के पास ही/ बहते कई नाले नहर के.
है गनीमत हवा है/ अभी हल्की /पर बन सकती/ बवंडर कभी भी.
फिर भला रह पाएगी/ सीमा कहाँ तक?
द्वार की घर की/ मोहल्ले की नगर की,
या पड़े रह जायेंगे /कांटे डगर के.

**-अनूप श्रीवास्तव**

# यह समय एकजुट होने का है

## समय-संदर्भ

**रविभूषण**



कुछ दिन पहले प्रतिष्ठित अंग्रेजी अखबार 'द हिन्दू' के अपने लेख 'ऐन एनफोर्सड साइलेंस कैन नाट सॉल्व इंडियाज प्रोब्लेमस' में सोनिया गांधी ने विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका को व्यवस्थित ढंग से विघटित करने का आरोप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार पर लगाया है। 16 मई 2014 के बाद भारत की राजनीतिक स्थिति पूरी तरह बदल गयी। सोलहवीं लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ था और गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने। तीस वर्ष पहले 1984 में मात्र दो सीट प्राप्त करने वाली भाजपा को इस चुनाव में 282 सीटें प्राप्त हुई थीं। उसका वोट 33 प्रतिशत था। कांग्रेस को उस समय 1984 में 404 सीट प्राप्त हुई थी। तीस वर्ष बाद लोकसभा चुनाव में उसे मात्र 44 सीट प्राप्त हुई। भारतीय मतदाताओं ने ऐसा निर्णय क्यों लिया? तीस वर्ष तक उसने किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं दिया था। केन्द्र में गठबंधन की सरकार बनती रही।

राजनीतिक परिस्थितियों का निर्माण राजनीतिक दल करते हैं। भारत में राजनीतिक दलों की कमी नहीं है। इस समय लोकसभा में 36 राजनीतिक दलों के सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 303 सीटें प्राप्त हुईं और कांग्रेस को मात्र 52। सभी राजनीतिक दलों की कुल सीटों से भी अधिक है भाजपा की कुल सीट। भाजपा केरल, तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश को छोड़ कर देश के सभी हिस्सों में फैल चुकी है। उसे विजयी बनाने और नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का सारा श्रेय उत्तर भारत के दस हिन्दी राज्यों - बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली को है, जहाँ से लोकसभा की कुल 225 सीट है। हिन्दी प्रदेश भाजपा का गढ़ है। यहाँ से एक प्रकार से कांग्रेस का सफाया हो चुका है और यहाँ के क्षेत्रीय दलों में एकता का अभाव है। 2014 के लोकसभा चुनाव में हिन्दी प्रदेश से भाजपा को 190 सीट और 2019 के चुनाव में 170 से अधिक सीट प्राप्त हुई थी। भाजपा का संबंध भारत के मतदाता से अचानक नहीं बना है। यह जिस आरएसएस की राजनीतिक शाखा है, उसने जनता के बीच अपनी पैठ बनायी है। दो वर्ष बाद 2025 आरएसएस अपनी जन्मशताब्दी मनायेगा और तब तक यह देश पूरी तरह बदल दिया जा सकता है। भाजपा की विचारधारा हिन्दुत्व, हिन्दू राष्ट्रवाद, आर्थिक उदारीकरण और अखण्ड, एकात्म मानवतावाद की है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति कायम करने में आरएसएस की प्रमुख भूमिका रही है। पिछले दो-तीन दशक से भारतीय राजनीति में हुआ परिवर्तन, एक गंभीर अध्ययन की माँग करता है। पश्चिम बंगाल में तीस वर्ष से अधिक वामदलों की सरकार थी। आज वहाँ की विधानसभा में माकपा का एक भी विधायक नहीं है। दस हिन्दी राज्यों से लोकसभा में कम्युनिस्ट पार्टी का एक भी सांसद नहीं हैं।

राजनीति अब राजनीतिक दलों और उनके सांसदों के लिए सबसे बड़ा 'निवेश' (इन्वेस्टमेंट) है। मुख्य सवाल यह है कि विधानसभा और लोकसभा का चुनाव क्यों लड़ा जाता है? क्या सचमुच चुनाव जनता के कल्याण के लिए, समाज के उन्नयन और तरक्की के लिए लड़े जाते हैं या अपने को अमीर और ताकत-सम्पन्न, बनाने के लिए? अब लोकसभा में करोड़पति और आरोपी अपराधी सांसदों की कमी नहीं है। 2007 की लोकसभा में जहाँ 150 सांसद करोड़पति थे, मात्र सात वर्ष बाद 2014 में उनकी संख्या बढ़कर 449 हो गयी। राज्य सभा के 90 प्रतिशत से अधिक सांसद करोड़पति हैं। दूसरी ओर बेरोजगारी बढ़ रही है और आज भी भारत की जनता 'रोटी, कपड़ा और मकान' की माँग कर रही है। फिलहाल भारतीय लोकतन्त्र मोदी-शाह-तंत्र के हवाले है। 2014 में 'डेमोक्रेसी इंडेक्स' में, भारत, दुनिया में 27वें नम्बर पर था, जो नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2020 में 51वें नम्बर पर आ गया। अब भारतीय लोकतंत्र 'फ्लावड लोकतंत्र' है - 'त्रुटिपूर्ण लोकतंत्र'। 2014 के लोकसभा चुनाव के पहले ही नरेन्द्र मोदी ने 'कांग्रेस मुक्त भारत' की बात कही थी, जिसका सीधा अर्थ 'विपक्षमुक्त भारत' से है। यह स्लोगन लोकतंत्र विरोधी है। भारत में फिलहाल विपक्षहीन लोकतंत्र है। संसद में और संसद के बाहर सभी विपक्षी दल एक जुट नहीं हैं। राहुल गांधी के प्रश्नों का संसद में सरकार और प्रधानमंत्री ने कोई उत्तर नहीं दिया है। कोरोना के बाद भी 'मुँह बन्दी' है, सवाल पूछने पर मनाही है। अभिव्यक्ति की आजादी समाप्त की जा रही है। आज का भारत भारतीय नागरिकों का भारत न होकर मोदी का भारत है। दो वर्ष पहले क्रिस्टोफे जैफ्रला कर्र की पुस्तक प्रकाशित हुई है- 'मोदीज इंडिया : हिन्दू नेशनलिज्म एण्ड द राइज ऑफ एथनिक डेमोक्रेसी'। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'इंडियाज डिवाइडर इन चीफ', कहा गया है। उनके कार्यकाल में 'लिंचिंग' शुरू हुआ, 'विपक्ष मुक्त भारत' की बात कही गयी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बाधित की गयी, प्रश्नकर्ताओं, लेखकों, बुद्धिजीवियों को 'राष्ट्रद्रोही', 'अर्बन नक्सल' और 'माओवादी' कहा गया, संवैधानिक-लोकतान्त्रिक संस्थाएं कमजोर की गयीं, मुसलमान अपने ही देश में दोयम दर्जे के नागरिक बने और 'भारतीय राष्ट्र' अब 'हिन्दू राष्ट्र' बनने की दिशा में है।

विपक्षी दलों में एकता के अभाव ने भी आज के भारत का यह स्वरूप निर्मित किया है। कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार और कदाचार से मुक्त नहीं हैं, हमाम में सब नंगे हैं। उनमें देश की सही चिंता और नागरिकों की फिक्र बहुत कम है। अनेक विपक्षी नेताओं की चाह प्रधानमंत्री बनने की है। निज चिन्ता सर्वोपरि है, देश चिंता गौण है। भाजपा का क्षेत्र - विस्तार और प्रभाव व्यापक होता गया है। बेरोजगारी, हो या महँगाई का मुद्दा, राजनीतिक दलों ने सड़कों पर उतर कर लगातार प्रदर्शन नहीं किये हैं। भय का माहौल बनाया गया है और सब भयग्रस्त होते रहे हैं। ईडी, सीबीआई, इन्कम टैक्स के छापे की चिन्ता नेताओं में है। जनता को जोड़ने और एकजुट करने वाली शक्तियाँ कम हैं, नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता का मनोविज्ञान अच्छी तरह समझ लिया है। राजनीतिक दलों के वास्तविक चेहरों से वे सुपरिचित हैं। इस स्थिति में आरएसएस और कॉरपोरेट को एजेंडा लागू किया जा रहा है। अडानी के यहाँ ईडी ने अपने पाँव नहीं रखे हैं। क्षेत्रीय दल एक जुट नहीं हैं। गठबंधन और महागठबंधन बार-बार होता है, बनता और टूटता है। लोकतंत्र और संविधान संकट ग्रस्त है। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका अपने दायित्वों का निर्वाह नहीं कर रही हैं। संविधान ने उन्हें जो शक्तियां दी हैं, उनकी उपेक्षा कर सब अपना हित साधने में लगे हैं। जॉन स्टुअर्ट मिल ने 'on liberty' पुस्तक के आरंभ में ही सत्ता और स्वतंत्रता के बीच संघर्ष की बात कही है। उन्होंने सरकार की निरंकुशता और तानाशाही को नागरिकों की स्वतंत्रता के द्वारा नियंत्रित करने की आवश्यकता बतायी थी। भाजपा की सरकार बहुमत में है। भारत में अभी 'Majoritarian government' (बहुसंख्यक की सरकार) है। मिल ने बहुमत की निरंकुशता को सरकार की निरंकुशता और तानाशाही से अधिक खतरनाक माना है। अंबेडकर ने 25 नवम्बर 1949 को संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में यह कहा था झ ₹क्या भारतीय देश को अपने मताग्रहों से ऊपर रखेंगे या उन्हें देश से ऊपर समझेंगे? मैं नहीं जानता झ यदि पार्टियां अपने मताग्रहों को देश से ऊपर रखेगी तो हमारी स्वतंत्रता संकट में पड़ जाएगी और संभवतः वह हमेशा के लिए खो जाए। हम सबको अपने दृढ़ संकल्प के साथ इस संभावना से बचना है। हमें अपने खून की आखिरी बूंद तक स्वतंत्रता की रक्षा करनी है।₹ हमने राजनीतिक दलों ने उनकी चेतावनी नहीं सुनी। उन्होंने अपने इस भाषण में जॉन स्टुअर्ट मिल के इस कथन की याद दिलायी थी झ ₹अपनी स्वतंत्रता को एक महानायक के चरणों में भी समर्पित न करें या उस पर बिश्वास करके उसे इतनी शक्तियाँ प्रदान न कर दें कि वह संस्थाओं को नष्ट करने में समर्थ हो जाए।₹

संस्थाएं नष्ट की जा चुकी हैं। महाशासक के चरणों में भय से ही सही, अधिकांश लोग झुक चुके हैं। बचे हुए लोग और संगठन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरन्तर प्रयत्नशील और संघर्षशील हैं। इस समय संविधान की रक्षा करना सभी भारतवासियों का कर्तव्य है- विशेषतः शिक्षित, प्रबुद्ध भारतीय जनों का। भारतीय गणराज्य का संविधान 2 वर्ष 11 महीने, 18 दिन की कुल 114 दिनों की बैठक में तैयार किया गया है। 3 जून 1947 को लार्ड माउंट बेटन ने भारत विभाजन की घोषणा की थी। उस समय धर्म के आधार पर पाकिस्तान की तरह भारत को भी धार्मिक राष्ट्र (हिन्दू राष्ट्र) बनानेवाले भी थे, पर अम्बेडकर और नेहरू ने हिन्दू राष्ट्र के विचार को खारिज किया था। सरकार के राष्ट्रपति फॉर्म को भी खारिज किया गया था और अब हाईकोर्ट के जज भी यह कहते हैं कि भारत को हिन्दू राष्ट्र होना चाहिए था। भारतीय संविधान हिन्दू राष्ट्र होने में बाधक है। संविधान के अनुसार भारत एक सेकुलर राष्ट्र है। आरएसएस भाजपा का पैतृक संगठन है - एक हिन्दू राष्ट्रवादी, अर्ध सैनिक स्वयंसेवक संगठन। आरएसएस ने कभी भारतीय संविधान और तिरंगे का सम्मान नहीं किया है। राष्ट्रीय स्वाधीनता आन्दोलन में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसके सबसे लम्बे समय तक सर संघ चालक रहे गोलवलकर ने अपनी पुस्तक झ 'बँच ऑफ थॉट्स' में देश के तीन 'आंतरिक शत्रुओं' (इंटर्नल एनेमीज) को चिह्नित किया है। मुसलमान, ईसाई और कम्युनिस्ट इनके अनुसार भारत के शत्रु हैं। संविधान बनने के समय ही आरएसएस के अंग्रेजी मुखपत्र झ 'आर्गनाइजर' में इसका विरोध किया गया था। आज भारतीय लोकतंत्र और सेकुलर भारत के सामने चुनौतियाँ हैं। आरएसएस लोकतांत्रिक संगठन नहीं है। इसकी आस्था 'हिन्दुत्व' में है, न कि 'सेकुलरिज्म' में मोदी और भाजपा सरकार ने मुस्लिम बहुल जम्मू कश्मीर राज्य को तीन भागों में विभाजित कर केन्द्रशासित बना दिया। आरएसएस के प्रमुख नेताओं ने संविधान का विरोध किया है। 1949 में गोलवलकर ने अपने एक भाषण में, कहा था - ₹संविधान बनाते समय अपने 'स्वत्व' को, अपने हिंदूपन को विस्मृत कर दिया गया... देश में विच्छेद उत्पन्न करने वाला संविधान बनाया गया। हममें एकता का निर्माण करने वाली भावना कौन-सी है, इसकी जानकारी नहीं होने से ही यह संविधान एक तत्त्व का पोषक नहीं बन सका। एक देश, एक राष्ट्र तथा एक ही राज्य की एकात्म शासन रचना स्वीकार करनी होगी।₹ गोलवलकर को 'मनुस्मृति' का संविधान पसन्द है। उनके सिद्धांत फासिस्टों से मेल खाते हैं। अब यह बात खुलकर कही जा रही है, कि भारत फासिज्म के रास्ते पर बढ़ चुका है, इसे रोकने वाले राजनीतिक दल और संगठन कहाँ हैं? उनकी एकता सुदृढ क्यों नहीं हो रही है?

भारत वासियों का भविष्य खतरे में है। इस देश को एक रंग - भगवा रंग में रंगने की लगातार कोशिशें हो रही है। आरएसएस की जन्मशती तक भारत को घोषित अघोषित रूप में हिन्दू राष्ट्र बना देने की सारी तैयारियाँ की जा रही हैं। इतिहास बदला जा रहा है। हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हम 2014 में केवल सरकार बदलने नहीं आए थे। वे आठ सौ वर्ष के भारत को बदलना चाहते हैं। सैकड़ों इतिहास-ग्रन्थ तैयार किये जा रहे हैं। जन मानस को हिन्दू मानस में बदला जा रहा है। आज भारत में भारत की रक्षा का सवाल प्रमुख है। भारत की रक्षा का अर्थ है भारत की विविधता की रक्षा। हमारा देश बहुभाषी, बहुधार्मिक, बहु सांस्कृतिक है। इसी कारण हमारी 'हस्ती' नहीं मिटी। आज उस हस्ती को मिटाने वाली शक्ति सत्ता में है। इस समय भारतीयों की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। भय, आतंक, घृणा, हिंसा, अविश्वास का चारो और माहौल है, जिसे बदलने की जरुरत है। राजनीतिक दल ही नहीं, प्रबुद्ध जन भी सोचें और सक्रिय हों। विभाजनकारी शक्तियों के खिलाफ यह समय एकजुट होने का है। इस कर्ममय संसार में हमें कर्मरत होना होगा। ₹यह खामोशी कहाँ तक? लज्जत-ए-फरियाद पैदा कर/जमीं पर तू हो और तेरी सदा हो आसमानों में/न समझोगे तो मिट जाओगे ए हिन्दोस्ताँ वालों!/तुम्हारी दास्ताँ तक भी न होगी दास्तानों में।

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# मुहम्मद ताहिर को यूं भुला देना ठीक नहीं

## शख्सियत

**जाहिद खान**



मुहम्मद ताहिर बीती सदी के छठवें-सातवें दशक के जाने-पहचाने कथाकार रहे हैं। उन्होंने इन दो दशकों में खूब कहानियां लिखीं। इस दरमियान उनकी तकरीबन सौ से ज्यादा कहानियां प्रकाशित हुईं। कवच और एक उदास खुशी, इन दो कहानी संग्रह में मुहम्मद ताहिर की कुछ कहानियां संकलित हैं। इनमें से कई का अनुवाद अन्य भारतीय भाषाओं में भी हुआ। बाकी कहानियां तमाम पत्र-पत्रिकाओं में बिखरी पड़ी हैं, जिनको संकलित किया जाना बेहद जरूरी है। एक दौर था, जब वे हिंदी की तमाम प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं से लेकर लोकप्रिय मैगजीनों में भी सम्मान के साथ छपते थे। लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि उनका रचनाकर्म रुक गया, कलम थम गई और उन्होंने खुद ही कहानी लेखन से किनारा कर लिया।

मुहम्मद ताहिर की पहली कहानी इलाहाबाद से निकलने वाली अपने समय की प्रसिद्ध पत्रिका कहानी में छपी थी। जिसके संपादक श्रीपत राय थे। इसके बाद 'धर्मयुग', 'नीहारिका', 'कंचनप्रभा', 'जाह्नवी', 'अर्पणा', 'अनिता', 'सरिता' और 'साक्षात्कार' समेत उस दौर की सभी बड़ी पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कहानियां न सिर्फ. प्रकाशित हुईं, बल्कि उन्हें व्यापक सराहना भी मिली। उस वक्त आलम यह था कि आम पाठकों को उनकी कहानियों का इंतजार रहता था। खास तौर से महिला पाठकों में मुहम्मद ताहिर, काफी मकबूल थे। इस मकबूलियत की वजह उनका सीधा-सादा कहन, भाषा-शैली और आम भारतीय परिवारों के सुख-दुःख, उनके जीवन संघर्षों से तारतम्य बिठाना था।

मुहम्मद ताहिर, पारिवारिक और मानवीय संबंधों की सीधी-सादी कहानियों के नायाब कथाकार थे। जो अपनी कहानियों को बड़े ही सहजता से बुनते थे। उनकी कोई भी कहानी उठा कर देख लीजिए, अपनी शुरूआत से ही वह पाठकों को बांध लेती है। कहानी का आगाज वे कुछ इस अंदाज में करते हैं कि पाठकों की दिलचस्पी कहानी के आखिर तक बरकरार रहती है। कहानी कहीं भी बीच में बोझिल नहीं होती। एक रवॉ-दवॉ अंदाज में कहानी आगे बढ़ती है। ख़्वाह-मखाह के नरेशन और किरदारों के गैऱ–जरूरी चित्रण से वे बचते हैं। आम–फहम जबान और सादा–बयानी उनकी कहानियों की खासियत है। बेवजह के प्रयोग और भाषाई क्लिष्टता से उन्होंने हमेशा परहेज किया। एक आम पाठक सदा उनकी निगाह में रहा और इसी बात को मद्देनजर रखकर, वे अपनी कहानी को आकार देते थे। उनकी कहानियों में न तो अनावश्यक विस्तार होता है और न ही वे भारी-भरकम संवादों से पाठकों को चौंकाने की कोशिश करते हैं। मुहम्मद ताहिर की कहानियों को पढ़ें, तो जिस माहौल और किरदारों की वे बात करते हैं, वह आंखों के सामने ज़िंदा हो जाते हैं। यही एक अच्छे किस्सा–गो की पहचान है।

5 जुलाई, 1939 को उत्तर प्रदेश के कस्बा चुनार जिला मिजार्पुर में जन्मे मुहम्मद ताहिर ने ज़िंदगी के आखिरी चार दशक अपने परिवार के साथ खामोशी से गुजारे। इस दरमियान वे लेखन से बिल्कुल दूर रहे। इस हद तक कि उनके कहानीकार की पहचान ही लुप्त हो गई। उनकी पीढ़ी के रचनाकारों को छोड़कर, नई पीढ़ी मुहम्मद ताहिर के लेखन से अंजान ही रही। 1 सितम्बर, 2022 को लखनऊ में उनके इंतिकाल की खबर, जब सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंची, तब उन्हें मालूम चला कि मुहम्मद ताहिर एक आला दर्जे. के कथाकार भी थे। उनके साथ के रचनाकारों ने उन्हें जिस शिद्दत के साथ याद किया, उससे नई पीढ़ी को मुहम्मद ताहिर के साहित्यिक कद का एहसास हुआ। मुहम्मद ताहिर की बात हुई, तो उनकी कहानियों का भी जिक्र आया। यह भी मालूम चला कि अपने जमाने में यह कथाकार कहां-कहां प्रकाशित होता था। मुहम्मद ताहिर की कहानियों के विषय, भाषा, शिल्प और शैली पर बात हुई। बावजूद इसके हिंदी की तमाम पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कहीं कोई खास चर्चा या उन पर केन्द्रित लेख नहीं आए। यह वाकई हैरत–अंगेज है। जिस कहानीकार की पहली कहानी, श्रीपत राय जैसे हिंदी के प्रतिष्ठित संपादक ने प्रकाशित की हो, और बाद में भी उनकी कहानियां हिंदी साहित्य की बड़ी पत्रिकाओं में सम्मान के साथ प्रकाशित हुई हों, उनके साथ हिंदी साहित्य जगत का यह उपेक्षापूर्ण और उदासीन रवैया, निराश ही करता है।

खैऱ, अब बात मुहम्मद ताहिर की कुछ कहानियों की, जो मेरी नजर से गुजरीं। जैसा कि मैंने अपने इस लेख की इब्तिदा में कहा, मुहम्मद ताहिर ने ज्यादातर पारिवारिक और मानवीय संबंधों पर ही अपनी कलम चलाई है। वे बड़ी ही सिद्धहस्तता से इन कहानियों को रचते थे। मध्यम वर्ग और निम्न-मध्यम वर्ग हमेशा उनकी कहानियों के केन्द्र में रहा। नौकरीपेशा लोगों और महिलाओं की समस्याओं को वे गहन संवेदनशीलता से उभारते हैं। खास तौर से महिलाओं की समस्याओं, उनकी चिंताओं और आकांक्षाओं के प्रति वे बेहद संवेदनशील नजर आते हैं। 'संबंधों की वापसी', 'सम्बल', 'आशंका', 'धुंधला पड़ता हुआ साइनबोर्ड', 'कुलच्छिनी' आदि उनकी कहानियां नायिका प्रधान हैं। जिसमें वे महिलाओं के अंतर्मन की गांठों को बड़े ही विशेषज्ञता से खोलते हैं। कहानी 'धुंधला पड़ता हुआ साइनबोर्ड' की मुख्य पात्र मिस रेखा, वास्तव में एक विधवा हैं। उसके पति की एक रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई है। वह अपनी पुरानी बातों को बिसरा कर, अच्छी खासी नौकरी कर रही है कि उसकी ज़िंदगी में अचानक भूचाल आ जाता है। मिस रेखा के ऑफिस के बड़े बाबू, जो खुद भी विधुर हैं, उसके सामने शादी का प्रस्ताव इस अंदाज में रखते हैं कि वह इंकार नहीं कर पाती। इस कहानी में लेखक ने बड़े कुशलता से ऑफिस का परिवेश निर्मित किया है। महिला सहकर्मी के प्रति पुरुष सहकर्मियों का क्या रवैया और नजरिया रहता है, उसे भी वे बखूबी दशार्ते हैं। चूंकि मुहम्मद ताहिर खुद, एक सरकारी नौकरी में रहे, इसलिए ऑफिस की आंतरिक राजनीति और उसकी उठा-पटक से अच्छी तरह से वाकिफ थे। लिहाजा उनकी कहानियों में सरकारी कार्यालयों और उनके कर्मचारियों की मनोदशा का बढ़िया चित्रण दिखाई देता है। कहानियों को पढ़कर, लगता है कि "हां, इन ऑफिसों में ऐसा ही तो होता है।"


'बदला' एक आदर्शवादी और प्रेरणादायक कहानी है। मुहम्मद ताहिर ने बड़े ही खूबसूरती से इस कहानी में उत्कृष्ट जीवन मूल्यों और समाज में भलाई का संदेश दिया है। 'फरियाद' मुहम्मद ताहिर की अपेक्षाकृत एक छोटी सी कहानी है। इस कहानी में सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली और लालफीताशाही पर निशाना है। गोपीचन्द को रिटायर हुए दो साल हो गए हैं, लेकिन न तो उनकी पेंशन मिलना शुरू हुई है और न ही उन्हें अपने फंड का पैसा मिल पा रहा है। इस काम के लिए वे अपने ऑफिस के अनेक चक्कर काट चुके हैं। लेकिन उनका काम पूरा होने को नहीं आ रहा। ऑफि स का चपरासी उन्हें कई बार समझाता है कि वे बाबू कामता प्रसाद को कुछ खर्चा-पानी (रिश्वत) देकर, अपना काम आसानी से करवा सकते हैं। लेकिन अपनी पूरी सर्विस के दरमियान ईमानदार और कर्त्तव्यनिष्ट रहे, गोपीचन्द को यह बात बड़ी अजीब लगती है कि जिस ऑफि स से वे रिटायर हुए, वहां ही उन्हें अब रिश्वत देकर अपना काम कराना होगा। वे इस बात की शिकायत, बड़े बाबू को करने के इरादे से उनके घर पहुंचते हैं। लेकिन गोपीचन्द, पूरी तरह से निराश हो जाते हैं, जब वे यह देखते हैं कि बाबू कामता प्रसाद ने तो बड़े बाबू को पहले ही तरह-तरह के तोहफे देकर, साध रखा है। वह हताश स्वर में अपने नाती से कहते हैं, "चल पप्पू बेटा चलें। यहां फरियाद करना बेकार है।" यह कहानी कोई चार दशक पुरानी है, लेकिन सरकारी ऑफिसों के काम–काज में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। बल्कि हालात अब तो और भी ज्यादा बदतर हैं। रिश्वत, अब वहां आम है। मुहम्मद ताहिर, अपने समय में आ रहे इस बदलाव को करीब से देख रहे थे। 'फरियाद' कहानी में उन्होंने इसी बात की संजीदगी से शिनाख़्त की है। छोटी सी यह कहानी, अपने कहन और कंटेंट के स्तर पर वाकई बेहद प्रभावशाली कहानी है।



'पराजय', एक कर्त्तव्यनिष्ट और ईमानदार अफसर वर्मा जी की कहानी है, जो अपनी तमाम आर्थिक परेशानियों के बाद भी ईमानदारी से नाता नहीं तोड़ते। कमर्शियल टैक्स के बैरियर पर उनके सामने रिश्वत लेने के कई मौके.आते हैं, मगर वे ईमानदारी के साथ रोज अपना काम निपटाते हैं। लेकिन पारिवारिक परेशानियों और अपनी आर्थिक जरूरतों के आगे एक दिन वे हार जाते हैं। वे आखिरकार, रिश्वत के लिए हां कर देते हैं। वे रिश्वत जरूर ले लेते हैं, मगर अपने आप को पराजित महसूस करते हैं। मुहम्मद ताहिर, यहीं कहानी का अंत कर देते हैं। वर्मा जी का यह रवैया सही है या गलत ?, इसका फैसला वह पाठकों पर छोड़ देते हैं। मुहम्मद ताहिर की किसी भी कहानी को पढ़ें, उसे पढ़कर उनके एक कुशल किस्सागो होने का एहसास होता है। उनके पास न सिर्फ.एक अच्छी कहानी कहने का हुनर था, बल्कि एक सधी हुई भाषा भी थी। वे बड़े ही सहजता से अलग-अलग विषयों पर कहानी लिखने की महारथ रखते थे। अफसोस, उन्होंने अपना रचनाकर्म जारी नहीं रखा। यदि वे कहानी के मैदान में आगे भी रहते, तो उनके अदबी खजाने से और भी कई बेश–कीमती एवं संदेशात्मक कहानियां बाहर निकल कर सामने आतीं।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

## व्यंग्य



# काश! मैं चूहा ही होता

**अशोक गौतम**

कई बार क्या, हर बार सोचता हूं कि आदमी बनकर भी मैंने क्या कर लिया? वही राशन की लंबी लाइन! वही भाषण सुनते लहूलुहान होते कान! वही आश्वासनों का कान में घुसता रायता! मैं चाहकर भी खास तो छोड़िए, गलती से बकवास तक न कर सका। खास छोड़ जब भी बकवास करने की सोची इसने उसने मेरे मुंह पर पट्टी बांध दी। कई बार तो मैंने खुद ही अपने मुंह पर पट्टी बांध ली। बेकार का सच बोलने पर समाज में बवाल खड़ा हो जाएगा। मैं समाज में सबकुछ करना, देखना चाहता हूं, पर सच बोलकर समाज की शांति कतई भी भंग करना नहीं चाहता। असल में बकवास करने के लिए भी अपने पीछे बहुमत होना चाहिए। जिनके पास बहुमत हैं वे कुछ भी बकवास करने का दुस्साहस रखते हैं। और मेरे जैसे खास कहने से भी गुरेज परहेज करते हैं।

सच कहूं तो शेर बनकर भी कोई क्या कर लेता है। शेर सारी उम्र बस, इसी गुरूर में रहता है कि वह शेर है। भले ही सरकार के संरक्षण में पिंजड़े में पल रहा हो। ऐसे शेरों से बहेतर तो मुझे चेहे लगते हैं। आरमा से कहीं भी घूम फिर तो सकते हैं। साथ में न कोई बॉडी गार्ड न कोई सिक्योरिटी गार्ड।

अखबारों की सुर्खियां बनने के लिए शेर होना जरूरी नहीं, शेर वाले काम करना भी जरूरी नहीं। गीदड़ों वाले काम करके भी अखबारों में वाही वाही लूटी जा सकती है। चूहे होकर भी अखबारों की हेडलाइन बना जा सकता है।

इधर मुहल्ले में शर्मा जी ने उनका ससुराल से मिला गर्म कोट कुतर रहे चूहे की गलती से अपने दोस्त के साथ मिलकर हत्या की तो उनके दोस्त ने चूहे को बचाने के बदले उसका वीडियो बना सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। चूहे की हत्या का वीडियो सोशल मीडिया पर रिलीज होते ही चूहा प्रेमियों में उनके खिलाफ वो गुस्सा फूटा कि... वो गुस्सा फूटा कि... काश! कुछ गुस्सा आदमी का आदमी की हत्या होने पर भी फूटा करता। तब उन्होंने चूहा प्रेमी संघ के प्रधान को बहुत समझाया,' बंधु! दोनों हाथ जोड़ कर माफी मांगता हूं। गलती हो गई। माना, जीव हत्या पाप है। पर यहां कौन पापी नहीं? एक दूसरे को मार कर ही तो हम सब जी रहे हैं। मैंने तो चूहे की हत्या अपना गर्म कोट बचाने के लिए की है। तुम क्या चाहते हो कि अगली सर्दियों में मैं फटा कोट पहने बाजार जाता? मैंने यह चूहे को मारने के इरादे से नहीं किया था। मैंने तो अपने कोट की रक्षा के लिए किया था,' वे मर गए एक से एक दलीलें देते , पर उनकी एक न सुनी गई। मामला चूहे कह हत्या का जो था। आदमी की हत्या को होता तो ठंडा पड़ जाता। मुश्किल से हाथ लगे मुद्दे को चूहा प्रेमी संघ के प्रधान हाथ से जाने देते तो कैसे? उतना सवाल चूहे की हत्या का न था, जितना मुद्दे का था।

और चूहा प्रेमियों ने उनके लाख मुंह बंद करवाने के भी मिलकर उनके खिलाफ आदर्श थाने में रपट लिखवा दी। वहां के थानेदार साहब भी घोर चूहा प्रेमी थे। वे चूहों के अनन्य भक्त थे। चूहे उनकी रग रग में बसते थे। सो, शर्मा जी पर मामला नहीं, संगीन आपराधिक मामला दर्ज किया गया।

अपने गर्म कोट की रक्षा करते करते उनके द्वारा मारे गए चूहे का वीडियो एकबार फिर एडिट कर सोशल मीडिया पर जारी किया गया। इस वीडियो को देखकर शर्मा जी की चूहा प्रेमियों ने ही नहीं, हर सूअर, गीदड़, सियार, प्रेमी तक ने उनके द्वारा किए इस जघन्य अपराध की मैक्सिमम से मैक्सिमम जितनी हो सकती थी, उससे भी अधिक निंदा नहीं, घोर निंदा की, पर दूसरे टाइप के सारे प्रेमी मौन रहे। राष्ट्रीय अखबार , देश के नंबर वन चैनल सारी दूसरी खबरें छोड़ चूहे की हत्या के केस का फॉलोअप करने लगे। अदालत में चूहे की हत्या का शर्मा जी के खिलाफ पचास पन्नों का आरोप पत्र दायर किया गया। चूहे की हत्या की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी साथ अटैच की गई। आदमियों के मौतीसन सॉरी मेडिसन डॉक्टर ने चूहे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ लिखा कि अपराधी ने चूहे को आदमी को मारने वाली गोलियां दी हैं। चूहे की माइक्रोस्कोपिक जांच में भी यही पाया गया है। ताजा स्थिति में बेचारे शर्मा जी अग्रिम जमानत के लिए हाथ पांव मार रहे हैं। काश! निज की पल पल होती हत्या को लेकर भी कहीं कोई चार्ज शीट नहीं , शीट ही दायर कर देता तो मन को परम शांति मिलती।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# छानबे उपचुनाव में सास-बहू ने किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज

**चुनावी हलचल**

### दोनों ने एक ही दिन एक पार्टी से भरा पर्चा

### पहले बहू रिंकी फिर सास की हुई एंट्री

**मीरजापुर।** दिवंगत राहुल प्रकाश कोल के निधन के बाद छानबे सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र को शून्य घोषित कर दिया गया। निर्वाचन आयोग ने उप चुनाव की घोषणा कर दी। गुरुवार को अपना दल एस के प्रत्याशी के रूप में राहुल की पत्नी रिंकी ने नामांकन किया। उनके साथ भाजपा, अपना दल एस और निषाद पार्टी के नेता खड़े रहे। कुछ देर बाद रिंकी की सास पत्नी पकौड़ी कोल पन्ना देवी ने भी नामांकन किया। एक ही सीट पर अपना दल सोनेलाल गुट से दोनों ने पर्चा दाखिल किया है। इसे लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। चुनावी समर में सास- बहू के आमने-सामने आने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। लोग इसे राजनीतिक महत्वाकांक्षा के साथ ही चुनावी कायदे कानून से भी जोड़कर देख रहे हैं।

कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को नामांकन के दौरान उत्सव सरीखा गहमागहमी नजर आ रहा था। पुलिस की तगड़ी व्यवस्था की गई थी। मुख्य गेट पर लगे रस्सी को हटा दिया गया था। ताकि जन प्रतिनिधियों को झुकना न पड़े। आखिर सत्ता पक्ष में शामिल अपना दल प्रत्याशी रिंकी पटेल के नामांकन का दिन जो मुकर्रर किया गया था। कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे सांसदों और विधायकों के लिए कुर्सियां लगाई गई थी। प्रत्याशी तो अपने नामांकन के लिए फोटो खिंचवा कर अंदर चली गई, लेकिन बाहर उनके समर्थन में आए सांसद विधायक लगाके कुर्सियों पर बैठकर भावी रणनीति को स्वरूप देने में लगे रहे।

जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी ने नामांकन के दौरान प्रचंड बहुमत से जीत का संदेश दिया। इसके कुछ देर बाद ही रिंकी की सास ने भी नामांकन कर दिया। उन्होंने ने भी उसी दल से अपने को प्रत्याशी बताया है जिस दल से बहू रिंकी ने पर्चा दाखिल किया हैं। चर्चा इस बात की हैं कि छानबे विधान सभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। रिंकी का विवाह भले ही राहुल प्रकाश कोल के साथ हुआ है, लेकिन उनका जन्म दूसरी बिरादरी में हुआ है। जिसके चलते उनका पर्चा खारिज किया जा सकता हैं। लिहाजा किसी भी प्रकार से चुनावी अखाड़े में हारने से बचने और सहानुभूति की लहर को बचाएं रखने के लिए पार्टी स्तर से यह गेम खेला गया है। रिंकी का पर्चा स्वीकार हुआ तो वाह वाह, खारिज हुआ तो सांसद पकौड़ी कोल की पत्नी पन्ना देवी हैं ना। रिंकी के नामांकन में प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी, केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, राज्य सभा सांसद रामशकल, सोनभद्र के सांसद पकौड़ी कोल, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, विधायक रत्नाकर मिश्र, पूर्व मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल, डा. विनोद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह आदि शामिल थे। रिंकी ने दो सेट में पर्चा दाखिल किया। जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, अपना दल एस एवं निषाद पार्टी के लोग रिंकी के नामांकन में आये हैं। कहा कि प्रदेश के स्वार और छानबे विधानसभा सीट दोनों पर भाजपा जीत हासिल करेगी। अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या के बारे में कुछ भी बोलने से बचते हुए कहा कि आज चुनाव के बारे में बात करिए।

दिवंगत राहुल प्रकाश कोल अपना दल एस युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। जबकि क्षेत्र के भाजपा और सपा के पूर्व विधायक भाईलाल की पुत्री सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल को 64,389 वोट मिला था। उप चुनाव में एक बार फिर सपा प्रत्याशी के रूप में कीर्ति कोल मैदान में हैं। कीर्ति के नामांकन के दौरान सोनभद्र से सांसद उनके ससुर पकौड़ी कोल उनके साथ रहे। पति राहुल के साथ ही रिंकी ने राजनीति में कदम रख दिया था।

रिंकी को 2022 में ही राजनैतिक रूप से स्थापित करने का काम शुरू हो गया था। वर्तमान में रिंकी अपने क्षेत्र से ही जिला पंचायत सदस्य हैं। निर्दल प्रत्याशी उमेश रावत ने किया अपना नामांकन पत्र दाखिल अपना दल (एस ) प्रत्याशी रिंकी सिंह ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अलावादो निर्दल प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया जिनमें निर्दल प्रत्याशी अर्जुन व राज नारायण है।



अद के नामांकन में पहुंचे भाजपा व अद के नेता

### प्रेक्षक ने नामांकन कक्ष व परिसर में भ्रमण कर लिया जायजा

**मीरजापुर।** छानबे (अ0जा0) विधानसभा के उप निर्वाचन-2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग नियुक्त सामान्य प्रेक्षक देवेन कुमार प्रधान, आई0ए0एस0 ने गुरुवार कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन कक्ष व कलेक्ट्रेट परिसर में की गयी सुरक्षा व्यवस्थाओं का भ्रमण कर जायजा लिया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल व उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के लिये किये गये व्यवस्थाओं व सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# डीएम ने भ्रमण कर जांची सुरक्षा व्यवस्था



परिसर का निरीक्षण करतीं डीएम

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने 395-छानबे विधानसभा उप निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर में लगाये गये सुरक्षा व्यवस्था आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ यादव व क्षेत्राधिकारी मंजरी राव सहित अन्य पुलिस कर्मियों से वार्ता कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार ही व्यक्ति नामांकन कक्ष में प्रवेश करेंगे। उन्होने कहा कि किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति उपस्थित रहें।

### कांग्रेस ने की उम्मीदवारों की घोषणा

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह पटेल के द्वारा मीरजापुर नगर पालिका परिषद की उम्मीदवार प्रियंका जैन को कांग्रेस पार्टी के तरफ से उम्मीदवार बनाए जाने पर कांग्रेस जनों एवं व्यापारियों में खुशी की लहर है। वहीं अहरौरा नगर पालिका परिषद के उम्मीदवार उमाशंकर प्रजापति को कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया हैं। कछवां से कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार राधा गुप्ता को कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मकसूद खान, जिले के प्रभारी धर्मेंद्र निषाद, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय दुबे, मीडिया प्रभारी छोटे खान, चुनमुन शुक्ला, गुलाब चंद पांडेय, राजधर दुबे, जफर इकबाल, राजेश मिश्रा, अर्चना चौबे, स्वरूप सिंह, कमर साहिद, अशोक धरकार, राजेंद्र विश्वकर्मा कृष्णा जयसवाल, संतोष उमर आदि लोग मौजूद रहे।

# अध्यक्ष पद के लिए सपा के अशोक ने किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज

**चुनार।** निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार उर्फ संतोष यादव ने अपना नामांकन जलूस एवं आई सी के पास से सैकड़ों कि संख्या में कार्यकर्ता के साथ उप जिला मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी नवनीत सेहारा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान पूर्व विधायक जगदंबा सिंह, सदस्य विधान परिषद आशुतोष सिन्हा, अभय यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्याण यादव, सुजीत यादव, दया यादव मोइन खान, सुनील सिंह, सुरेश सिंह, नसीम खान, एसपी यादव आदि रहे।

निकाय चुनाव अध्यक्ष के लिए पर्चा विजय बहादुर पुत्र शारदा 1सेट, सौरभ सिंह पुत्र स्व अमर नाथ 2 सेट, मोहन यादव पुत्र लालता 1 सेट में पर्चा खरीदा। सभासद पद के प्रत्याशियों ने काउंटर संख्या 1 से 5 में 3, 6 से 10 में 4,11 से 15 में 3, 16 से 20 में 8, 21 से 25 में 4 नामांकन फार्म क्रय किया गया। अहरौरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन नही हुआ। पालिका अध्यक्ष पद हेतु राजकुमार सिंह पुत्र नरायन सिंह, गोपाल दास जायसवाल पुत्र चंद्रप्रकाश जायसवाल ने एक सेट में नामांकन पत्र खरीदा। अहरौरा सभासद पद के लिए प्रत्याशियों ने एक से 5 में 2, 6 से 10 में 4 में 11 से 15 में 9, 16 से 20 में 4, 21 से 25 में 5 नामांकन फार्म खरीदा गया। पालिका परिषद अहरौरा के सभासद प्रत्यासी पद हेतु कुल 6 नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसकी सूचना उप जिला निर्वाचन अधिकारी / उप जिलाधिकारी नवनीत सेहारा ने दिया। इस दौरान चुनार कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन व अदलहट एसएचओ विजय चौरसिया व अतुल कुमार पटेल मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे।



चुनार में नामांकन करते सपा प्रत्याशी

# नोडल अधिकारी ने किया तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**जायजा**

### निरीक्षण में 40 प्रतिशत से कम मिली छात्रों की उपस्थिति

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** विकासखंड लालगंज के माध्यमिक विद्यालयों के नोडल अधिकारी ने गुरुवार को तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीनों विद्यालयों में पंजीकृत छात्रों के अनुपात में उपस्थित छात्रों की संख्या कम पायी गई। जिसको लेकर नोडल अधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को सावधान किया। नोडल अधिकारी डा धर्मजीत सिंह ने बृहस्पतिवार को विकासखंड के तीन विद्यालयों के निरीक्षण में पाया कि छात्रों की संख्या कम है। संख्या को देखकर प्रधानाचार्य से उपस्थिति बढ़ाये जाने पर जोर दिया। कहा कि अनुपस्थित छात्रों को कनेक्ट ग्रुप पर मैसेज से सूचना का आदान प्रदान करें, जिससे उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। कहा कि शिक्षा में सुधार की जरूरत है। निरीक्षण के दौरान मां विंध्यवासिनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहंगपुर का निरीक्षण करते हुए पाया कि पंजीकृत छात्रों के अनुपात में उपस्थिति नाम मात्र रही। इस संबंध में नोडल अधिकारी ने जानने का प्रयास किया कि आखिर कारण क्या है तो बताया गया कि गर्मी के मौसम और वैवाहिक कार्यक्रम से शैक्षणिक गतिविधि प्रभावित हो रही है। इसी प्रकार लालगंज स्थित भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण में 40 प्रतिशत छात्रों की संख्या कम पाई गई। इस संबंध में प्रधानाचार्य राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि परिजनों को सूचित किया गया है और अनुपस्थित छात्र विद्यालय पहुंचेंगे। बापू उपरौध इंटरमीडिएट कालेज लालगंज में छात्रों की उपस्थिति को लेकर कक्षा अध्यापकों से सूचना लिया और संख्या बल बढ़ाए जाने पर जोर दिया। कहा अनुपस्थित छात्रों की सूची तैयार करो व्हाट्सएप पर सूचना देकर पठन पाठन का वातावरण बनाए रखें। इस दौरान रविंद्र पांडे, प्रहलाद सिंह, लालबहादुर सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, राजेश मिश्रा, आदि शिक्षक मौजूद रहे।



निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

### 10 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने सभी विभागाध्यक्षों/ कार्यालयाध्यक्षों को अवगत कराते हुये कहा है कि 395-छानबे (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन-2023 क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु मतदान दिवस पर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में 10 मई 2023 को अवकाश घोषित किया गया हैं। उन्होने कहा कि आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार गत निर्वाचनों की भाति उक्त उप निर्वाचन में भी मतदान तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया हैं। उन्होने अपने आदेश में कहा है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2023 के अन्तर्गत कारखानों मे कार्यरत कर्मकारों को मतदान का प्रयोग करने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135 (ख) के प्राविधानों में अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अविरल प्रकिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनके कार्य नही लेने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत करें।

# नशे के सौदागर को एक ही दिन मिली तीन सजा

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

### पुलिस ने आठ साल में तीन बार पकड़ा

### कानून का पालन किया नहीं अब जेल में कटेंगी दिन रात

**मीरजापुर।** कानून की आँख में धूल झोंककर हेरोइन के धंधे बाज को पुलिस ने 8 साल में 3 बार गिरफ्तार किया। एक साथ चल रही सुनवाई में कोर्ट से फैसला एक ही दिन 19 फरवरी को आया। जिसमें कटरा कोतवाली क्षेत्र के डंकीनगंज निवासी दिलीप कुमार यादव उर्फ ललऊ पुत्र श्याम भोले यादव को अलग अलग मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तीन अभियोगों से सम्बन्धित अभियुक्त को न्यायालय ने 2 वर्ष, 1.5 वर्ष व 10 माह के कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी। पुलिस विभाग की प्रभावी व सशक्त पैरवी के चलते अभियुक्तों को सजा कराये जाने के लिए चल रहे अभियान के क्रम में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने प्रभावी पैरवी कराया। जिसके चलते एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को 2 वर्ष,1.5 वर्ष व 10 माह के कठोर कारावास एवं 30 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। कोतवाली कटरा पुलिस ने 15 जनवरी 2015 क्षेत्र से एक व्यक्ति को नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। उसी व्यक्ति को 24 सितम्बर 2013 को थाना कोतवाली शहर पुलिस ने हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। उसी व्यक्ति को एक बार फिर कटरा कोतवाली पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। जिसके सम्बंध में थाना कोतवाली कटरा में मामला दर्ज किया गया था। एनडीपीएस एक्ट में दर्ज मामले में अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रभावी पैरवी के चलते अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिलीप कुमार यादव उर्फ ललऊ पुत्र श्याम भोले यादव को जेल भेज दिया गया।

# लापरवाही पाए जाने पर कोटेदारों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

**बोले डीएसओ**

### जिलापूर्ति अधिकारी ने कोटे की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलापूर्ति अधिकारी उमेश कुमार ने गुरुवार को पहाड़ी ब्लाक के दुबेपुर बसारी व कोटवा गाँव के कोटे के दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इसके दौरान जिन कोटेदारों ने कार्ड धारकों में यूनिट कटौती कर खाद्यान वितरण करते थे उनमें हड़कंप मचा रहा।

सरकार द्वारा संचालित कोटे की दुकानों पर निः शुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है जिसकी गहनता से निगरानी शासन द्वारा किया जा रहा है जिसके क्रम में जिलापूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र ने पहाड़ी ब्लाक के दो दुकानों का निरीक्षण कर कार्ड धारकों से वितरण की जानकारी ली तो कोटेदारों के वितरण रजिस्टर से लेकर स्टाक रजिस्टर, मौजूद खाद्यान्न का सत्यापन, कांटा तौल आदि की गहनता से जांच की। साथ ही साथ कोटेदारों को निर्देशित किया कि कार्ड धारकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। दुकानें साप्ताहिक बंदी के अलावा प्रतिदिन समयानुसार खोला जाए जिससे सर्वर की प्रॉब्लम होने पर कार्डधारक किसी भी समय दुकांन पर पहुँचकर फिंगर लगा कर अपना खाद्यान ले जा सके।

वितरण में लापरवाही पाए जाने पर कोटेदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्यान्न से वंचित न रहे। उनके साथ ब्लाक इंजीनियर शुभम केशरी भी मौजूद थे।

### बांस काटने को लेकर मारपीट करने वाले चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चककोटार गांव में बांस काटने को लेकर मारपीट करने वाले चार लोगों के विरुद्ध घायल ने मुकदमा दर्ज कराया है। चककोटार गांव निवासी राकेश मौर्य ने बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि घर के कुछ दूर पर बांस का पेड़ लगाया था। जिसे बिना पूछे ही गुरुवार सुबह पड़ोसी विधिनारायण, अमरनाथ, विष्णु व चिंतामणि काटने लगे मौके पर पहुंच कर मना किया तो चारो लोग लाठी-डंडे से मारने पीटने लगे जिससे चोंटे आई है। चोटिल ने बृहस्पतिवार को हलिया थाने में तहरीर देकर चारों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने घायल को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया है जहां पर उपचार चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रैक्टर-ट्राली में फंसी बाइक दो किमी दौड़ाता रहा चालक

**हादसा**

### सूचना मिलते ही जिगना पुलिस ने पकड़ा ट्रैक्टर

### बाइक सवार को आयी मामूली चोट बच गई जान

जनसंदेश न्यूज

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर आज भोर में बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। बाइक सवार युवक छिटक कर दूर फेंका गया। जबकि बाइक ट्राली के पहिए में फंस गई। हादसे के बावजूद चालक करीब 2 किलोमीटर तक फंसे बाइक के साथ ट्रैक्टर को दौड़ाता रहा।

जिसे पुलिस ने सूचना मिलने पर रोका। ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया हैं। जिससे पूछताछ जारी है। बताया जाता हैं कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर निवासी शैफ अली पुत्र उमर अली उम्र 24 अपनी बहन के घर प्रयागराज से लौट रहा था। भोर में करीब साढ़े 3 बजे मोहनपुर गांव के पास वह ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। जिसके कारण उसकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली के पिछले चक्के में फंस गई। वह हादसे के दौरान छिटक कर सड़क पर फेंका गया।

हादसा होने पर ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन रोकने के बजाय ट्रैक्टर के साथ भाग निकला। मोटर साइकिल को ट्राली में फंसा देखकर वह उसे खींचते हुए बसकड़ी गांव तक ले गया।

इसी बीच स्थानीय लोगों की सूचना पर सक्रिय हुई 112 नंबर की पुलिस ने सड़क पर फंसी बाइक के साथ दौड़ रही ट्रैक्टर को रोका। चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर जिगना थाना पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटीं हैं।

### मारपीट के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** चुनार पुलिस द्वारा मारने पीटने व गंभीर रूप से घायल कर देने के अभियोग से सम्बन्धित 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना चुनार मीरजापुर पर 14 अप्रैल 2023 को शशि कुमार सिंह पुत्र शिधेश्वर सिंह निवासी जलालपुर माफी थाना चुनार मीरजापुर द्वारा नामजद के विरुद्ध लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना चुनार पर धारा, 308, 323, 504 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। गुरूवार को उ0नि0 रामप्रताप यादव पुलिस बल द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत से सम्बन्धित आरोपी धर्मेन्द्र साहनी पुत्र टुनटुन साहनी व गोपाल साहनी उर्फ महेन्द्र साहनी पुत्र टुनटुन साहनी निवासीगण निवासी जलालपुर माफी थाना चुनार मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत



**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्ग पर चेतगंज पुलिस चौकी के पास गुरुवार को बालू लदी खड़ी ट्रैक्टर में पीछे से बाइक सवार 40 वर्षीय व्यक्ति की टक्कर होने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चील्ह थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी रमन सिंह 40 वर्ष पुत्र मुन्नर सिंह जनपद में ही सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। गुरुवार की सुबह छः बजे नाइट ड्यूटी कर अपने घर जा रहे थे कि चील्ह गोपीगंज मार्ग पर जैसे ही चेतगंज पुलिस चौकी से सौ मीटर पहले पहुंचे थे कि सड़क किनारे खड़ी बालू लदे ट्रैक्टर में भिड़ गए, जिससे बाईक सहित घसीटते हुए रोड पर कुछ दूर तक चले जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे चेतगंज चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह ने एंबुलेंस बुलाकर घायल रमन सिंह को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही पारिजनों में कोहराम मच गया। मृतक रमन सिंह दो भाइयों में छोटे थे तथा इनको 2 पुत्र हैं। एक 6 वर्ष दूसरा 4 वर्ष का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### आग लगाकर जला रहे थे अवशेष फसल जल गया घर

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नदनी गांव में सायंकाल एक किसान द्वारा हार्वेस्टर से काटी गई गेहूं की अवशेष फसल में आग लगाकर जला रहे थे। उसी दौरान आग की लपटें तेज होते हुए बस्ती की ओर बढ़ने लगी और आग अचानक शिवलाल मौर्या पुत्र श्यामलाल मौर्य के रहायशी मकान कच्चा खपरैल घर में लग गई। जिससे हजारों के गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। वहीं भुक्तभोगी शिवलाल मौर्य व राजनाथ मौर्या का कहना है कि किसान मदन गोपाल मौर्य अपनी गेहूं की फसल हार्वेस्टर से एक सप्ताह पहले कटवाए थे, जिसमें शाम को आग लगाकर के फसल का अवशेष जलाने लगे, वह फसल अवशेष की आग बढ़ते हुए हमारे घर के पास तक आ गई जिसके कारण हमारा घर जलकर राख हो गया। इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल परमानंद मौर्य को दी गई। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जिनका घर जला है उन्हें सहायता राशि दी जाएगी।

### बोझ ढोने को लेकर महिला के साथ मारपीट में मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के थोथा गांव निवासी बलिराम ने पत्नी रामदेई को गेंहू के बोझ ढोने को लेकर बीते 10 अप्रैल को पुत्र तथा उसकी पत्नी और दो भाइयों द्वारा मारपीट कर घायल करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में घायल महिला के पति ने आरोप लगाया कि पुत्र साहब लाल उसकी पत्नी उर्मिला भाई हीरालाल और बच्चेलाल ने गेंहू के बोझ को ढोने को लेकर बीते दस अप्रैल की शाम छः बजे पत्नी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए था। बताया कि गंभीर रूप से घायल पत्नी का इलाज मंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है। घायल महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**जमालपुर।** अपराध एवं अपराधियों को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है, जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में बुधवार की देर रात पुलिस ने बहुआर गांव स्थित नहर के समीप एक युवक को देशी तमन्चा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस की मानें तो मुखबिर की सूचना पर बहुआर नहर पुलिया के पास से आरोपी सिकन्दर बियार 24 वर्ष पुत्र स्व राजेन्द्र निवासी पिड़खीर के पास से देशी तमन्चा और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। जिसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

### कुएं में गिरे पशु को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाला बाहर

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के कलवारी स्थित सूखे कुएे में सोमवार के दिन ही गिरे पशु को ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित बाहर निकाला गया। कुएं में गिरे पशु को रस्सी के सहारे पानी व भूसा दिया जा रहा था। तापमान में वृद्धि से पशु ही नहीं मनुष्य भी पानी की तलाश में बौखलाया है, क्षेत्र में पेयजल संकट चरम पर है मनुष्य किसी तरीके से गले को तर कर ले रहा है लेकिन बेजुबान पशु पानी की तलाश में गहरे कुएं में कूद जा रहे है और गिरकर घायल हो जा रहे हैं। यदि ग्रामीणों की नजर कुएं में गिरे पशु पर ना पड़ती तो भूख प्यास से छुट्टा पशु की जान चली गयी होती। मानवता की मिसाल पेश करते हुए ग्रामीणों द्वारा तत्परता से कुएं में गिरे पशु को बाहर निकाला गया। इस दौरान ग्रामीण राजेश, मोझू,बहु पंडित, सुरेश कुमार सिंह उर्फ रामबाबू, राहुल सिंह व अन्य ग्रामीणों की मदद से कुएं में गिरे पशु को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार कराकर चारा दिया गया।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** थाना को0देहात क्षेत्रांतर्गत रेलवे क्रॉसिंग मुहकुचवा के पास ट्रेन से धक्का लगने से गोपाल चौहान पुत्र हरिशंकर चौहान निवासी भरूहना थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर उम्र करीब 45 वर्ष की मृत्यु हो गई। सूचना पर चौकी प्रभारी भरूहना थाना को0देहात जनपद मीरजापुर मय पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। वहीं घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### गो तस्कर को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान पुलिस गोवध अधिनियम के अभियोग से सम्बंधित 01 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा पशुतस्करों के विरूद्ध जारी अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। गुरूवार को उ0नि0 शिव प्रकाश मय पुलिस टीम द्वारा थाना मड़िहान पर पंजीकृत मु0अ0सं0-194/2022 धारा 3 /5अ/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बंधित 01 आरोपी शम्भू यादव पुत्र रामजी यादव निवासी बहरछठ पटेहरा थाना संतनगर मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

### चोरों ने चटकाया सहज केद्र का ताला

**मीरजापुर।** मड़िहान तहसील के सामने सहज जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए का बैट्री व इनवर्टर पर हाथ साफ कर दिया। सूचना के बाद पंहुची पुलिस जांच में जुट गई है। देवरी गांव निवासी संदीप पाल मड़िहान तहसील के सामने जीवकोपार्जन के लिए सहज जन सेवा केंद्र है। दुकान उसके परिवार के सदस्य चलाते है। बुधवार की देर शाम दुकान बंद कर सभी घर चले गए। इसी बीच चोरों ने ताला तोड़कर इनवर्टर व बैट्री बल्ब उठा ले गए सुबह जब दुकान खोलने पंहुचा संदीप का भाई रंजित दुकान का ताला टूटा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पंहुची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### पिटाई कर रुपये व मोबाइल छीनकर फरार हो गए बदमाश

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के बिहसड़ा गांव के पास बुधवार की रात लगभग दस बजे तेरहवीं से लौट रहे बाइक सवार की पिटाई कर रुपए व मोबाइल छीनकर बदमाश फरार हो गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जिगना थाना क्षेत्र के गोगांव गांव निवासी नागेंद्र यादव अपने साथी सूरज के साथ बिहसड़ा गांव तेरहवीं में शामिल होने गया था। रात वापस घर लौट रहा था। जैसे ही बिहसड़ा गांव के पास पहुंचा। तभी तीन युवकों ने बाइक सवार को रोक लिया और उसकी पिटाई करने लगे। बदमाश युवक को मारपीट कर उसके पास रखे पांच हजार रुपए नगद व मोबाइल छीन कर भाग गए। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है। एक नामजद समेत तीन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### आग दो कच्चा मकान जल कर राख

**जमालपुर।** क्षेत्र के सहिजनी हरदी गांव स्थित सिवान में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से दो लोगों का कच्चा मकान और गृहस्थी का सारा सामान जल कर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार रमेश बियार व राम बदन निवासी जमालपुर अपना कच्चा मकान बना कर सहिजनी की सिवान में रहते हैं कि अचानक गुरुवार की दोपहर कच्चा मकान में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे दोनों का कच्चा मकान में रखा सामान और भूसा जल कर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

### गंदा व गर्म पानी पी रहे प्रावि व कम्पोजिट विद्यालय के बच्चे

**राजगढ़।** विकासखंड क्षेत्र के कई प्राथमिक विद्यालय तथा कम्पोजिट विद्यालय में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे विद्यालय के बच्चे पानी पीने के लिए बाहर जा रहे हैं या तो विद्यालय के टंकी में भरा गया गर्म पानी पी रहे हैं। अप्रैल माह में ही पड़ रही गर्मी तथा शरीर को झुलसा देने वाली धूप से जहां लोग व्याकुल हो रहे हैं तो वही पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण राजगढ़ विकास खंड में पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर, कम्पोजिट विद्यालय निविया, पडरवा, सेमरा, चित्तविश्राम, राजापुर, खटखरिया, देवपुरा ग्राम पंचायत के पहाड़ी पुरवा, दारानगर ग्राम पंचायत के सेमरा सहित प्राथमिक विद्यालय लालपुर पहड़ी, लंगड़ा पहड़ी, ढेकवाह, राजापुर, बघौड़ा सहित अन्य विद्यालय में पेयजल संकट गहरा गया है।

# स्पोर्ट्स

## शिखर धवन पर निर्भरता पंजाब किंग्स के लिए बड़ी चिंता : हरभजन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि कप्तान शिखर धवन पर निर्भरता पंजाब किंग्स के लिए बड़ी चिंता का विषय है और अगर उसे वर्तमान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिताब की दावेदारी पेश करनी है तो उसके अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। पंजाब की तरफ से अभी तक अधिकतर रन धवन ने बनाए हैं। उन्होंने चार पारियों में 233 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में पंजाब ने अभी तक दो मैच जीते हैं जबकि इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। कंधे की चोट के कारण धवन लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे जिसमें टीम ने सैम करेन की अगुवाई में जीत दर्ज की थी। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, पंजाब की टीम लगता है कि बल्लेबाजी विभाग में कप्तान शिखर धवन पर बहुत अधिक निर्भर है जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, एक खिलाड़ी पर निर्भर होने के कारण आप दो या तीन मैच जीत सकते हो लेकिन आप आईपीएल जैसे टूनार्मेंट में खिताब नहीं जीत सकते हो।



# बेन स्टोक्स के फिट होने से सीएसके की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उम्मीदें बढ़ीं

## चार बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आज सनराइजर्स हैदराबाद का करेगी सामना

**चेन्नई।** चार बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी तो उसे उम्मीद रहेगी कि उसके स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स आखिरकार फिट होकर मैदान पर उतरेंगे। पांव की चोट के कारण स्टोक्स पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे लेकिन चेन्नई के लिए यह राहत की बात है कि अब वह फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं। स्टोक्स ने बुधवार को अभ्यास सत्र में भी हिस्सा लिया था।
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर करीबी जीत दर्ज करने के बाद चेन्नई की टीम अपने घरेलू मैदान पर लौट रही है और ऐसे में इंग्लैंड के कप्तान की वापसी से उसे और



मजबूती मिलेगी। उसके प्रतिद्वंदी सनराइजर्स को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी के शानदार प्रदर्शन तथा शिवम दुबे की आक्रामक पारी की मदद से चेन्नई ने पिछले मैच में बड़ा स्कोर खड़ा किया था। अजिंक्य रहाणे जिस तरह से बेफिक्र होकर आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, उससे चेन्नई को मजबूती मिली है लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे पाए हैं। चेन्नई के प्रमुख बल्लेबाज जहां अपना जलवा दिखा रहे हैं वहीं उसके गेंदबाज रन प्रवाह रोकने में नाकाम रहे हैं। चेन्नई का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने आरसीबी के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया लेकिन अन्य गेंदबाजों के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है हालांकि प्रत्येक मैच के बाद तुषार देशपांडे के प्रदर्शन में सुधार हो रहा है। चेन्नई को अगर सनराइजर्स के बल्लेबाजों पर लगाम कसनी है तो उसके तीनों स्पिनरों महेश तीक्ष्णा, रविंद्र जडेजा और मोइन अली को और बेहतर प्रदर्शन करना होगा।
चेन्नई ने सनराइजर्स के खिलाफ पिछले पांच में से चार मैचों में जीत दर्ज की है और वह अपने इस रिकॉर्ड को और बेहतर करने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ सनराइजर्स को अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी तथा इसमें कप्तान एडेन मार्कराम को अहम भूमिका निभानी होगी। सनराइजर्स को यदि चेन्नई को उसके घरेलू मैदान पर हराना है तो उसके सभी बल्लेबाजों को उपयोगी योगदान देना होगा। सनराइजर्स को पिछले मैच में पावर प्ले में विकेट गंवाने का नुकसान उठाना पड़ा था तथा इसके बाद टीम के मुख्य कोच ब्रायन लारा ने कहा था कि मध्यक्रम के किसी बल्लेबाज को आखिर तक टिके रहना होगा। सनराइजर्स का दारोमदार हैरी ब्रूक पर भी टिका होगा। अगर उनका बल्ला चलता है तो फिर चेन्नई के लिए उनसे पार पाना मुश्किल होगा। सनराइजर्स के गेंदबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। उसकी टीम में वाशिंगटन सुंदर है जिनका यह घरेलू मैदान है और वह अपनी विशेष छाप छोड़कर टीम को जीत दिलाने की कोशिश करेंगे।

***टीम इस प्रकार हैं:***

चेन्नई सुपर किंग्सः महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, मोइन अली, बेन स्टोक्स, रवींद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, शिवम दुबे, ड्वेन प्रीटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिचेल सेंटनर, सुभांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथीसा पथिराना, महेश तीक्ष्णा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।
सनराइजर्स हैदराबादः एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, वाशिंगटन सुंदर, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन , आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसीन, अनमोलप्रीत सिंह। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## धीमी ओवर गति के लिए केएल राहुल पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना



**जयपुर।** लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान केएल राहुल पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। लखनऊ ने बुधवार की रात को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 10 रन से जीत दर्ज की थी। आईपीएल ने बयान में कहा, टीम का वर्तमान सत्र में धीमी ओवर गति से जुड़ी आईपीएल आचार संहिता के तहत यह पहला अपराध है और इसलिए कप्तान राहुल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। आईपीएल का लक्ष्य मैचों को तीन घंटे और 20 मिनट में समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति एक मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण मैच चार घंटे से भी अधिक समय तक खिंच रहे हैं।

# कोहली की कप्तानी में 24 रन से जीता बेंगलुरुः सीजन की तीसरी जीत हासिल

## पंजाब किंग्स के खिलाफ प्लेसिस-विराट की फिफ्टी के बाद सिराज की दमदार गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग-2023 के 27वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 24 रनों से हरा दिया है। इस मैच में विराट कोहली बेंगलुरु की कप्तानी कर रहे थे। इस हफ्ते 5वीं टीम ने घर में मैच गंवाया है। पंजाब से पहले, बुधवार को जयपुर में राजस्थान, मंगलवार को हैदराबाद में एसआरएच, सोमवार को बेंगलुरु में आरसीबी और रविवार को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को पराजय झेलनी पड़ी है।
यह बेंगलुरु की इस सीजन की तीसरी जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल के 5वें नंबर पर आ गई है।
चंडीगढ़ के पीसीए आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर



बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में पंजाब 18.2 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। आज डबल हेडर-डे है और दिन का दूसरा मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच कुछ देर में दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर शुरू होने जा रहा है। सिराज की गेंदबाजी मोहम्मद सिराज ने सटीक गेंदबाजी की। पहले उन्होंने पंजाब को पावरप्ले में दो झटके दिए। उसके बाद 18वें ओवर में दो विकेट चटकाकर जीत की ओर बढ़ रही पंजाब की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पंजाब ने लगातार विकेट 175 रन के टारगेट का पीछा करते हुए पंजाब ने लगातार विकेट गंवाए। टीम के टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर में कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। टीम की सबसे बड़ी साझेदारी 41 रनों की रही, जो जितेश शर्मा और हरप्रीत बरार के बीच 8वें विकेट के लिए हुई। ओपनिंग पार्टनरशिप विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस ने 137 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। बेंगलुरु का पहला विकेट 17वें ओवर की पहली बॉल पर गिरा। इस पारी में पंजाब के गेंदबाज नाकाम रहे।

## मिलिए भारत के नए बैडमिंटन सुपर स्टार प्रियांशु राजावत से: फ्रांस में बने इंटरनेशनल चैंपियन, अब वर्ल्ड नंबर-1 को हराना टारगेट



दुनिया में सबसे ज्यादा खेले जाने वाले स्पोर्ट में दूसरे नंबर पर मौजूद बैडमिंटन से भारत से एक और वर्ल्ड क्लास प्लेयर सामने आ रहा है। प्रकाश पादुकोण, पुलेला गोपीचंद, साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत जैसे टैलेंट देख चुके अपने देश में मध्य प्रदेश के धार जिले का एक 20 साल का युवक इस खेल का राइजिंग स्टार बन रहा है। नाम प्रियांशु राजावत है।
प्रियांशु इसी महीने फ्रांस के ऑरलियन्स में बीडब्ल्यूएफ सुपर-300 टूनार्मेंट में चैंपियन बने हैं। 12 साल बाद किसी भारतीय ने यह खिताब जीता है। उनसे पहले 2012 में आनंद पवार ने यहां ट्रॉफी जीती थी। चैंपियन बनने के सफर में प्रियांशु ने वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप-20 में शामिल खिलाड़ियों को भी मात दी।
जीत की बदौलत प्रियांशु रैंकिंग में 31वें नंबर तक पहुंचे। इसके बाद रैंकिंग में मामूली गिरावट आई है और वे फिलहाल 38वें नंबर पर हैं। भारतीय पुरुष खिलाड़ियों में वे एच एस प्रणय, किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन के बाद चौथे नंबर पर हैं।
फ्रांस में जीत के बाद भारत लौटने पर खास बातचीत की। इसमें उन्होंने हालिया कामयाबी और इस मुकाम तक पहुंचने की जर्नी साझा की।
प्रियांशु ने कहा मैंने पहला मैच किरण से जीता। फिर मुकाबला केंटा निशिमोटो से हुआ। निशिमोटो वर्ल्ड नंबर-12 प्लेयर हैं। फिर मैंने सोचा कि रैंकिंग से कुछ नहीं होता, मुझे अपना 100 प्रतिशत देना है। मैंने स्टेप बाय स्टेप प्लान तैयार किया और वह मैच जीत लिया। फिर फाइनल से पहले सोचा कि इसे हल्के में नहीं लेना है। मैं पहले गेम में डॉमिनेट कर रहा था और जीत भी गया, लेकिन दूसरे गेम में मैग्नस जोहानसन की लीड कवर करने के बाद भी हार गया। तीसरे गेम में मैंने बढ़त बनाई, लेकिन जोहानसन ने कवर कर लिया और लीड ले ली। वहां मैंने सोचा कि गेम छोड़ना नहीं है। उन्हें गेम समाप्त करने की जल्दी थी। ऐसे में मुझे शटल अंदर रखना था। मैंने रखा और मुझे पॉइंट मिले। इस तरह मैं चैंपियन बन गया। आमतौर पर मैं मैच जल्दी खत्म करने की कोशिश करता हूं। इसकी वजह से कई बार गलतियां कर बैठता हूं और मैच गंवा देता हूं। कोच ने कहा था जल्दबाजी मत करना और धैर्य रखना। तब मुझे लगा कि जीतने के लिए मैच को जल्दी खत्म करने की सोच से उबरना होगा। मैंने पूरे टूनार्मेंट में मैच के दौरान धैर्य रखा और इसका फायदा भी मिला।

# प्रसारणकर्ता अपना नजरिया रखने के लिए कमेंटेटर को पैसा दे रहे हैं : जोस बटलर

## बटलर ने कहा, मेरी ताकत हमेशा बेहतर एकदिवसीय और टी20 खिलाड़ी होना रही है

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स और इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का कहना है कि अगर कोई कमेंटेटर किसी खिलाड़ी की आलोचना करता है तो वह केवल अपना काम कर रहा है और इसे स्वीकार करना किसी भी क्रिकेटर के करियर का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। बटलर ने 'ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे' को दिए साक्षात्कार में कहा, स्वीकृति आपके काम का एक बड़ा हिस्सा है। इस बात को स्वीकार करना कि प्रसारणकर्ता किसी को अपनी राय देने के लिए भुगतान करता है, वे सिर्फ अपना काम कर रहे हैं। जब वे मेरी आलोचना करते हैं तो यह मुझ पर व्यक्तिगत हमला नहीं होता है। उन्होंने कहा, और मैं अन्य खेल देखता हूं। मैं



फुटबॉल देखता हूं और कहा जाता है 'ओह वह कैसे चूक गया? यह इतना आसान था'। ठीक यही लोग करते हैं जब मैं कैच छोड़ता हूं या कम स्कोर पर आउट हो जाता हूं। जब मैं दूसरे खेल देखता हूं तो मैं भी ऐसा ही करता हूं। इसे बस स्वीकार करना होगा। इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान का कहना है कि वह हमेशा सभी प्रारूप में खेलने वाला क्रिकेटर बनना चाहते थे और टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन नहीं कर पाना एक ऐसी चीज है जो अभी भी उन्हें परेशान करती है।

***'एक बहुत ही सफल टेस्ट क्रिकेटर बनने के लिए बेताब था'***

बटलर ने कहा, मेरी ताकत हमेशा बेहतर एकदिवसीय और टी20 खिलाड़ी होना रही है। मैं सभी प्रारूप का खिलाड़ी और एक बहुत ही सफल टेस्ट क्रिकेटर बनने के लिए बेताब था। मैंने काफी टेस्ट क्रिकेट खेला लेकिन कभी भी इस स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जिससे मुझे लगता कि मैंने वह हासिल कर लिया है जो करना चाहता था और यह हताशा हमेशा रहेगी। मैं हमेशा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनना चाहता हूं। बटलर ने कहा कि भारतीय क्रिकेटरों को विदेशों में श्रृंखला खेलते हुए भी जो समर्थन मिल रहा है, वह आंखें खोलने वाला है। उन्होंने कहा, जिस तरह से भारतीय खिलाड़ियों को प्यार और समर्थन दिया जाता है, उनकी प्रसिद्धि का स्तर अविश्वसनीय है। केवल एक चीज जिसे (मैं) इंग्लैंड के फुटबॉल से जोड़ सकता हूं। यह देखना आकर्षक है कि वे इससे कैसे निपटते हैं, मीडिया का सामना करना। आईपीएल से सीखा है कि कैसे अफरातफरी के बीच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अच्छे तरीके से इससे निपटते हैं। बटलर ने कहा, उस रात (आईपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ) बस देखा जब (महेंद्र सिंह) धोनी बल्लेबाजी करने उतरे। दर्शकों की इतनी अधिक उम्मीदें थी। वह जिस तरह स्थिति और बाहरी दबाव के बीच व्यवहार करता है वह काफी अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम जहां भी खेलने जाती है उसे काफी समर्थन मिलता है... क्रेग कीस्वेटर कार में मुझे मैनचेस्टर ग्राउंड (पदार्पण मैच के लिए) लेकर गए और मैंने टीम बस के आने का इंतजार कर रहे भारतीय प्रशंसकों की भीड़ को देखा। यह आंख खोलने वाला अनुभव था। बटलर ने कहा कि भारत में होने वाले आगामी 50 ओवरों के विश्व कप पर अधिक ध्यान आईपीएल के बाद ही दिया जाएगा। उन्होंने कहा, भारत क्रिकेट खेलने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। तो यह बहुत बड़ा होने वाला है।

# सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड

**म्यूनिख।** एर्लिंग हालैंड ने फिर से मैनचेस्टर सिटी की तरफ से गोल दागा जिससे उनकी टीम ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना रियाल मैड्रिड की मजबूत टीम से होगा। मैनचेस्टर सिटी ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण 1-1 से ड्रा खेला लेकिन पहले चरण में 3-0 की दमदार जीत के कारण वह 4-1 के कुल योग से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहा।
पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद हालैंड ने 57वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को बढ़त दिलाई। यह इस सत्र में सिटी की तरफ से उनका 48वां गोल था। बायर्न की तरफ से जोशुआ किमिच ने 83वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। मैनचेस्टर सिटी पहली बार चैंपियंस लीग जीतने की कोशिश करेगा लेकिन इसके लिए उसे मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। रियाल मैड्रिड ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चेल्सी को 4-0 के कुल योग से पराजित किया। सेमीफाइनल का पहला चरण मई में खेला जाएगा। पिछले साल रियाल मैड्रिड ने सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी को 6-5 से हराया था।

***मुंबई सिटी एफसी ने चेन्नईयिन एफसी को 1-0 से हराया***

मंजेरी। मुंबई सिटी एफसी ने ग्रुप डी मैच के रोमांच से भरे अंतिम मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी को 1-0 से हराया लेकिन सुपर कप फुटबॉल टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने के लिए उसका यह प्रयास पर्याप्त नहीं था। बुधवार की रात को खेले गए इस मैच में मुंबई सिटी एफसी की तरफ से आयुष चिकारा ने गोल किया जो इस टीम के लिए उनका पहला गोल भी था। उनका यह गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ। लेकिन नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड की चर्चिल ब्रदर्स पर 6-3 की जीत के कारण मुंबई सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया और उसकी टीम टूनार्मेंट से बाहर हो गई।




## प्रो लीग के यूरोप चरण में जीत की लय बरकरार रखना चुनौती : अमित रोहिदास

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग में हमने आम तौर पर घर में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन चुनौती तब होती है जब हम विदेश में खेलते हैं...



बेंगलुरू। अनुभवी डिफेंडर अमित रोहिदास का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए आगामी समय में सबसे बड़ी चुनौती मौजूदा एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में जीत की लय बरकरार रखना है। पिछले सत्र में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद भारत वर्तमान में आठ मैच में 19 अंकों के साथ एफआईएच प्रो लीग तालिका में शीर्ष पर चल रहा है। पिछले महीने राउरकेला में भारत शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अजेय रहा था। भारत अब मई-जून में यूरोप की यात्रा करेगा जहां टीम लंदन में बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ने के बाद आइंडहोवन में अर्जेंटीना और मेजबान नीदरलैंड से खेलेगी। रोहिदास ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, पिछली बार हम लीग में तीसरे स्थान पर रहे थे। एफआईएच हॉकी प्रो लीग में हमने आम तौर पर घर में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन चुनौती तब होती है जब हम विदेश में खेलते हैं और इस बार हमारा लक्ष्य यूरोप में जीत की लय को बनाए रखना है। भारत का 39 सदस्यीय कोर समूह फिलहाल यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा ले रहा है। जून में समाप्त होने वाले यूरोप दौरे के बाद भारतीय टीम तीन से 12 अगस्त तक चेन्नई में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए स्वदेश लौट आएगी। इसके बाद हांगझोउ एशियाई खेलों का आयोजन होगा। रोहिदास ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह हॉकी के लिए एक रोमांचक समय होने वाला है क्योंकि प्रमुख टूनार्मेंट होने वाले हैं। एशियाई खेलों के बाद हम प्रो लीग के अगले सत्र की शुरूआत करेंगे और फिर हॉकी फाइव्स विश्व कप भी होगा, इसलिए पेरिस ओलंपिक तक बहुत सारे हॉकी टूनार्मेंट होने वाले हैं।

# बुद्ध के उपदेशों में हैं वैश्विक समस्याओं के समाधान उनके दिखाए रास्ते हैं भविष्य का मार्ग : पीएम मोदी

## पीएम ने यूक्रेन-रूस युद्ध, मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन को बताया बड़ी चुनौती




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन-रूस युद्ध, मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चिंताओं को इस सदी की सबसे बड़ी चुनौतियां करार देते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध के उपदेशों में इन सारी समस्याओं के समाधान हैं।


राजधानी स्थित अशोक होटल में आयोजित पहले वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह कहते हुए समृद्ध देशों पर भी निशाना साधा कि दुनिया आज जलवायु परिवर्तन के संकट का सामना कर रही है क्योंकि पिछली शताब्दी में द्वाह्यकृत देशों ने दूसरों के बारे में और आने वाली पीढ़ियों के बारे में सोचना ही बंद कर दिया था। उन्होंने कहा, द्वाह्यदर्शकों तक वो यही सोचते रहे कि प्रकृति से इस छेड़छाड़ का प्रभाव उनके ऊपर नहीं आएगा। वो देश इसे दूसरों के ऊपर ही डालते रहे। प्रधानमंत्री ने बुद्ध के दिखाए मार्ग को भविष्य और पर्यावरण अनुकूलता का मार्ग बताया और कहा कि अगर विश्व, बुद्ध की सीखों पर चला होता, तो जलवायु परिवर्तन जैसा संकट भी सामने नहीं आता। भगवान बुद्ध की विभिन्न शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि आज यह समय की मांग है कि हर व्यक्ति की, हर राष्ट्र की प्राथमिकता अपने देश के हित के साथ ही विश्व हित भी हो। उन्होंने कहा, एक बेहतर और स्थिर विश्व की स्थापना के लिए यही एक मार्ग है।

उन्होंने कहा, हमें विश्व को सुखी बनाना है तो हमें स्व से निकलकर संसार और संकुचित सोच को त्यागकर समग्रता का मंत्र अपनाना होगा और यही बुद्ध का भी मंत्र है। मोदी ने कहा कि सभी को अपने आस-पास गरीबी से जूझ रहे लोगों के बारे में और साधनों के अभाव से जूझ रहे देशों के बारे में सोचना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बात सर्व स्वीकार्य है कि आज का यह समय इस सदी का सबसे चुनौतीपूर्ण समय है। उन्होंने कहा, आज एक ओर महीनों से दो देशों में युद्ध चल रहा है तो वहीं दुनिया आर्थिक अस्थिरता से भी गुजर रही है। आतंकवाद और मजहबी उन्माद जैसे खतरे मानवता की आत्मा पर प्रहार कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौती पूरी मानवता के अस्तित्व पर आफत बनकर मंडरा रही है। ग्लेशियर्स पिघल रहे हैं। पारिस्थितिकीय तंत्र नष्ट हो रहे हैं। प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। लेकिन इन सबके बीच हमारे आप जैसे करोड़ों लोग भी हैं जिन्हें बुद्ध में आस्था है और जीव मात्र के कल्याण में विश्वास है। प्रधानमंत्री ने इस उम्मीद को इस धरती की सबसे बड़ी ताकत करार दिया और कहा कि जब यह ताकत एकजुट होगी तो बुद्ध का धम्म विश्व की धारणा बन जाएगा और बुद्ध का बोध मानवता का विश्वास बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक विश्व की ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान सैकड़ों वर्ष पहले दिए गए बुद्ध के उपदेशों में न हो। उन्होंने कहा कि आज दुनिया जिस युद्ध और अशांति से पीड़ित है, उसका समाधान बुद्ध ने सदियों पहले दे दिया था। मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरित होकर भारत वैश्विक कल्याण के लिए नयी पहल कर रहा है और उनकी सरकार भगवान बुद्ध के मूल्यों का निरंतर प्रसार कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने भारत तथा नेपाल में बुद्ध सर्किट को उन्नत बनाया, कुशीनगर और लुंबिनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास किया गया, जहां भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति केंद्र स्थापित कर रहा है।

### खारघर में हुई 13 लोगों की मौत की जांच के लिए जांच कमेटी का गठन

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने खारघर में हुई 13 लोगों की मौत के मामले में जांच कमेटी का गठन किया है। गुरुवार को महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना के तथ्यों की जांच के लिए एक सदस्यीय समिति का गठन किया है। राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कमेटी के अध्यक्ष होंगे। अधिकारी को एक महीने में जांच रिपोर्ट सौंपनी होगी। इसके अलावा समिति इस तरह के कार्यक्रम अगर भविष्य में होते हैं तो ध्यान रखने वाली बातों के संबंध में भी सरकार को बताना होगा। महाराष्ट्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने खारघर में समाज सुधारक अप्पासाहेब धर्माधिकारी को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार प्रदान करने के लिए समारोह आयोजित किया था। कार्यक्रम के दौरान लाखों लोग चिलचिलाती धूप में बैठे थे। आम जनता के अलावा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे भी गर्मी में बैठे थे। चिलचिलाती धूप से बचने के लिए वह भी रुमाल लेकर बैठे थे। पुरस्कार वितरण समारोह में गृह मंत्री अमित शाह, सीएम एकनाथ और डिप्टी सीएम फडणवीस मौजूद थे।

## वेबसीरीज दहाड़ में नजर आयेंगी सोनाक्षी सिन्हा



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की वेबसीरीज दहाड़ 12 मई को रिलीज होगी। सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी पहली वेब सीरीज 'दहाड़' 12 मई को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। सोनाक्षी वेब सीरीज 'दहाड़' में पुलिस अफसर के रोल में नजर आयेंगी। अमेजॉन प्राइम और सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेब सीरीज की पहली झलक शेयर की है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा एक सख्त पुलिस अफसर के अंदाज में दिखाई दे रही है। इस वेब सीरीज में विजय वर्मा, सोनाक्षी सिन्हा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। जोया अख्तर और रीमा कागती की बनाई गयी यह वेब सीरीज भारत की पहली ऐसी वेब सीरीज है जो बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रिलीज की गई। फरवरी में इसका प्रीमियर होने के बाद अब यह अमेजॉन पर 12 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है।

## खास खबर

### निकाय चुनाव से पहले ओपी राजभर को बड़ा झटका, प्रदेश उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

लखनऊ। यूपी नगर निकाय चुनाव से पहले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के मुखिया ओमप्रकाश राजभर को बड़ा झटका। सुभासपा प्रदेश उपाध्यक्ष शशि प्रकाश सिंह ने पार्टी से दिया इस्तीफा। इस्तीफा देने के बाद शशि प्रकाश सिंह ने एक वीडियो किया है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि पार्टी अपने उद्देश्य से भटक गई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा ओपी राजभर की पार्टी सिर्फ परिवार और बेटों में सिमट कर रह गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कई अहम पदों पर से ईमानदारी से काम किया, लेकिन जिस उद्देश्य से पार्टी में हम शामिल हुए थे पार्टी उस मिशन से भटक गई है। उन्होंने पार्टी के कई नेता हमारे संपर्क में हैं। अगले महीने महाराणा प्रताप की जयंती पर बैठक के फैसला लिए जाएगा कि आगे हमें क्या करना होगा।

### राजनाथ हुए कोरोना संक्रमित

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की कोविड जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने से उनके कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। रक्षा मंत्री को गुरुवार को यहां वायु सेना के कमांडरों के एक सम्मेलन में भाग लेना था, लेकिन कोविड की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद अब वह इस कार्यक्रम में नहीं जा सके। रक्षा मंत्री को फिलहाल हल्के लक्षण हैं और वह घर पर क्वारंटीन हैं। चिकित्सकों की टीम ने उनकी जांच की है और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है।

### आगरा एयरफोर्स स्टेशन से युवक गिरफ्तार

आगरा। खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाला एक युवक एयरफोर्स स्टेशन के गेट में दाखिल हो गया। शक होने पर जब सेना के अधिकारियों ने उससे पूछताछ की तो उसका भेद खुल गया। फिलहाल शाहगंज पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## सिसोदिया ने कोर्ट से लगाई गुहार

### आबकारी मामला में धन के लेन देन में संलिप्तता का कोई साक्ष्य नहीं होने के आधार पर मांगी जमानत




नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से जमानत देने का अनुरोध किया। सिसोदिया ने दावा किया कि उन्हें कथित अपराध की आय से जोड़ने के लिए रकम के लेन देन (मनी ट्रेल) का कोई साक्ष्य नहीं मिला है और वह अन्य अभियुक्तों के समान राहत की मांग कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता के वकील ने कहा कि सिसोदिया मामले में गवाहों को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ करने की स्थिति में नहीं हैं। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। सिसोदिया के वकील की दलील सुनने के बाद न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सीबीआई के वकील के प्रतिवेदनों के लिये 26 अप्रैल की तारीख निर्धारित की। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कई दौर की पूछताछ के बाद 26 फरवरी को दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को तैयार करने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार के आरोप में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। निचली अदालत ने 31 मार्च को इस मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि वह घोटाले के प्रथम दृष्टया सूत्रधार हैं और उन्होंने दिल्ली सरकार में उन्हें और उनके सहयोगियों के लिए 90-100 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत के कथित भुगतान से संबंधित आपराधिक साजिश में सबसे महत्वपूर्ण और अहम भूमिका निभाई है। सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने निचली अदालत के जमानत से इनकार करने के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि निचली अदालत ने आप नेता की पत्नी की चिकित्सा स्थिति पर विचार नहीं किया है जो मल्टीपल स्क्लेरोसिस से पीड़ित है।

### सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के दो अधिकारियों को तत्काल रिहा करने का दिया आदेश

लखनऊ/ नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किए गए उत्तर प्रदेश के वित्त विभाग के दो सचिवों को तत्काल रिहा करने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की एक पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सुनवाई के लिए लाया गया था। राज्य की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम. नटराज ने पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा एक अभूतपूर्व आदेश पारित किया गया, जिसके बाद वित्त सचिव और विशेष सचिव (वित्त) को अवमानना मामले में हिरासत में ले लिया गया। मामला उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की सुविधाओं से संबंधित है। नटराज ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले में राज्य के मुख्य सचिव को जमानती वारंट भी जारी किया है। पीठ ने कहा, नोटिस जारी करें। मामला सूचीबद्ध किए जाने की अगली तारीख तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ के आदेश पर रोक रहेगी....उत्तर प्रदेश सरकार के जिन अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है, उन्हें तत्काल रिहा किया जाए।

## शादी के लिए क्या महिला-पुरुष ही जरूरी?

### समलैंगिक विवाह पर 'सुप्रीम' सुनवाई, सीजेआई ने पूछा-सवाल



नई दिल्ली। समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को पूछा कि क्या विवाह के लिए महिला और पुरुष का ही होना जरूरी है? उन्होंने कहा कि हम इन (समलैंगिक) संबंधों को न केवल शारीरिक संबंधों के रूप में देखते हैं बल्कि एक स्थिर और भावनात्मक संबंध के रूप में इससे ज्यादा देखते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने पांच जजों की बेंच द्वारा सुनवाई के तीसरे दिन यह बात कही। सुप्रीम कोर्ट में चल रही इस सुनवाई को कोर्ट की वेबसाइट और यूट्यूब पर लाइव-स्ट्रीम किया जा रहा है। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति एसआर भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के लिए हमें विवाह की विकसित धारणा को फिर से परिभाषित करने की आवश्यकता है। क्योंकि वर्तमान में पति-पत्नी के रूप केवल महिला और पुरुष का ही अस्तित्व है। उन्होंने पूछा कि क्या विवाह के लिए महिला और पुरुष का ही होना आवश्यक है? उन्होंने कहा कि 1954 में विशेष विवाह अधिनियम के अधिनियमन के बाद से पिछले 69 वर्षों में कानून महत्वपूर्ण रूप से विकसित हुआ है, जो उन लोगों के लिए नागरिक विवाह का एक रूप प्रदान करता है जो अपने व्यक्तिगत कानूनों का पालन नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने समलैंगिक विवाह के संदर्भ में 2018 के एक निर्णायक आदेश का जिक्र करते हुए कहा, उस समय अदालत ने समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर करके न केवल सहमति देने वाले समलैंगिक वयस्कों के बीच संबंधों को मान्यता दी है, बल्कि अदालत ने यह भी माना है कि जो लोग समलैंगिक हैं वे संबंधों में भी स्थिर होंगे। सीजेआई की यह टिप्पणी विवाह में सुधार के लिए सरकार के विरोध के बीच आई है। सरकार की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ताओं की अपील शहरी संभ्रांतवादी विचार का परिणाम है। साथ ही कहा कि इस मामले पर बहस करने के लिए संसद सही मंच है।

*मोदी सरकार ने याचिका को दी है चुनौती*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने याचिकाकर्ताओं की अपील को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं में कुछ समलैंगिक जोड़े भी शामिल हैं। सरकार ने इस आधार पर चुनौती दी है कि समलैंगिक विवाह रंपति, पत्नी और बच्चों के साथ भारतीय परिवार की अवधारणा के साथ तुलना योग्य नहीं हैं। सरकार ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामे में कहा था कि ये याचिकाएं केवल शहरी अभिजात्य विचारों को दर्शाती हैं, जिसकी तुलना उपयुक्त विधायिका से नहीं की जा सकती है, जो व्यापक पहुंच के विचारों और आवाजों को दर्शाती है और पूरे देश में फैली हुई है। हाल के महीनों में इस मामले में अदालत में कम से कम 15 अपील दायर की गई हैं। इनमें कहा गया है कि कानूनी मान्यता के बिना कई समलैंगिक जोड़े अपने अधिकारों का उपयोग नहीं कर सकते हैं, जैसे कि चिकित्सा सहमति, पेंशन, गोद लेने या यहां तक कि क्लब सदस्यता से जुड़े अधिकार।

## लंदन भाग रही थी अमृतपाल की पत्नी

### अलगाववादी नेता अमृतपाल सिंह की पत्नी को अमृतसर हवाई अड्डे पर उड़ान से रोका



अमृतसर (पंजाब)। फरार अलगाववादी नेता अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर को आव्रजन अधिकारियों ने अमृतसर हवाई अड्डे पर रोक दिया। वह लंदन के लिए उड़ान भरने के लिए वहां पहुंची थी। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसा पता चला है कि आव्रजन अधिकारियों ने उससे पूछताछ की। सिंह ने ब्रिटेन की रहने वाली किरणदीप से इस साल फरवरी में शादी की थी। सिंह और उनके सहयोगियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के एक महीने से अधिक समय से अलगाववादी नेता फरार है, जबकि उसे पकड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने 18 मार्च को सिंह और उसके संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की थी। सिंह और उसके सहयोगियों पर वर्गों के बीच वैमनस्य फैलाने, हत्या के प्रयास, पुलिस कर्मियों पर हमले और लोक सेवकों के काम में बाधा डालने से संबंधित कई आपराधिक मामलों में प्रकरण दर्ज किया गया है।

## कोरोना के डरा रहे आंकड़े

### देश में 12 हजार के पार कोरोना के नए केस, 40 मरीजों की मौत




नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 12,591 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4.48 करोड़ हो गई। पिछले करीब आठ महीने सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। वहीं देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 65,286 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 40 मरीजों की मौत के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,230 हो गई। इनमें 11 ऐसे लोग शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोड़ने वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 5.46 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 5.32 प्रतिशत है। देश में अभी 65,286 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.15 प्रतिशत है। भारत में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.67 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,42,61,476 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220,66,28,332 खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

## टीकाकरण के लिए की भारत की तारीफ

### यूनीसेफ ने कहा- कोविड के बाद भी बना रहा टीकों का महत्व



नई दिल्ली। यूनिसेफ ने कोरोना टीकाकरण को लेकर भारत की तारीफ की है। यूनिसेफ के अनुसार, भारत 55 में से उन तीन देशों में से एक है जहां कोविड-19 महामारी के बाद भी टीकों के महत्व की धारणा बनी रही या उनमें सुधार हुआ। हालांकि, भारत दुनिया के उन देशों में भी शामिल है जहां कई बच्चों को कोरोना वैक्सीन की एक भी खुराक (शून्य-खुराक) नहीं दी गई। भारत में ऐसे बच्चों की संख्या 27 लाख है, जिन्हें एक भी नियमित टीका नहीं दिया गया है। यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ विवेक वीरेंद्र सिंह ने कहा, कोरोना महामारी के दौरान शून्य-खुराक वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 30 लाख हो जाने के बावजूद, भारत 2020 और 2021 के बीच शून्य-खुराक वाले बच्चों की संख्या को कम करके 27 लाख तक लाने में सक्षम हुआ। इसके लिए चौथा गहन मिशन इन्द्रधनुष (सघन) और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के इसके निरंतर प्रावधान सहित सरकार द्वारा शुरू की गई अटूट राजनीतिक प्रतिबद्धता और निरंतर साक्ष्य-आधारित अभियानों को धन्यवाद देता हूं।

यूनिसेफ ने अपनी वार्षिक फ्लैगशिप रिपोर्ट 'द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन- 2023' में कहा है कि कोविड-19 महामारी के दौरान 55 देशों में से 52 देशों में बच्चों के लिए टीकों के महत्व की सार्वजनिक धारणा में गिरावट आई है।

इसमें कहा गया है कि प्रत्येक बच्चे के लिए टीकाकरण से पता चलता है कि महामारी की शुरुआत के बाद दक्षिण कोरिया, पापुआ न्यू गिनी, घाना, सेनेगल और जापान में बच्चों के लिए टीकों के महत्व की धारणा में एक तिहाई से अधिक की गिरावट आई है।

## काल्विन अस्पताल में फिर चली गोलियां

### दोहराया गया अतीक-अशरफ की हत्या का सीन, शूटरों ने बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां ढेर हुए दोनों, अतीक-अशरफ हत्याकांड में परखी गई पुलिस की अव्यवस्था



अस्पताल पहुंचकर घटना को दोहराया।

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय काल्विन के गेट पर माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की हत्या का सीन गुरुवार को एक बार फिर दोहराया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों की टीम ने पूरे सीन को फिर से तैयार किया। उस वक्त अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों की लापरवाही और आसपास की व्यवस्था को परखा। टीम अपनी जांच रिपोर्ट जल्द सौंपेगी।

15 मार्च को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को काल्विन अस्पताल में हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद मामले की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया गया। गुरुवार को प्रयागराज पहुंची टीम ने एक बार फिर से काल्विन जहां गेट के अंदर नाट्य रूपांतरण अतीक अहमद को सुरक्षा के साथ गेट के अंदर प्रवेश कराया गया। हमलावरों के बीच की दूरी को फीते से नापा। इसके बाद यह भी देखा कि पुलिस की प्रतिक्रिया में कितना समय लगा। इस दौरान अस्पताल के आस-पास पुलिस फोर्स को तैनात किया गया था। एसआइटी की टीम ने एक-एक सेकेंड का हिसाब-किताब नोट किया है।

बताते चलें कि अतीक व अशरफ को काल्विन अस्पताल के गेट पर 15 अप्रैल की रात गोली मारी गई थी, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में गठित आयोग पूर्व डीजीपी सुबेश कुमार सिंह व पूर्व जज बृजेश कुमार सोनी जांच के सिलसिले में गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे। जांच के दौरान आयोग पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ करेगा। 2 महीने में इस केस की जांच पूरी कर रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाएगी। काल्विन अस्पताल में बिना आईडी कार्ड के मीडियाकर्मियों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

बताते चलें कि अतीक-अशरफ को उमेश पाल हत्याकांड मामले में पुलिस ने रिमांड पर लिया गया। हत्या वाले दिन दोनों पुलिस के साथ निशानदेही के लिए गए थे। वापसी में उनका मेडिकल काल्विन अस्पताल में हुआ था। वहां से निकलने के बाद मीडिया कर्मियों के वेश में आए अरुण मौर्य, लवलेश तिवारी और सनी ने मौका पाते ही अतीक-अशरफ को गोलियों से भून दिया था।

### हनी सिंह पर कार्यक्रम प्रबंधन एजेंसी के मालिक को पीटने का आरोप

मुंबई। मुंबई पुलिस को गायक-रैपर यो यो हनी सिंह और उनकी टीम के सदस्यों के खिलाफ शिकायत मिली है, जिसमें उन पर एक कार्यक्रम प्रबंधन एजेंसी के मालिक का अपहरण करने और उसे पीटने का आरोप लगाया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है और पुलिस शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है। अधिकारी ने कहा कि एक कार्यक्रम के निरस्त होने के बाद दोनों के बीच विवाद हो गया था। एक व्यक्ति ने बुधवार को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) थाने में शिकायतकर्ता के रूप में कार्यक्रम प्रबंधन एजेंसी मालिक के नाम से शिकायत दी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने गायक और उनकी टीम के सदस्यों पर अपहरण और हमला करने का आरोप लगाया है।



**कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव होने हैं। सूबे में तेजी से सियासी समीकरण बदल रहे हैं। टिकट बंटवारे को लेकर राजनीतिक दलों में उठापटक तेज है। जिन्हें टिकट नहीं मिला वो नई राह तलाश रहे हैं। जिन्हें टिकट मिल गया वो चुनाव की तैयारियों में जुट गए। ऐसे में जब कांग्रेस नेता मोहिउद्दीन बावा को उनकी पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो वह जेडीएस प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री से मिलने लगे। मोहिउद्दीन बावा गुरुवार को एचडी देवेगौड़ा से मिले। इस दौरान उन्होंने चुनाव को लेकर बात की। इस मुलाकात के बाद सामने आया कि वह जेडीएस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे।**

# तीन दिन की गिरावट पर लगा ब्रेक, मगर एचयूएल के शेयरहोल्डर्स को हाथ लगी मायूसी

## सेंसेक्स 64.55 अंक यानी 0.11 फीसदी मजबूत होकर 59,632.35 अंक पर बंद

**मुंबई।** ग्लोबल मार्केट से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच आज यानी गुरुवार के कारोबार में शेयर बाजार में लगातार तीन दिन से जारी गिरावट पर ब्रेक लग गया। कारोबार में शेयर बाजार में गुरुवार को हल्की तेजी देखी गई। घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 65 अंक मजबूत हुआ। वहीं, निफ्टी 6 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 17,600 के ऊपर बना रहा। कारोबार समाप्त होने से पहले ऊर्जा और टेलीकॉम सेक्टर की कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच निवेशकों की चिंता तथा जोखिम से बचने की धारणा का बाजार पर असर है। बीएसइ का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 64.55 अंक यानी 0.11 फीसदी मजबूत होकर 59,632.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 59,836.79 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 59,489.98 तक आया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 5.70 अंक यानी 0.03 फीसदी चढ़ा। निफ्टी कारोबार के अंत में 17,624.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 17,684.45 की उंचाई तक गया और नीचे में 17,584.35 तक आया। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 18 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और एबीआइ सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा टाटा मोटर्स के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 1.67 फीसदी तक चढ़े। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 12 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एचयूएल, सन फार्मा, इंफोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनैंस सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान एचयूएल के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 1.22 फीसदी तक गिर गए। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को नुकसान में रहे थे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 फीसदी की गिरावट के साथ 81.55 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बुधवार को 13.17 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। इस दौरान तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 210.49 अंक बढ़कर 59,778.29 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 56.35 अंक चढ़कर 17,675.80 अंक पर था। सेंसेक्स में, टाइटन, लार्सन एंड टूब्रो, पॉवर ग्रिड, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस, आईसीआईसीआई बैंक, विप्रो और एनटीपीसी के शेयर लाभ में कारोबार कर रहे थे।



## माइक्रोसॉफ्ट पर भड़के एलन मस्क कंपनी को मुकदमा करने की दी धमकी

**मास्को।** विश्व के दूसरे सर्वाधिक अमीर अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निमार्ता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट पर आरोप लगाया है कि उसने गैरकानूनी तरीके से ट्विटर के डाटा का इस्तेमाल पर अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एल्गोरिदम को प्रशिक्षित किया है और इस गैरकानूनी काम के लिए वह ट्विटर के खिलाफ मुकदमा करने जा रहे हैं। मस्क ने ट्वीट किया कि उन्होंने (माइक्रोसॉफ्ट) प्रशिक्षण (एआई) में गैरकानूनी तरीके से ट्विटर के डाटा का इस्तेमाल किया है और अब मुकदमे का समय आ गया है। जनवरी में, माइक्रोसॉफ्ट ने विशेष रूप से वर्ड और एक्सेल जैसी अपनी सेवाओं में एआई, वॉयस आधारित चैटजीपीटी को एकीकृत करने की योजना की घोषणा की। माइक्रोसॉफ्ट ने चैट जीपीटी की निमार्ता, कंपनी में कई अरब डॉलर के निवेश की भी घोषणा की। ओपन एआई का चैटजीपीटी एक भाषा आधारित मॉडल पिछले साल नवंबर में लॉन्च किया गया था और इसको लेकर दुनिया भर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं आयीं थी। इस मॉडल के इंसानों की भाषा की हूबहू नकल करने और उपयोगकर्ता द्वारा दिये गये संकेतों का इस्तेमाल करके बिल्कुल अलग टैक्स्ट तैयार की इसकी क्षमता की कुछ लोगों ने काफी सराहना की थी तो कुछ ने इसके गलत इस्तेमाल की अधिक आशंका रहने के कारण आलोचना की थी जैसे छात्रों द्वारा अपने स्कूल का काम इसकी मदद से पूरा कराया जा सकता है।



### पेनियरबाय ने राजीविका के साथ साझेदारी की

**मुंबई।** भारत का सबसे बड़ा शाखा रहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क, पेनियरबाय, ने घोषणा की कि वह राजस्थान में विभिन्न ग्राम पंचायतों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए 8 जिलों में स्वयं सहायता समूहों की महिला व्यवसाय प्रतिनिधियों (बीसी-सखी) को ऑनबोर्ड करेगा। पेनियरबाय, येस बैंक का एक कॉरपोरेट बीसी, एसएचजी सदस्यों को सशक्त बनाने और उन्हें व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) और ग्राहक सेवा प्रदाता (सीएसपी) के रूप में कार्य करने के लिए राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के साथ साझेदारी करेगा।

पेनियरबाय और राजीविका की साझेदारी का लक्ष्य वित्त वर्ष 24 के अंत तक राजस्थान में 10,000 महिला बीसी के लिए आजीविका के अवसर पैदा करना है।

इस प्रकार कंपनी का लक्ष्य राज्य भर में वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता और पहुंच में सुधार के लिए एक स्थायी नेटवर्क का निर्माण करना है। इसका उद्देश्य लगभग मूल्य के लेन-देन को डिजिटाइज करना भी है।

## भारत का स्मार्टफोन बाजार पहली तिमाही में 20 प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** सुस्त उपभोक्ता मांग के बीच, भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पहली तिमाही में 20 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की पहली तिमाही की गिरावट देखी गई। एक नए शोध में यह जानकारी दी गई है।कुल मिलाकर, भारत के स्मार्टफोन बाजार में 2023 की पहली तिमाही में 30.6 मिलियन यूनिट शिपमेंट देखा गया, जो कि 2022 की पहली तिमाही में 38.2 मिलियन यूनिट से भारी गिरावट है। बाजार अनुसंधान फर्म कैनालिस के अनुसार, बाजार में अभी भी असमान मांग का संकट देखा जा रहा है और स्टॉक बिल्ड-अप के लिए चैनल कमजोर बने हुए हैं। सैमसंग 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ 6.3 मिलियन यूनिट शिपिंग के साथ शीर्ष स्थान पर रहा। ओप्पो ने वीवो और शाओमी को पीछे छोड़ 5.5 मिलियन शिपमेंट के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया, जो नए उत्पाद के सफल लॉन्च से प्रेरित है। काफी पीछे रहने के बाद, वीवो 5.4 मिलियन शिपमेंट के साथ तीसरे स्थान पर रहा, क्योंकि इसने



ऑफलाइन चैनलों में मजबूत गति जारी रखी। शाओमी चौथे स्थान पर फिसल गया, 5 मिलियन यूनिट की शिपिंग हुई, जबकि रियलमी ने 2.9 मिलियन शिपमेंट के साथ पांचवां स्थान बनाए रखा क्योंकि ऑनलाइन चैनल म्यूट रहा। विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा, जिस तरह 2022 की चौथी तिमाही के अंत में आर्थिक संकेतकों ने स्पष्ट रूप से सुझाव दिया था कि अल्पावधि में मांग सुस्त रहेगी, ऐसा 2023 की पहली तिमाही में देखा गया था। इस चुनौती के बावजूद, प्रमुख ब्रांडों से निवेश बढ़ रहा है क्योंकि वे सरकार की धष्टि और बदलते उपभोक्ता व्यवहार के अनुरूप हैं। चौरसिया ने कहा कि वर्ष 2023 चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि मास-मार्केट सेगमेंट अभी भी धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। बहरहाल, समग्र बाजार के एएसपी विकास को बढ़ावा देने के लिए, प्रीमियम सेगमेंट विकास के लिए तैयार है। वर्तमान में, भारत की स्मार्टफोन निर्यात वृद्धि मुख्य रूप से एप्पल और सैमसंग द्वारा संचालित है, जो पहली तिमाही में लगभग 4 अरब डॉलर का रिकॉर्ड तोड़ निर्यात मूल्य प्राप्त करने में मदद कर रहा है। कैनालिस को इस साल मामूली वृद्धि की उम्मीद है, जो जैविक विकास चालकों द्वारा संचालित है। जैसा कि रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि, अपग्रेड चक्र को प्रोत्साहित करने के लिए, 5जी डिवाइस और अन्य बाजार चालकों को उपभोक्ताओं के लिए समग्र उपयोगिता प्रदान करनी चाहिए। चौरसिया ने कहा, एप्पल के नए ऑफलाइन स्टोर में विशेषज्ञ कर्मचारी कार्यरत हैं जो इसके ब्रांड अनुभव और स्थिति को और बढ़ाएंगे। जबकि ऑनलाइन भारी ब्रांडों ने मुख्य रूप से ई-कॉमर्स बिक्री के माध्यम से इकाइयों को संचालित किया है, जिससे आवधिक मात्रा में वृद्धि हुई है।

### वीडियो फीड बंद करने की अनुमति देगा गूगल

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल ने मीट में अलग-अलग फीड को बंद करने की क्षमता को रिलीज कर दिया है।गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, अब आप गूगल मीट कॉल के दौरान अन्य प्रतिभागियों से वीडियो फीड बंद कर सकते हैं। यह उन स्थितियों में सहायक हो सकता है जहां आप अपने मीटिंग ध्श्य को केवल प्रस्तुतकर्ता पर केंद्रित करना चाहते हैं या प्रतिभागियों को ध्यान भंग करने वाले वीडियो फीड से छिपाना चाहते हैं। इस फीचर का प्रभाव केवल उपयोगकताओं के अनुभवों पर पड़ेगा। अन्य प्रतिभागियों को सूचित नहीं किया जाएगा और उनके अनुभव नहीं बदलेंगे। यह फीचर वेब और मोबाइल उपकरणों पर गूगल मीट पर उपलब्ध होगा। इस नए फीचर के अलावा, गूगल वर्तमान में प्रस्तुत करने वाले लोगों के अलावा सभी फीड्स को ब्लॉक करना भी संभव बना रहा है। उपयोगकर्ता मीटिंग में शामिल होने से पहले ऑडियो ओनली चुनकर इसे सक्षम कर सकते हैं, हालांकि, यह अभी केवल मोबाइल उपकरणों पर उपलब्ध है।

## कुमार मंगलम बिड़ला वोडाफोन आइडिया में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में लौटे

**नई दिल्ली।** लगभग दो साल पहले वोडाफोन आइडिया के गैर-कार्यकारी निदेशक और गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पद छोड़ने के बाद, कुमार मंगलम बिड़ला को मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर के निदेशक मंडल में अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।वोडाफोन आइडिया ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, कंपनी के निदेशक मंडल ने आज हुई बैठक में कुमार मंगलम बिड़ला को 20 अप्रैल, 2023 से अतिरिक्त निदेशक (गैर-कार्यकारी और गैर-स्वतंत्र) नियुक्त किया है।

कुमार मंगलम बिड़ला बहुराष्ट्रीय आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष हैं, जो छह महाद्वीपों के 36 देशों में काम करता है। वह एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उनके पास लंदन बिजनेस स्कूल से एमबीए की डिग्री है। आदित्य बिड़ला ग्रुप (एबीजी) के 27 प्लस वर्षों में, उन्होंने विकास को गति दी है, योग्यता का निर्माण किया है और



हितधारक मूल्य में वृद्धि की है। इस प्रक्रिया में, उन्होंने एबीजी का टर्नओवर 30 गुना बढ़ा दिया है। वह भारत में और वैश्विक स्तर पर 40 से अधिक अधिग्रहणों के सूत्रधार रहे हैं, जो किसी भी भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी द्वारा सबसे अधिक हैं। कंपनी ने कहा कि उनके नेतृत्व में, आदित्य बिड़ला समूह सीमेंट से लेकर रसायन, धातु से लेकर कपड़ा और फैशन से लेकर वित्तीय सेवाओं तक सभी प्रमुख क्षेत्रों में नेतृत्व करता है। बिड़ला ने 4 अगस्त, 2021 को वोडाफोन आइडिया के बोर्ड के गैर-कार्यकारी निदेशक और गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पद छोड़ दिया था।

### आरबीएल बैंक ने नए-से-बैंक ग्राहकों के लिए अनूठी डिजिटल सावधि जमा योजना शुरू की


**मुंबई।** आरबीएल बैंक ने बैंक में आने वाले नए ग्राहकों के लिए एक अभिनव डिजिटल सावधि जमा (एफडी) योजना शुरू करने की घोषणा की। 15 महीने से 725 दिनों की अवधि के लिए 7.8 प्रतिशत तक की ब्याज दर के साथ, डिजिटल एफडी निवेशकों को एक दिलचस्प निवेश विकल्प प्रदान करता है। ग्राहक शाखा में जाए बिना या बैंक में बचत खाता खोले बिना मिनटों में डिजिटल एफडी बुक कर सकते हैं।ऑनलाइन एफडी कई अतिरिक्त लाभों के साथ आता है, जैसे कि एम्बेडेड बीमा कवर, सहज बचत खाता खोलने की प्रक्रिया, एफडी को डिजिटल रूप से ट्रैक और प्रबंधित करने की क्षमता, आदि। एफडी धारक हॉस्पिटल डेली कैश बेनिफिट पॉलिसी के तहत बीमा कवर का विकल्प चुन सकते हैं जो दैनिक नकद प्रदान करता है। अस्पताल के खर्च के लिए लाभ। डिजिटल एफडी एक त्वरित ऑनलाइन केवाईसी प्रक्रिया के माध्यम से सक्षम है, जिससे ग्राहकों के लिए मिनटों में एफडी खोलना आसान और परेशानी मुक्त हो जाता है।

## सोने और चांदी की कीमतों में इस साल 10 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (आईएएनएस)। सुरक्षित माने जाने वाले निवेश, विशेष रूप से सोने और चांदी में इस साल की शुरूआत से शानदार तेजी देखी गई है, जिसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में ये बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह साल सुरक्षित निवेश का साल है। वैश्विक मंदी, भू-राजनीतिक अनिश्चितता के साथ-साथ ब्याज दरों में धीमी बढ़ोतरी की वजह से सोने की कीमतें बढ़ी हैं।

मांग और आपूर्ति के कारकों ने ऐतिहासिक रूप से सोने की कीमतों पर सीधे तौर पर बड़ा प्रभाव नहीं डाला है, खास कर ऐसे हालात में जहां बाजार में अनिश्चितताएं मौजूद हैं।

पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमतों में तेज वृद्धि देखी गई है, इसलिए इसमें अब थोड़ी नरमी आने की संभावना है। सोने की मांग बाजार को कभी निराश नहीं करती है, हालांकि बाजार में कुछ



मंदी के कारण इस बार घरेलू मोर्चे पर चीजें थोड़ी अलग हैं, खास कर पिछले साल सोने के लिए सीमा शुल्क 15 प्रतिशत (उपकर सहित) और इस बार चांदी के लिए हालिया बदलाव के बीच। भारत ने 2021 में 1,050 टन सोने का आयात किया, 2022 में उसने 705 टन सोने का आयात किया था। दूसरी ओर, चांदी के आयात ने 2022 में सब को चौंका दिया, जो कि 9,500 टन था।

उच्च कीमतों के बीच, सोने की खरीददारी में बाजार में कुछ मजबूती है। घरेलू मोर्चे पर, गोल्ड ईटीएफ में प्रमुख फंड हाउसों के कुल एयूएम के साथ 17,000 करोड़ रुपये से ऊपर जाने के साथ अच्छा ट्रैक्शन देखा गया है।

## पीएफसी ने ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी को ईवी के लिए 633 करोड़ रुपये दिए

**नई दिल्ली।** भारत में सबसे बड़े ईवी एसेट फाइनेंसिंग सौदे में, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने गुरुवार को 5,000 यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और 1,000 कार्गो ईवी की खरीद के लिए जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (जीईएल) को 633 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया।राइड-हेलिंग कैब के अपने बेड़े का विस्तार करने के लिए यात्री ईवीएस को ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (बीएमपीएल) को पट्टे पर दिया जाएगा। निगम ने एक बयान में कहा कि ऋण की पहली किश्त वितरित कर दी गई है और ईवी कैब की पहली खेप दिल्ली की सड़कों पर आ गई है। पीएफसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रविंदर सिंह ढिल्लों ने कहा- देश में ई-मोबिलिटी को अपनाने का काम तेजी से चल रहा है। इस फंडिंग के माध्यम से, पीएफसी ने भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्यों की दिशा में योगदान करने का प्रयास किया है और यह परिवहन के स्वस्थ और टिकाऊ मोड की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगा। पीएफसी द्वारा वित्तपोषित 5,000 ई4डब्ल्यूएस के परिणामस्वरूप 1,00,000 टन से अधिक सीओ2 समतुल्य उत्सर्जन बचत होने की संभावना है- जो एक वर्ष में 5 मिलियन से अधिक पूर्ण विकसित पेड़ों द्वारा अवशोषित सीओ2 की मात्रा के बराबर है। ब्लूस्मार्ट के पास इलेक्ट्रिक कैब का सबसे बड़ा बेड़ा है और दिल्ली एनसीआर और बेंगलुरु में ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशनों का सबसे बड़ा नेटवर्क है। कंपनी ने 5 मिलियन से अधिक ऑल-इलेक्ट्रिक यात्राएं पूरी की हैं, जिसमें 1.7 मिलियन से अधिक ऐप डाउनलोड के साथ 185 मिलियन किलोमीटर शामिल हैं। ब्लूस्मार्ट ने बीपी वेंचर्स, मेफील्ड, सरवम पार्टनर्स और 9 यूनिकॉर्न फंड सहित अन्य से 75 मिलियन डॉलर (इक्विटी और वेंचर डेट में) जुटाए हैं। इसके अलावा, इसने डीएफआई द्वारा कुल 150 मिलियन डॉलर का ईवी एसेट फाइनेंसिंग हासिल किया, जिसमें आईआरईडीए से 35 मिलियन डॉलर का फाइनेंसिंग फंड भी शामिल है। ब्लूस्मार्ट के सीईओ और सह-संस्थापक अनमोल सिंह जग्गी ने कहा- भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में वैश्विक व्यवधान लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। हम पीएफसी के माध्यम से इस वित्तपोषण से उत्साहित हैं जो हमें अपने शहरों की सड़कों पर और अधिक ईवी तैनात करने में मदद करेगा और भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के माध्यम से एक अद्वितीय ग्राहक अनुभव बनाने के लिए अपनी धष्टि का निर्माण करना जारी रखेगा।



## केवल युवा आबादी के दम पर चीन को पीछे नहीं छोड़ पाएगा भारत: एक्सपर्ट्स

**लंदन।** हाल ही में यूएन एजेंसी की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत अब आबादी के माामले में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में नंबर 1 बन गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की कुल आबादी में सबसे बड़ा हिस्सा युवाओं का है। इसमें भी सबसे ज्यादा आबादी 15 से 24 साल के बेहद युवा लोगों की है। आंकड़ों के हिसाब से देखें, तो इनकी संख्या करीब 25.4 करोड़ होती है। दोनों देशों में जन्म दर को देखें, तो भारत चीन से कहीं आगे नजर आता है। भारत में जहां एक महिला 2 बच्चों को जन्म देती है, वहीं चीन में 1.2 बच्चों को ही मां जन्म दे रही हैं। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले सालों में भारत की युवा आबादी चीन की युवा आबादी को पीछे छोड़ देगी। बहरहाल, एक्सपर्ट्स इस बात पर एक मत नहीं हो पा रहे हैं कि केवल भारत में युवा आबादी बढ़ने से जनसांख्यिकीय लाभांश देखने को मिलेगा। आप सोच रहे होंगे कि आखिर जनसांख्यिकीय लाभांश है क्या? तो आपको बताते चलें कि जनसांख्यिकीय लाभांश बताता है कि किसी देश में जब युवा आबादी ज्यादा होती है, तो देश में इनोवेशन, नए-नए कारोबार खुलते हैं, जिससे देश की आर्थिक प्रगति तेज होती है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के पास अपनी युवा आबादी का फायदा उठाने का मौका है। लेकिन उनकी काबिलियत को पूरी तरह से उपयोग में लाने के लिए लेबर और भूमि सुधार की जरूरत होगी। बेहतर टेक्नॉलजी, सेविंग, इन्वेस्टमेंट, शिक्षा, और स्किल डेवलपमेंट को ध्यान में रखकर इस दिशा में देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। वहीं, आलोचकों का मानना है कि भले ही भारत के पास बड़ी युवा आबादी हो लेकिन एजुकेशन की क्वालिटी और स्किल के मामले में वे चीन से कमतर हैं। चीन की आबादी भारत के मुकाबले सेकेंडरी एजुकेशन के मामले में आगे है, साथ ही वहां की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान भी भारत से ज्यादा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, संख्या बल महत्वपूर्ण है लेकिन लेबर फोर्स की स्किल और उसके कार्य करने की क्षमता उससे भी ज्यादा जरूरी है। क्योंकि उसी से तय हो पाएगा कि क्या युवा आबादी देश को एक बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर काबिज करने में कामयाब होती है या नहीं। एक्सपर्ट्स ने इस बात पर जोर दिया है कि भारत को कई सुधार करने की जरूरत है और उनमें लेबर और भूमि सुधार बेहद जरूरी हैं ताकि जनसांख्यिकीय लाभांश की क्षमता का पूरी तरह इस्तेमाल किया जा सके। मैन्युफैक्चरिंग की जीडीपी में हिस्सेदारी बढ़नी चाहिए। शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। मुमकिन है कि साल 2040 तक भारत के पास युवा आबादी के मामले में लाभांश हो जाए, लेकिन इस बीच सुधार करने जरूरी हैं ताकि हमारी युवा आबादी हमारी लिए वरदान बने, बर्बाद न हो। ***एजेंसी***



## संक्षेप

### बीते नौ साल में देश में दिए गए 17 करोड़ नए एलपीजी कनेक्शन, उपभोक्ताओं की संख्या हुई दोगुनी

**नई दिल्ली।** देश में बीते नौ वर्षों में रिकॉर्ड 17 करोड़ नए एलपीजी (रसोई गैस) कनेक्शन दिए गए हैं। इसके साथ ही देश में रसोई गैस उपभोक्ताओं की संख्या दोगुना होकर 31.26 करोड़ हो गई है। अब देश के लाखों परिवारों में स्वच्छ ईंधन का उपयोग होने लगा है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि सक्रिय घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या अप्रैल, 2014 में 14.52 करोड़ थी, जो मार्च, 2023 में बढ़कर 31.36 हो गई। उपभोक्ताओं की संख्या में यह उल्लेखनीय वृद्धि मुख्य रूप से प्रधानमंत्री उज्वला योजना (पीएमयूवाई) की वजह से है। इस योजना के चलते एलपीजी का दायरा 2016 के 62 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 104.1 प्रतिशत हो गया। एक समय था जब नए एलपीजी कनेक्शन के लिए इंतजार करना पड़ता था, एलपीजी सिलेंडर सात से दस दिन में मिलता था। वहीं अब रसोई गैस का कनेक्शन जब जरूरत हो तब मिल जाता है तथा ज्यादातर स्थानों पर सिलेंडर भी एक दिन के भीतर आ जाता है। ऐसे उपभोक्ता जिनकी जरूरत कम है या खरीद क्षमता कमजोर है उनके लिए सरकारी विक्रेताओं ने पांच किलोग्राम का सिलेंडर भी उतारा है, जो परंपरागत 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर से अतिरिक्त है। हर गरीब परिवार को रसोई गैस का निःशुल्क कनेक्शन देने के लक्ष्य के साथ पीएमयूवाई की शुरूआत एक मई, 2016 को हुई थी और 30 जनवरी, 2023 तक इस योजना के तहत जारी कनेक्शन की संख्या 9.58 करोड़ पर पहुंच गई। बाकी बचे परिवारों को पीएमयूवाई के तहत लाने के लिए उज्वला 2.0 की शुरूआत 10 अगस्त, 2021 को की गई थी, जिसका लक्ष्य अतिरिक्त एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन देना था। यह लक्ष्य 31 जनवरी, 2022 को प्राप्त हो गया और बड़ी संख्या में आवेदनों को देखते हुए सरकार ने इसके तहत 60 लाख और कनेक्शन देने का फैसला लिया।

### चंद्रमा-अन्वेषण गतिशीलता रोवर विकसित करेगी हुंडई

**सोल।** हुंडई मोटर ने गुरुवार को कहा कि वह चंद्रमा-अन्वेषण गतिशीलता रोवर विकसित करेगी क्योंकि यह फ्यूचर मोबिलिटी सॉल्यूशन्स प्रोवाइडर में बदलना चाहती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले साल जुलाई में, हुंडई मोटर ने परियोजना के लिए कोरिया एयरोस्पेस रिसर्च इंस्टीट्यूट और कोरिया ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट सहित देश के छह विमानन अनुसंधान संस्थानों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया कि रोवर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने में सफल होने पर हुंडई और संस्थान खनिजों को इकट्ठा करने, पर्यावरण विश्लेषण करने और अन्य वैज्ञानिक परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। ईवीपी और हुंडई मोटर और किआ के अनुसंधान एवं विकास योजना एवं समन्वय केंद्र के प्रमुख, योंग वा किम ने कहा, चंद्र अन्वेषण गतिशीलता विकास मॉडल का निर्माण न केवल इस लक्ष्य को दशार्ता है, बल्कि महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने में ठोस परिणाम प्राप्त करने की हमारी महत्वाकांक्षा को भी दशार्ता है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को दक्षिण कोरियाई कार निमार्ता ने रोवर की अवधारणा इमेज का अनावरण किया, जिसका वजन 70 किलोग्राम तक होगा। सोनाटा सेडान और सांता फे एसयूवी के निमार्ता अगले साल की दूसरी छमाही में रोवर के विकास मॉडल को पूरा करने की उम्मीद करते हैं। इसका लक्ष्य 2027 में रोवर के अंतिम संस्करण को पेश करना है।

### आईटीसी मुगल बना दुनिया का पहला लीड जीरो वाटर प्रमाणन पाने वाला होटल

**नई दिल्ली।** आईटीसी मुगल यूएस ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल से लीड जीरो वाटर प्रमाणन हासिल करने वाला दुनिया का पहला होटल बन गया है। लीडरशिप इन एनर्जी एंड इनवायरनमेंट डिजाइन (लीड) प्रमाणन नेट-जीरो लक्ष्यों का सत्यापन करता है। होटल के अधिकारियों का कहना है कि पानी की जरूरतों में आत्मनिर्भर बनने के प्रयास के तहत आईटीसी मुगल एक स्थायी प्रक्रिया का पालन कर रहा है जो यह सुनिश्चित करता है कि इसकी इमारतों और प्रक्रियाओं के लिए पानी की आवश्यकताओं को बारिश के पानी को जमा कर इससे इस्तेमाल के लायक बनाकर पूरा किया जाए। लीड जीरो वैश्विक शहरों, समुदायों और इमारतों के लिए नया मानक है क्योंकि वे एक स्थायी भविष्य प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। लीड जीरो में कुल पीने योग्य पानी की खपत और कुल वैकल्पिक या पुनर्नवीनीकरण पानी के उपयोग के बीच संतुलन बनाए रखा जाता है। आईटीसी होटल्स के डिवीजनल चीफ एक्जीक्यूटिव अनिल चड्ढा ने कहा, आईटीसी होटलों में स्थिरता सभी परिचालनों का आधार है। आईटीसी मुगल वैश्विक स्तर पर पहला होटल है जिसे यूएस ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा लीड जीरो वाटर सर्टिफिकेशन से सम्मानित किया गया है। मान्यता हमारी जिम्मेदार लक्जरी लोकाचार को प्रमाणित करती है जो होटल संचालन के विभिन्न पहलुओं में ग्रह के सकारात्मक अनुभवों को एकीकृत करना चाहता है। आईटीसी होटल दुनिया की सबसे बड़ी होटल श्रंखला है, जिसके 22 होटलों को यूएसजीबीसी द्वारा लीड प्लेटिनम प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। साथ ही, काउंसिल द्वारा लीड जीरो कार्बन के रूप में प्रमाणित दुनिया के पहले बारह होटल सभी आईटीसी के हैं। हम इस अवसर पर अपने संरक्षकों और सहयोगियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं।

### फ्लिपकार्ट ने सुपर कूलिंग डेज की घोषणा

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट ने 21-26 अप्रैल, 2023 के दौरान अपने फ्लैगशिप इवेंट सुपर कूलिंग डेज की घोषणा की है। सुपर कूलिंग डेज का आयोजन फ्लिपकार्ट द्वारा कस्टमाइज्ड पेशकश के तौर पर किया गया है जो ग्राहकों को विभिन्न विक्रेताओं और ब्रैंड्स द्वारा पेश कूलिंग एप्लायंसेज में से मनपसंद का चुनाव करने का मौका देगा। ग्राहकों को तरह-तरह के विकल्पों जैसे कि एनर्जी-एफिशिएंट एसी, एयर कूलरों, बीएलडीसी मोटर्स (ब्रशलैस डायरेक्ट करंट मोटर) से सुसज्जित स्मार्ट फैन्स के अलावा अनेक ब्रैंड्स के रेफ्रिजरेटरों का चुनाव की सहूलियत मिलेगी जिनसे उनके बिजली बिलों में भी बचत होगी। सुपर कूलिंग डेज के दौरान, विक्रेताओं की ओर से कूलिंग एप्लायंसेज पर कई आकर्षक पेशकश की जाएंगी और ग्राहकों को एयरकंडीशनरों, रेफ्रिजरेटरों, एयर कूलिरों तथा फैन्स आदि पर एक्सचेंज बोनस, मुफ्त इंस्टॉलेशंस तथा बैंक एवं प्रीपेड ऑफर्स जैसी अनेक सुविधाएं मिलेंगी। गर्मियां अब समय से पहले शुरू होने लगी हैं और इस वजह से देशभर में कूलिंग एप्लायंसेज जिनमें एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, पंखे और कूलर आदि शामिल हैं, की मांग बढ़ी है। ग्राहक स्मार्ट और एडवांस क्षमताओं वाले एप्लायंसेज की खरीद के लिए अधिक खर्च करने के लिए तैयार रहते है। फ्लिपकार्ट द्वारा जारी हाल के आंकड़ों से यह खुलासा हुआ है कि कूलिंग एप्लायंसेज की मांग में तेजी आयी है जो मुख्य रूप से देश के टियर 2+शहरों में बढ़ने वाली मांग से प्रेरित है, और एयर कंडीशनरों तथा रेफ्रिजरेटरों ने वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी करते हुए 1.3और 1.4बढ़त दर्ज करायी है।

### बनारस होटल्स लिमिटेड आज तक का सबसे ज्यादा ईबीआईटीडीए दर्ज किया

**मुंबई।** द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) की उपकंपनी बनारस होटल्स लिमिटेड ने 31 मार्च 2023 को समाप्त हुई चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा की है। 31 मार्च 2023 को समाप्त हुई चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजें 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए पूरे वित्तीय वर्ष के नतीजें बनारस होटल्स लिमिटेड (बीएचएल) के चेयरमैन डॉ. अनंत नारायण सिंह ने कहा, 2023 में भारतीय हॉस्पिटैलिटी उद्यम में बेहतरीन पुनःप्रवर्तन देखने मिल रहा है। आईएचसीएल का प्रमुख ब्रांड ताज ने अपनी रेवपर लीडरशिप को बरकरार रखते हुए मार्केट से भी बढ़िया प्रदर्शन किया है, ताज को वर्ल्ड्स स्ट्रॉन्गेस्ट होटल ब्रांड का खिताब मिला है। बीएचएल ने इस वित्तीय वर्ष में आज तक का सबसे ज्यादा ईबीआईटीडीए दर्ज किया है। वर्तमान वर्ष में कंपनी ने 49% रेवेन्यू और कोविड के पहले के मुकाबले पीएटी में 2.21 गुना वृद्धि के साथ रेवेन्यू में भारी वृद्धि और लाभकारिता हासिल की है। 200% के डिविडेंड की घोषणा करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।

# जाम से छुटकारे के लिए पुलिस ने बाजार में हटवाया अतिक्रमण



जाम से छुटकारे के लिए अतिक्रमण हटवाती पुलिस

**जनसंदेश न्यूज**

**थानागद्दी।** केराकत क्षेत्र के थानागद्दी बाजार में कोतवाली और स्थानीय चौकी पुलिस ने बुधवार की शाम अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया। दुकानों के सामने पटरियों तक फैले सामान को दुकान में रखवाया तथा ठेले व खोमचे को पटरियों पर रखकर दुकानदारी न करने की चेतावनी दी। दुकानदारों को चेताया कि अगर फिर से सड़क पर सामान रखा तो जब्ती की कार्रवाई कर चालान काटा जाएगा। कोतवाल आदेश त्यागी ने आए दिन थानागद्दी में जाम लगने की बाबत बताया कि खराबी के चलते चंदवक और जौनपुर के पुल बंद हो जाने से रोडवेज सहित भारी वाहन थानागद्दी होते हुए आजमगढ़ गोरखपुर सहित अन्य जिलों को जा रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही और बाजार में दुकानदारों के अतिक्रमण से जाम लग रहा है। बाजार में बेतरतीब अतिक्रमण की स्थिति को सुधारने की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बाजार के मुख्य चौराहों पर पुलिस के जवानों ने दुकानदारों को समझाते हुए सामान हटवाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि फिर से सड़क पर सामान रखा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसए ने कराया दलित बस्ती में नामांकन

**जनसंदेश न्यूज**

**सरायख्वाजा।** विकासखंड करंजाकला अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय छुंछा के सेवित क्षेत्रों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में सघन स्कूल चलो अभियान चलाया गया जो हरिजन बस्ती लोहार बस्ती से होते हुए मुसहर बस्ती में रुका जहां पर कुल 20 बच्चों का नामांकन स्वयं आवेदन भरकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार ने किया।

इसके पश्चात विद्यालय परिसर में आयोजित अभिभावक जागरूकता संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बीएसए ने कहा है कि शिक्षा प्राप्त करना कानूनी अधिकार है जिसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद के सभी सम्मानित शिक्षक कृत संकल्पित है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर के मुख्य अतिथि ने किया। सभी नव नामांकित बच्चों को कॉपी पेंसिल प्रदान कर माल्यार्पण करके प्रेरित किया गया। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसने सबका मन मोह लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. अतुल प्रकाश यादव, बच्चों को तैयार करने वाली शिक्षा मित्र सरिता शर्मा सहित पूरे स्टाफ की सराहना सभी अतिथियों ने किया।



बच्चों का नामांकन करते बीएसए

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने किया। संचालन छात्र आदित्य छात्रा सृष्टि सहित आशीष यादव एवं संजय यादव ने संयुक्त रूप से किया। स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर डॉ. अतुल प्रकाश यादव ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। धन्यवाद एवं आभार ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ गाजीपुर के जिला अध्यक्ष राधेश्याम सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद सिंह, लाल साहब यादव, अमर बहादुर यादव, मनोज यादव, अतुल सिंह, दीपमाला, नीतीश सिंह, शैलेंद्र पाल, अनिल यादव, डॉ. राम सिंह, मोहम्मद हाशिम, सुरेश चंद पाठक, रेखा भारती आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मस्जिद के पास गंदगी से ग्रामीणों में आक्रोश



**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम मुर्की में मस्जिद से लगभग पचास मीटर की दूरी पर गन्दगी का अम्बार है जिसकी साफ सफाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश साफ नजर आ रहा है। गौरतलब है कि माहे रमजान के मद्देनजर मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों द्वारा उसी रास्ते से मस्जिद में जाकर नमाज अदा किया जाता है। गन्दगी की सफाई के लिये जब ग्राम प्रधान सादिक अहमद ने सफाई कर्मियों को विगत पंद्रह तारीख को गाँव में बुलाया तो सफाई कर्मी मस्जिद के पास लगे कूड़े के ढ़ेर के पास खड़े होकर फोटो खिंचवा कर चले गये। सफाईकर्मियों को बगैर कूड़ा साफ किये जाता देख प्रधान ने जब पूछा तो बाद में सफाई करने का बहाना बनाकर चलते बने। वहीं मो. सादिक ने बताया कि गांव के बीचों बीच लगे कूड़े के अंबार से आस पास के लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज है मगर आलम तो देखिए कचरे का ढेर आज भी टीले की तरह पड़ा हुआ है। वहीं मस्जिद समेत गांव में कई जगह गन्दगी का अम्बार लगा है। मस्जिद के पास लगे कूड़े के ढ़ेर से गाँव के नमाजी खासे परेशान हैं। गांवों की साफ सफाई के लिए बकायदा सफाई कर्मी नियुक्त किये जाते है बाबजूद इसके भी गांवो में कचरे का अंबार लगा हुआ है यह एक सोचनीय विषय है। बहरहाल कब और कैसे कचरे को हटाया जायेगा ये तो जिम्मेदार ही तय करेंगे।

### एडीओ पंचायत को मातृशोक

**सुइथाकला।** स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर तैनात एडीओ पंचायत व सैदपुर गाजीपुर जनपद के मूल निवासी राजेश कुमार को बुधवार को मातृशोक हो गया। शोक की खबर पाते ही ब्लाक मुख्यालय परिवार समेत अन्य लोग शोकाकुल हो उठे। गौरतलब हो कि एडीओ पंचायत की 75 वर्षीया माता द्रौपदी देवी का बुधवार को उनके पैतृक आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। वह अपनी दो सन्तानों का भरापूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गयी। बुधवार देर शाम उनके बड़े पुत्र राजेश कुमार द्वारा मुखाग्नि देकर उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया। उनके पति श्यामलाल 2015 में ही सबको छोड़कर स्वर्ग सिधार चुके हैं। इधर निधन की सूचना पाते ही ब्लाक मुख्यालय परिवार समेत अन्य गणमान्य लोग शोकाकुल हो उठे। इसी कड़ी में ब्लाक प्रमुख विद्या तिवारी व प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रकाश दूबे, प्रधान रामसकल वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी ब्लाक इकाई संघ के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, उगेश पाठक, राजकुमार, जितेंद्र कुमार आदि लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

### डोर टू डोर अभियान चलाकर 12 बच्चों का किया नामांकन

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बंजारेपुर के प्रधानाध्यापक व एसएमसी अध्यक्ष ने डोर टू डोर अभियान चलाकर नए बच्चों का दाखिला किया। वहीं बच्चों के अभिभावकों को बच्चो स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। बृहस्पतिवार को प्राथमिक विद्यालय बंजारेपुर के प्रधानाध्यापक अश्वनी राय व विद्यालय समिति के एसएमसी अध्यक्ष कपूर चंद विद्यालयों के शिक्षकों को साथ लेकर बंजारेपुर व करमदासपुर गांव में नए दाखिले के लिए डोर टू डोर जाकर बच्चों के अभिभावकों को अपने-अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों का दाखिला करवाकर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। इस दौरान प्रधानाध्यापक, एसएमसी अध्यक्ष व विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा प्रेरित किये जाने पर 12 नए बच्चों ने अपना दाखिला स्कूल में करवाया। इस अभियान में प्रधानाध्यापक अश्वनी राय व एसएमसी अध्यक्ष कपूर चंद के साथ सहायक अध्यापिका वंदना यादव, रिम्पल गौतम व शिक्षा मित्र रेनू मौर्य मौजूद रही।

### हनुमान मंदिर पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**मुफ्तीगंज।** क्षेत्र के मुर्तजाबाद खड़हर डगरा में स्थित हनुमान मंदिर पर बुधवार को अखंड सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आरंभ में हनुमान जी का श्रृंगार और आरती की गई। पाठ के समापन पर प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान दयाराम सहित क्षेत्र के अखिलेश राय, मिंटू राय, सनोज कुमार सिंह, मृदुल सिंह, मुकेश कुमार राय और पूर्व ग्राम प्रधान अनिल कुमार राय सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी राजनेत सिंह उर्फ पहलवान ने सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। इस अवसर पर विशेष सुंदरकांड पाठ के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यह अयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है।

## संक्षेप

### विद्यालयों में प्रेरणा तालिका अनिवार्य रूप से लगाई जाये: डीएम



**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने परिषदीय विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने व बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी ली। विद्यालयों में बाउण्ड्रीवाल सहित स्कूलों में टाइल्स लगाने का कार्य, रंगाई पुताई एवं अन्य संबंधी निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा की जिन विद्यालयों में अब तक मूलभूत समस्त कार्य जो अब तक ना किया गया हो उसे जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विद्यालयों में प्रेरणा तालिका अनिवार्य रूप से लगाई जाये, यदि प्रेरणा तालिका किसी विद्यालय में लगी हुईं नहीं पायी जायेगी, तो सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स सदस्यों द्वारा विगत माह किये गये निरीक्षण की प्रगति, गत माह में विकास खण्डवार शिक्षकों के उपस्थिति का प्रतिशत के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। बीएसए द्वारा बताया गया कि सभी ब्लाकों को मिलाकर शिक्षकों की उपस्थिति का प्रतिशत अच्छा रहा है। गत माह में छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत भी अच्छा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय खुलने पर छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ाया जाये और शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### अलविदा नमाज व ईद को लेकर डीएम व एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक



**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जनपद में शांति, सुरक्षा व्यवस्था, अमन चैन को कायम रखने के क्रम में जिलाधिकारी ने भदोही वासियों को गंगा-जमुनी-तहजीब का प्रवाहक बताया। उन्होंने कहा की आपका अनुशासित व मर्यादित आचरण ही सभ्य समाज की पहचान है। जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से बैठक में उपस्थित लोगों से वार्ता कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा की असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति के संज्ञान में कोई सांप्रदायिक, संदिग्ध मामला आता है तो तुरंत सम्बंधित थाना पुलिस को अवगत कराएं, जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही की जाएगी। यहाँ की शांति व सदभाव, आपकी एकता का परिचायक है। बैठक में उपस्थित धर्म गुरुओं व प्रबुद्ध जनों ने अपनी बातो को रखते हुए पुलिस-प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए खुशहाली पर बल दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी उपजिलधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, मौलवियों, अन्य धर्म गुरुओं, सम्मानित प्रबुद्धजन, समाजसेवी, जनता जनार्दन उपस्थित रहें। इसी तरह भदोही कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में अलविदा की नमाज व ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक ली गई। एसडीएम कृपाशंकर पांडेय, सीओ अजय कुमार चौहान, कोतवाली अजय सेठ, हाफिज परवेज अच्छे, नुरैन खान, इमरान खान, हाफिज रियाज, हाफिज रिजवान, मुजफ्फर अली, हलीमुल्ला, शेरू खान आदि मौजूद रहे।

### फरार आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**सुरियावां।** थाना क्षेत्र सुरियावां के गजधरा गाँव में चौकी प्रभारी पाली सन्तोष कुमार राय ने पुलिस बल के साथ मुनादी कराकर दो आरोपियों के विरुद्ध 82 सीआरपीसी की नोटिस उनके घर पर चस्पा की। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मुकदमा अपराध संख्या 203/2021 में धारा 504/506/419/420/467/468/471/120 बी के आरोपी सियाराम उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय पंडित अभय उपाध्याय, पप्पल पुत्र तेजधर उपाध्याय निवासी गजधरा थाना सुरियावा फरार चल रहे है।इनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी 82 सीआरपीसी की नोटिस उनके घर पर चस्पा की गई।

# गोपीगंज में डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं से ठगी, समूह के नाम पर जमा कराए रुपये

**धोखाधड़ी**

**लाखों रुपये लेकर फरार हुआ धोखेबाज**

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र गहरपुर, चहरपुर, चकामंधाता, इनारगांव, मैलोना, सुफीनगर, कुलमनपुर से 150 से अधिक महिलाओं से लोन देने के नाम पर लाखों रुपए ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। गुरुवार को पीड़ित महिलाओं ने गोपीगंज कोतवाली पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई।

बताया जाता है कि गोपीगंज स्थित चकपरौना में सिया फाइनेंस सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता, के नाम से एक फर्म आई और गांव-गांव में फाइनेंस कंपनी का आई डी लगाकर घूमकर महिलाओं को चालीस हजार हजार का लोन देने के नाम पर ग्यारह ग्यारह महिलाओं का समूह बनाने को कहा और गहरपुर, चहरपुर, चकामंधाता, इनारगांव, मैलोना, सुफीनगर, कुलमनपुर से डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं से बीमा के नाम पर हर महिलाओं से 1452 रुपया जमा करा कर शाम को सभी को अपने चकपरौना स्थित आफिस में बुलाया। जब वहां पर सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष पहुंचे तो आफिस बंद मिला, मकान मालिक ने भी उन लोगों से चकमा खाने की बात बताई। अपने साथ ठगी का एहसास होने पर सभी महिलाएं व पुरुष थाने पर आकर सूचना दी, सूचना का संज्ञान लेते हुए पुलिस जांच प्रक्रिया में लग गई। ठगी का शिकार होने वाली महिलाओं में शांति, निर्मला देवी, पूजा, फूलमती, आरती, सरिता, सितारा, गीता, शीला, सत्य प्रकाश, किरण, शांति, शीला, बिट्टन, अनीशा आदि शामिल रही।



ठगी का शिकार महिलाएं थाने पर एकत्रित हो कर कार्यवाही की मांग करती हुई

### समाज कल्याण अधिकारी ने किया वृद्ध जन आश्रम का औचक निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ऐश्वर्या राजलक्ष्मी ने वृद्ध जन आश्रम गोपीगंज का औचक निरीक्षण कर आश्रम संचालक और देख रेख करने वाले लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान आश्रम मे रह रहे वृद्ध जनों को कोविड से बचाव के लिए मास्क वितरित किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी गुरुवार को अचानक वृद्ध जन आश्रम पहुच गई। आश्रम मे निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे वृद्ध जनों से मिलकर आश्रम मे मिल रही सुविधाओ की जानकारी ली। उनके शयन कक्ष, भोजनालय, शौचालय, प्रार्थना स्थल आदि का निरीक्षण किया। वृद्ध जनों की संख्या आदि की जानकारी ली। शासन की मंशा के अनुरुप उन्हें सुविधा उपलब्ध कराने इसमे कोई कोताही न करने की हिदायत दी। देश मे कोरोना संक्रमण की बढ़ रही स्थिति को देखते हुये इससे बचाव का समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बचाव के लिए सब को मास्क वितरित किया। इस मौके पर ज्ञानेंद्र सिंह, प्रदोष कुमार, राजन पंडा, इंद्रजीत आदि लोग रहे।

# अध्यक्ष के 7 व सदस्य के 88 प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

**नामांकन प्रक्रिया**

**चौथे दिन सभी तहसील नामांकन स्थलों से सातों नगरीय निकायों के अध्यक्ष के 19 व सदस्य के 69 सहित कुल 88 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री**

**बैरिकेडिंग, चेकिंग व चुस्त-दुरुस्त पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्था के साथ नामांकन प्रक्रिया संचालित**



गोपीगंज नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के लिए पर्चा दाखिल करते कांग्रेस प्रत्याशी माबूद खान



नगर पालिका परिषद भदोही के कजियाना वार्ड के लिए नामांकन दाखिल करते अफसाना टोनी मंसूरी

**भदोही।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 के तहत तहसील भदोही परिसर में नगर पालिका भदोही के अध्यक्ष पद हेतु 11 व सदस्य पद हेतु 28 पत्रों की बिक्री, सुरियावा अध्यक्ष पद हेतु 02 एवं सदस्य पद हेतु 08, प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा तथा अध्यक्ष पद हेतु 01 एवं सदस्य पद हेतु 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नई बाजार में सदस्य पद हेतु 05 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा व 02 सदस्य प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। इसी तरह तहसील ज्ञानपुर परिसर में नगर पालिका गोपीगंज के अध्यक्ष पद हेतु 01 व सदस्य पद हेतु 08 पत्रों की बिक्री एवं अध्यक्ष पद हेतु 02 तथा सदस्य पद हेतु 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष के 02, सदस्य के 15 फार्मो की बिक्री हुई तथा सदस्य पद हेतु 06 प्रत्याशीयों ने नामांकन किया। इसी तरह तहसील औराई परिसर में नगर पंचायत खमरिया के अध्यक्ष हेतु 03 एवं सदस्य हेतु 03 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। खमरिया से अध्यक्ष पद हेतु 02 प्रत्याशियों तथा सदस्य पद हेतु 13 पुरूष व 05 महिला सहित कुल 18 प्रत्याशियों ने सदस्य पद हेतु नामांकन किया। नगर पंचायत घोसिया में सदस्य हेतु 02 पत्रों का क्रय किया गया जिसमें अध्यक्ष पद हेतु 02 महिला प्रत्याशियों ने नामांकन तथा 09 महिला व 09 पुरूष वार्ड सदस्य प्रत्याशियों ने कुल 18 नामांकन भी किया। इस प्रकार से तीनों तहसील परिसरों के नामांकन स्थल से सातों नगरीय निकाय के अध्यक्ष के 19 व सदस्य के 69 सहित कुल 88 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तथा 88 सदस्य प्रत्याशी एवं 07 अध्यक्ष प्रत्याशी सहित कुल 95 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया।

### पति की सीट पर पत्नी होगी सभासद प्रत्याशी

**लालानगर।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज सदर मोहाल पुर्वी वार्ड संख्या 21 के निवर्तमान सभासद डॉ. आनंद कुमार गुप्ता की सीट पर पत्नी दीपमाला इस बार सभासद की प्रत्याशी होगी। दीपमाला ने गुरुवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया है। इनका कहना है कि विकास के काम को आगे बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य होगा। पति की सीट पर पत्नी द्वारा पर्चा दाखिल किए जाने के बाद चर्चाओं का बाजार बना हुआ है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदोही का छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण

**चर्चा**

**नवाचार परिषद के तत्वावधान में महाविद्यालय की ओर से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में नवाचार परिषद के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्रों के दल ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदोही का भ्रमण कर उपलब्ध संसाधनों और पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा नवाचार और उद्यमशीलता के माध्यम से स्वरोजगार के लिए चर्चा की।

नवाचार परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह यादव ने बताया कि प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों के दल को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना करते हुए छात्रों को नवाचार और प्रोडक्ट डिजाइन के माध्यम से समाज की समस्याएं सुलझाने तथा जरूरतों को पूरा करने पर बल दिया। आईटीआई के प्रधानाचार्य ने छात्रों के दल का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. भावना सिंह और डॉ. शिखा तिवारी ने बताया कि छात्रों ने विभिन्न ट्रेड्स की प्रयोगशालाओं जैसे पेंटिंग, वेल्डिंग, प्लंबिंग, कोपा, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिक, इलेक्ट्रिक, कॉस्मेटोलॉजी, फिटिंग, सिलाई, कढ़ाई, मशीनरी आदि में उपलब्ध मशीनों तथा तकनीकी की जानकारी ली। छात्रों का नेतृत्व इनोवेशन एंबेसडर डॉ माया यादव और आईसीसी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह यादव ने भी किया। धन्यवाद ज्ञापन और संयोजन डॉ. भावना सिंह और डॉ. शिखा तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. गौतम गुप्ता, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. रुस्तम अली, डॉ. अनीश कुमार मिश्र, डॉ. अंकित तिवारी, डॉ. श्वेता सिंह, पूनम द्विवेदी, डॉ. अमित तिवारी आदि अध्यापक गणों ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।



आईटीआई में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रोडक्टों एवं डिजाइनों की जानकारी लेते छात्र

# पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का डीआईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**निरीक्षण**

**अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्बन्धित कार्यों के निष्पादन व कार्यालयों की साफ सफाई हेतु दिए सख्त निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** विंध्याचल मण्डल पुलिस उपमहानिरीक्षक आरपी सिंह ने पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम डीआईजी को पुलिस कार्यालय पर मौजूद सलामी गार्द से गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली गई।

तत्पश्चात कार्यालय के समस्त शाखाओं पेशी, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर कार्यालय, अपराध शाखा, आइजीआरएस सेल, महिला सहायता प्रकोष्ठ, सम्मन सेल, अँगुष्ठ छाप एवं अन्य शाखा कार्यालयों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में अभिलेखों के बेहतर रखरखाव एवं साफ-सफाई तथा कार्यरत अधिकारी व कर्मचारीगणों के कार्यों की गहनता से पूछताछ करते हुए सम्बन्धित को सख्त दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही डीसीआरबी शाखा प्रभारी को अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही कराने, विशेष किशोर पुलिस इकाई शाखा प्रभारी को लैंगिक अपराधों से पीड़ित बालकों के प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग करने एवं प्राथमिकता पर मामलों के निस्तारण कराने, एएचटीयू शाखा प्रभारी को बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने तथा प्रधान लिपिक को पुलिसकर्मियों के यात्रा भत्ता व चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही व अपर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण व पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते विंध्याचल मण्डल पुलिस उपमहानिरीक्षक आरपी सिंह



# फ्यूचर में मंगल ग्रह पर कैसे पहुंचेगा स्टारशिप?

स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट मिलकर रियूजेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम बनाते हैं जो ऑर्बिट में रिफ्यूलिंग करने में सक्षम है। ये सिस्टम मार्स की सरफेस पर मौजूद नेचुरल एचटू-ओ और सीओ-टू के रिसोर्सेज से खुद को रिफ्यूल भी कर सकता है। इंसानों पर मंगल ग्रह पर भेजने की बात करें तो सुपर हैवी बूस्टर के साथ स्टारशिप को लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद बूस्टर अलग होकर पृथ्वी पर लौट आएगा। अब पृथ्वी से एक रिफ्यूलिंग टैंकर लॉन्च होगा। ये टैंकर ऑर्बिट में स्टारशिप से डॉक हो जाएगा और रिफ्यूलिंग के बाद पृथ्वी पर लौट आएगा। स्टारशिप अब पृथ्वी के ऑर्बिट से मंगल की अपनी यात्रा शुरू करेगा। स्टारशिप मंगल ग्रह के वायुमंडल में साढ़े सात किलोमीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार से प्रवेश करेगा और फिर धीमा हो जाएगा। इस व्हीकल की हीट शील्ड को कई मल्टिपल एंट्री के लिए डिजाइन किया गया है। धीमा होने के बाद स्टारशिप मंगल पर लैंड कर जाएगा। मंगल ग्रह पर पृथ्वी से पहुंचने में करीब-करीब नौ महीने का समय लगेगा और वापस आने में भी इतना ही।

## मिशन के सफल होने की संभावना 50% थी

एलन मस्क ने लॉन्च से पहले ही कहा था कि स्टारशिप के पहले ऑर्बिटल मिशन के सफल होने की संभावना केवल 50% है, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्पेसएक्स साउथ टेक्सास साइट पर कई स्टारशिप व्हीकल बना रहा है। इन्हें आने वाले महीनों में जल्दी-जल्दी लॉन्च किया जाएगा और लगभग 80% संभावना है कि उनमें से एक इस साल ऑर्बिट में पहुंच जाएगा।

## फिर भी इसके लॉन्च करने वाले हैं खुश कहा-इसका उड़ान भरना ही बड़ी सफलता

# स्टारशिप लॉन्चिंग के बाद हुआ टुकड़े-टुकड़े

दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट लॉन्च के बाद गल्फ ऑफ मैक्सिको के ऊपर विस्फोट कर गया। इसे शाम सात बजे टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया था। ये स्टारशिप का पहला ऑर्बिटल टेस्ट था। इससे पहले मंगलवार को भी इसे लॉन्च करने की कोशिश की गई थी, लेकिन प्रेशर वाल्व के फ्रीज होने के कारण लॉन्च 39 सेकेंड पहले रोक दिया गया। स्टील से बने स्टारशिप को दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने बनाया है। स्पेसएक्स ने कहा, स्टेज सेपरेशन से पहले स्टारशिप ने रैपिड अनशेड्यूल्ड डिसअसेंबली एक्सपीरियंस की। इस तरह के एक टेस्ट के साथ, हम जो सीखते हैं उससे सफलता मिलती है। आज का टेस्ट हमें स्टारशिप की विश्वसनीयता में सुधार करने की दिशा दिखाएगा। स्पेसएक्स ने कहा, स्टारशिप के पहले फ्लाइट टेस्ट के लिए पूरी स्पेसएक्स टीम को बधाई। टीमें डेटा को रिव्यू करना जारी रखेंगी और अगले फ्लाइट टेस्ट की दिशा में काम करेंगी। स्टारशिप के फेल होने के बाद भी स्पेसएक्स हेडक्वार्टर में एम्प्लॉइज खुशी मनाते दिखाई दिए क्योंकि, रॉकेट का लॉन्चपैड से उड़ना ही बड़ी सफलता थी।

### दुनिया का सबसे ताकतवर व्हीकल

स्टारशिप अब तक का डेवलप दुनिया का सबसे पावरफुल लॉन्च व्हीकल है। ये पूरी तरह से रियूजेबल है और 150 मीट्रिक टन भार ले जाने में सक्षम है। स्टारशिप सिस्टम 100 लोगों को एक साथ मंगल ग्रह पर ले जाएगा। मस्क 10 अप्रैल को ही स्टारशिप को लॉन्च करना चाहते थे, लेकिन तब वर फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन से स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। ये पूरा लॉन्च 90 मिनट का था। टेस्ट फ्लाइट के दौरान, लिफ्ट ऑफ के तीन मिनट बाद बूस्टर अलग हो जाता और गल्फ ऑफ मैक्सिको में लैंड कर जाता। शिप 150 मील यानी 241.40 किलोमीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर पृथ्वी के चक्कर काटता और फिर हवाई कोस्ट पर स्पैल्शडाउन होता। यानी इस टेस्ट में स्टारशिप वर्टिकल लैंडिंग अटेम्प्ट नहीं करता।

### मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की क्या जरूरत?

मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की जरूरत पर एलन मस्क कहते हैं- 'पृथ्वी पर एक लाइफ एंडिंग इवेंट मानवता के अंत का कारण बन सकती है, लेकिन अगर हम मंगल ग्रह पर अपना बेस बना लेंगे तो मानवता वहां जीवित रह सकती है।' करोड़ों साल पहले पृथ्वी पर डायनासोर का भी अंत एक लाइफ एंडिंग इवेंट के कारण ही हुआ था। वहीं प्रोफेसर स्टीफन हॉकिंग ने भी 2017 में कहा था कि अगर इंसानों को सर्वाइव करना है तो उन्हें 100 साल के भीतर विस्तार करना होगा।

### मस्क का जैपनीज बिलेनियर से मून ट्रिप का वादा

स्टारशिप का सबसे बड़ा टारगेट इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाना है। इसके अलावा इंसानों को चंद्रमा पर पहुंचाने के नासा के मिशन में भी स्टारशिप लैंडर का काम करेगा। मस्क का प्लान स्टारशिप का इस्तेमाल स्पेस टूरिज्म के लिए करना भी है। मस्क ने एक जैपनीज बिलेनियर युसाकु मेजवा से चंद्रमा के चारों ओर की ट्रिप का वादा किया है।

## स्टारशिप इनसानों को मंगल पर पहुंचाने का रखता है इरादा

ये लॉन्चिंग इसलिए अहम थी कि ये स्पेसशिप ही इंसानों को इंटरप्लेनेटरी बनाएगा। यानी इसकी मदद से पहली बार कोई इनसान पृथ्वी के अलावा किसी दूसरे ग्रह पर कदम रखेगा। मस्क साल 2029 तक इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाकर वहां कॉलोनी बसाना चाहते हैं। स्पेसशिप इंसानों को दुनिया के किसी भी कोने में एक घंटे से कम समय में पहुंचाने में भी सक्षम होगा। स्टारलिंक का पहला ऑर्बिटल लॉन्च मंगलवार को फ्यूल भरते समय प्रेशर वाल्व के फ्रीज होने के कारण टालना पड़ा था। यहां यह सवाल उभरता है कि आखिर हमें पृथ्वी से 23 करोड़ किलोमीटर दूर मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की क्या जरूरत है? वहीं कुछ का सवाल ये भी होगा कि इतनी दूर जाने में कितना समय लगेगा, इसकी प्रोसेस क्या होगी? इंसान कैसे इस रेड प्लेनेट से वापस आएंगे? स्टारशिप की टेक्नोलॉजी क्या है? स्टारशिप क्या-क्या कर सकता है? आगाज स्टारशिप से करें तो उसके लॉन्च की वजह समझना आसान हो जाएगा। स्पेसएक्स के स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। ये एक रीयूजेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम है। इसमें एडवांस्ड रेप्टर इंजन लगे हैं।

# जंग के शोलों के बीच फंसी जिंदगी



**रपटीली राह**

### सूडान के गृहयुद्ध में फंसे सैकड़ों भारतीय, खाने की कमी से जूझ रहे

सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लगातार गोलीबारी और बमबारी के बीच 100 से अधिक भारतीयों के फँसे होने का अनुमान है। इन लोगों की एक बड़ी संख्या होटल के कमरों या घरों में खाने-पीने की किल्लत से जूझ रहे हैं। राजधानी खारतूम में लड़ाई छठे दिन में प्रवेश कर गयी है और दो सौ लोग जान गंवा चुके हैं। शहर छोड़कर जाने वालों की तादाद बढ़ गई है। शहर के अधिकतर इलाकों में लोग घरों में कैद हैं जिनमें विदेशी भी हैं। भारतीय दूतावास की मानें तो पौने दो सौ भारतीय भी फंसे हुए हैं। सूडान में नागरिक सरकार को सत्ता हस्तांतरित करने की माँग को लेकर 2021 से ही संघर्ष चल रहा है। मुख्य विवाद सेना और अर्धसैनिक बल 'आरएसएफ' के विलय को लेकर है। अक्तूबर 2021 में नागरिकों और सेना की संयुक्त सरकार के तख्तापलट के बाद से ही सेना और अर्धसैनिक बल आमने-सामने हैं। सूडान की वायु सेना ने 60 लाख से अधिक आबादी वाले खार्तूम में हवाई हमले किए हैं, जिसमें नागरिकों के हताहत होने की आशंका है।

## टॉयलेट का पानी पीने को विवश

कर्नाटक की रहने वाली संजू के मुताबिक, हम उस होटल में रह रहे हैं जिसके कर्मचारी संघर्ष शुरू होते ही पाँच दिन पहले यहाँ से जा चुके हैं। हम बचे हुए ब्रेड के टुकड़े और शौचालय के नल के पानी पर जीवित हैं। फिलहाल इस एक कमरे में हम दस लोग रह रहे हैं। अल-फशीर में फँसे प्रभु एस का कहना है कि बड़ी भयावह हालात हैं। हम फिल्मों में दिखने वाली गोलीबारी और बमबारी से कहीं ज्यादा खतरनाक हालत में फँसे हैं। हम यहां ढाई दर्जन लोग हैं और कल एक दुकान थोड़ी देर के लिए खुली तो चावल और पानी मिल सका। सुबह-शाम की गोलाबारी में दोपहर ही ऐसा समय है जब थोड़ी शांति होती है। पड़ोस के पाँच मंजिला होटल में 98 लोग हैं। हमारे दूतावास के अधिकारियों ने हमसे संपर्क किया और हमें किसी भी समय बाहर जाने से मना किया है. लेकिन अब और कब तक बिना खाना-पानी के इंतजार करना है। कर्नाटक में हक्की-पिक्की जनजाति के अधिकांश लोग अपने हर्बल और आयुर्वेदिक अर्क को स्थानीय लोगों को बेचने के लिए सूडान जाते हैं। इनमें से ज्यादातर पाउडर को गैस्ट्रिक समस्याओं या सिरदर्द ठीक करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। वे बालों के लिए तेल भी बेचते हैं जो बालों को झड़ने से रोकता है। कर्नाटक ज्यादातर लोग यहां हैं और उनमें से एक का कहना है कि अपने उत्पाद बेचने यहां आया और फंस गया। हम अपने उत्पादों के साथ ज्यादातर सिंगापुर और मलेशिया जाते हैं। आपको आश्चर्य होगा कि हमारे अध्ययन के दौरान हमने पाया कि समुदाय के सभी सदस्यों के पास पासपोर्ट है और वे अधिकतर अपने परिवार के साथ यात्रा करते हैं. वे 'बागड़ी' नाम की एक भाषा बोलते हैं जिसमें आपको गुजराती के कुछ अंश मिलेंगे।

# अर्श से फर्श की ओर जाते मुकुल रॉय चाहते क्या हैं?

**यक्ष प्रश्न**

### फिर बीजेपी में जाने की है चर्चा, पुत्र का आरोप, उनकी मानसिक हालत ठीक नहीं है, उन्हें लेकर राजनीति हो रही

**कोलकाता।** शरद पवार के भतीजे अजित पवार के बीजेपी में जाने की अफवाहों के पहले ही यह खबर फैल गई है कि बंगाल में ममता बनर्जी के करीबी मुकुल रॉय ने फिर से पाला बदलने का मन बनाया है। प्रदेश के बीजेपी नेता यह मानते हैं कि रॉय ने अमित शाह से मिलने का वक्त मांगा है जबकि रॉय के बेटे का कहना है कि पिताजी की मानसिक हालत ठीक नहीं है और उन्हें राजनीति का मोहरा बनाया जा रहा है। टीएमसी छोड़कर बीजेपी में जाने की सुगबुगाहट को हवा तब मिली जब मुकुल रॉय दो दिन पहले कोलकोता से 'गायब' हो गए थे जिसको लेकर उनके पुत्र शुभ्रांशु ने पुलिस में रिपोर्ट भी लिखाई है। लेकिन मुकुल रॉय दूसरे दिन ही दिल्ली में नमूदार हुए और कहा कि वो अभी भी बीजेपी में हैं।



कभी ममता बनर्जी के बेहद करीबी समझे जाने वाले मकुल रॉय ने पश्चिम बंगाल का पिछला चुनाव बीजेपी की टिकट पर ही लड़ा और जीता था। हालांकि 2021 विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के नौ दिन बाद ही वो पुराने दल तृणमूल कांग्रेस में लौट गए थे। उन्होंने साल 2017 में बीजेपी ज्वाइन कर ली थी।

मुकुल रॉय की ताजा कलाबाजी को उनके बेटे शुभ्रांशु बीते महीने हुई सर्जरी और लोगों को पहचानने में असमर्थता का नतीजा बता रहे हैं। मगर दूसरी तरफ मुकुल रॉय कह रहे हैं कि वो पूरी तरह स्वस्थ हैं और पार्टी का काम करने को तैयार हैं। बल्कि उन्होंने तो बेटे शुभ्रांशु और परिवार के अन्य लोगों को भी बीजेपी में शामिल होने की सलाह दी है। शुभ्रांशु ने बीजेपी पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उनके पिता ऑपरेशन के बाद परिवार के लोगों को भी ठीक तरीके से पहचानने में सक्षम नहीं हैं। कभी बंगाल की राजनीति का चाणक्य कहे जानेवाले मुकुल रॉय की राजनीति ने हाल के सालों में बड़ी तेजी से कई मोड़ लिए हैं। ममता बनर्जी के साथ मिलकर टीएमसी का गठन करने वाले मुकुल रॉय एक समय बीजेपी में चले गए थे, फिर वापस टीएमसी आए, और अब खबर है कि वो बीजेपी में जाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार कहते हैं, मुकुल रॉय के पार्टी में लौटने का फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

# गंगा पुष्कर महोत्सव में जुटेंगे दक्षिण भारतीय

**तैयारी**

### पांच दिनों तक रोज होगा पंचायतन देवता का हवन, चंडी पूजा

### अंतिम दिन अस्सी घाट पर गंगा में बजड़े पर निकलेगी शोभायात्रा

### छोटा नागपुर अस्सी में 21 से चलेगा महोत्सव

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** तत्वम चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 21 से 25 अप्रैल तक अस्सी स्थित छोटानागपुर बगीचे में जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जयंती महोत्सव गंगा पुष्कर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिनी कार्यक्रम में दक्षिण भारत के कई संत महात्माओं के अलावा हजारों लोग शामिल होंगे। यह जानकारी तत्वम चेरिटेबल ट्रस्ट के फाउण्डर प्रेसिडेंट पसरलापति श्रीनिवास बंगरैया शर्मा गुरु ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि अस्सी घाट के समीप छोटा नागपुर बगीचे में इसका आयोजन होने जा रहा है। पुष्कर का मतलब 12 साल होता है। यह मेला 12 साल में आयोजित होता है। शंकर जयंती का अर्थ है मन की शुद्धि। शरीर की शुद्धि के लिए हम गंगा स्नान करते हैं। कहा कि अदि शंकराचार्य ने भारत को जोड़ने का कार्य किया है। इस इस आयोजन के माध्यम से उत्तर व दक्षिण को जोड़ना चाहते हैं। बताया कि 21 से 25 अप्रैल तक कार्यक्रम स्थल पर नित्य कर्म कांड, गणपति शतचंडी,कूद्र होम, सौर होम सुबह 7 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा। इसके साथ ही ब्रह्मश्री शंकर शर्मा, अनंत लक्ष्मी जी, श्रीनिवास बंगरैया शर्मा आदि विद्वानों का नित्य अपराह्न तीन बजे से रात्रि 8.30 बजे तक प्रवचन होगा। 25 अप्रैल को भगवान शंकराचार्य की तस्वीर को बजड़े पर रख कर अस्सी घाट से शोभायात्रा निकाली जायेगी। 26 को नारायण बलि भी होगी। तेलगु में जो भी प्रवचन होगा उसका लाइव टेलीकास्ट भी किया जायेगा। सुबह शाम रोज भंडारा भी चलेगा। पत्रकार वार्ता में रमेश गुप्ता, मलय गुप्ता आदि मौजूद थे।

## गंगा पुष्कर महोत्सव में वर्चुवल संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**संबोधन**

### 29 अप्रैल को काशी तेलुगु समिति को करेंगे संबोधित

वाराणसी। काशी में शुरू होने वाले गंगा पुष्कर मेले में श्री काशी तेलुगू समिति की ओर से समिति के अध्यक्ष जीवीएल नरसिम्हा राव सांसद राज्यसभा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुष्कर मेले में आने के लिए निमंत्रण भेजा था। जिसपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए 29 अप्रैल को गंगा पुष्कर के आए हुए भक्तों को और काशी तेलुगु समिति के सदस्यों को वचुर्वल संबोधित करनेके लिए संस्तुति दी हैं। इसके लिए राम तारक आन्ध्रा आश्रम के मैनेजिंग ट्रस्टी वीवी सुंदरु शास्त्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एवं काशी तेलुगु समिति के अध्यक्ष जीवीएल नरसिम्हा राव को धन्यवाद दिया है।

# इस बार अक्षय तृतीया पर रहेगा रोहिणी नक्षत्र का संयोग



राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** अखण्ड अनंत व अक्षय फल की प्राप्ति के लिए अक्षय तृतीया का व्रत मनाया जाता है। इस दिन से त्रेता युग का प्रारंभ हुआ था। इसी दिन परशुराम भगवान विष्णु के अंश के रूप में अवतरित हुए थे। जिसके फलस्वरूप भगवान परशुराम जयंती मनाने की भी परम्परा है। विष्णु धर्मोत्तर पुराण के मुताबिक जो व्यक्ति अक्षय तृतीया के दिन स्नान-दान जप- तप व पितृ तर्पण तथा हवन दान आदि धार्मिक कृत्य करता है उसे सभी तीर्थों का फल प्राप्त हो जाता है। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक वैशाख शुक्ल तृतीया की मान्यता अक्षय तृतीया की है। तिथि विशेष पर स्नान-दान व व्रत का विशेष विधान है। 23 अप्रैल को प्रदोष काल में तृतीया तिथि नहीं मिल रही है। फलस्वरूप परशुराम जयंती 22 अप्रैल शनिवार को प्रदोष काल में मनायी जायेगी। जबकि अक्षय तृतीया इस बार 23 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर रोहिणी नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इसे बहुत श्रेष्ठ माना जाता है।



**त्योहार**

### इस दिन कोई भी वस्तु दान करने से हो जाता है अक्षय

### पर्व पर व्रत-पर्व-दान व पुण्य होता है फलकारी

अक्षय तृतीया के दिन व्रत कर्ता को चाहिए कि प्रातःकाल ब्रह्म मुहुर्त में उठकर स्नान-ध्यान आदि करके स्वच्छ वस्त्र धारण करके अक्षय तृतीया के व्रत का संकल्प लेकर विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन करनी चाहिए। आज के दिन भगवान नर-नारायण, परशुराम, हैहयग्रीव भूलोक पर अवतरित हुए थे। उनकी महिमा में व्रत उपवास पूरा करने पर अक्षय पुण्य फल की प्राप्ति होती है। अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम को ककड़ी, नर-नारायण को भुने हुए सत्तू से बने नैवेद्य, हैहयग्रीव को चने की भीगी दाल का भोग अर्पित करना चाहिए। तत्पश्चात धूप-दप के साथ पूजा अर्चना करने का विधान है। पूजा अर्चना के बाद अक्षय पुण्य की प्राप्ति के लिए भूदेव (ब्राह्मण) को जल से भरा घट (कलश) नवीन वस्त्र, पंखा, छाता, खड़ाऊं, चावल, दही, खरबूजा, तरबूज, सत्तू, जौ-गेहूं, चना,दूध, गुड़, अन्य उपयोगी वस्तुएं दक्षिणा के साथ दान करना चाहिए। इससे अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इस दिन पीले रंग का परिधान तथा स्वर्ण आभूषण धारण करना चाहिए।



धर्मशास्त्रों में अक्षय तृतीया सनातन धर्मावलंबियों का प्रधान पर्व बताया गया है। इस दिन दान, स्नान, होम-जप आदि समस्त कर्मों का फल अक्षय होता है। मान्यता है कि पर्व विशेष पर व्रत-पर्व-दान और पुण्य फलकारी होता है। इससे ही इस व्रत को अक्षय कहा गया। अक्षय तृतीया तिथि विशेष पर किसी भी शुभ कार्य को किया जा सकता है।

### अक्षय तृतीया पर राशियों के मुताबिक क्या करें दान

| | |
|---|---|
| मेष- | ब्राह्मण को जौ-सत्तू से बने पदार्थ का दान करें। |
| वृषभ- | ऋतुफल जैसे खरबूजा, तरबूज, ककड़ी व अन्य फल, दूध, जल से भरा घड़ा। |
| मिथुन- | हरा मूंग, खीरा, ककड़ी, सत्तू व अन्य हरे रंग के पदार्थ। |
| कर्क- | साधु को जल से भरा कलश, दूध, मिश्री, छाता। |
| सिंह- | शिव मंदिर में सत्तू, जौ-गेहू के आटे से बने पदार्थ। |
| कन्या- | मंदिर में पुजारी को खीरा, तरबूज, ककड़ी का दान। |
| तुला- | श्वेत पदार्थ दूध, मिश्री, खोवे से बनी मिठाइयां |
| वृच्छिक- | जल से भरा कलश, पंखा, ताल रंग की मिठाई |
| धनु- | शिव मंदिर में चने की दाल से निर्मित पदार्थ, सत्तू, फल, बेसन से बने पदार्थ |
| मकर- | ब्राह्मण को जल से भरा घट, दूध, मिठाईयां |
| कुंभ- | गरीब को जल से भरा घट, ऋतु फल, गेहूं व सत्तू से बने पदार्थ |
| मीन- | ब्राह्मण व पुजारी को बेसन से बने पदार्थ, पीले रंग की मिठाईयां |

*विशेष- अक्षय तृतीया के दिन स्नान ध्यान के पश्चात दोपहर से पूर्व दान देना चाहिए। शिवपुराण के मुताबिक इस दिन भगवान शिव व पार्वती को मालती, मल्लिका, जवां, चंपा, कमल के पुष्पों से पूजा करने से मनुष्य के समस्त पापों का शमन होता है।*